# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : शनिवार, 8 अगस्त, 2026 | वर्ष -01 | अंक-172 | पृष्ठ-15 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### थाईलैंड : 9वीं के छात्र ने 8 लोगों की हत्या की

**बैंकॉक (एजेंसी)।** थाईलैंड के एक स्कूल में शुक्रवार को 9वीं के छात्र ने फायरिंग कर दी। इसमें 3 शिक्षक और 3 छात्रों समेत 6 की मौत हो गई, जबकि 15 लोग घायल हैं। छात्र ने खुद को भी गोली मार ली और अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई।पुलिस के मुताबिक, घटना राजधानी बैंकॉक के पास डेबसिरिन नोंथाबुरी स्कूल की है। स्कूल पहुंचने से पहले ही छात्र ने घर में दादा-दादी की हत्या कर दी थी। बाद में दोनों के शव घर से बरामद हुए।फायरिंग में इस्तेमाल की गई 9 एमएम पिस्टल छात्र के दादा की थी, जो पेशे से शिक्षक थे। फिलहाल पुलिस हमले की वजहों की जांच कर रही है।

### पूर्णिया में 65 लाख की स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**पूर्णिया।** पूर्णिया पुलिस ने स्मैक तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से 512 ग्राम स्मैक, चार मोबाइल फोन और चार हजार रुपये नेपाली मुद्रा बरामद की है। जब्त स्मैक का अनुमानित बाजार मूल्य करीब 65 लाख रुपये बताया गया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त उजले रंग की टाटा नेक्सन कार को भी अपने कब्जे में ले लिया है। सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-1 अभिनव पराशर ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी।

### वाहन की टक्कर से दो चचेरे भाइयों की मौत

**भागलपुर।** जिले के शाहकुंड थाना क्षेत्र के शाहकुंड-अमरपुर स्टेट हाईवे-85 पर किरणपुर मदरसा के समीप गुरुवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में बाइक सवार दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई। मृतकों मे किरणपुर गांव निवासी 30 वर्षीय सौरभ सुमन और 23 वर्षीय नीतीश कुमार है। दोनों चचेरे भाई एक ही बाइक पर सवार होकर वेल्थू गांव स्थित अपने एक रिश्तेदार से मिलने जा रहे थे।

### गंगा घाट पर स्नान के दौरान युवक डूबा

**बाढ़।** बाढ़ थाना क्षेत्र स्थित उमानाथ गंगा घाट पर शुक्रवार को स्नान के दौरान एक 25 वर्षीय युवक गंगा में डूब गया। घटना के बाद घाट पर अफरा-तफरी मच गई। मिली जानकारी के अनुसार अंबेडकर नगर निवासी वीरू कुमार शवदाह संस्कार में शामिल होने उमानाथ गंगा घाट गए थे। अंतिम संस्कार के बाद वह स्नान करने के लिए गंगा में उतरे। स्नान के दौरान वह अचानक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे।

# भागलपुर में बनेगा एआई और कंप्यूटर साइंस विवि : सीएम

## संत रविदास की 650वीं जंयती पर समरसता संकल्प अभियान की शुरूआत

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को ज्ञान भवन में संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जंयती वर्ष के पावन अवसर पर दीप प्रज्ज्वलित कर समरसता संकल्प अभियान की शुरूआत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये सीएम ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के विचारों और उनके बताए समरसता, सेवा एवं मानवता के मार्ग को बिहार के गांव-गांव तक पहुंचाया जाएगा। संत रविदास की जन्मभूमि की मिट्टी को जिला, प्रखंड और पंचायत स्तर तक पहुंचाया जाएगा। यदि कोई मठ, मंदिर, धार्मिक स्थल,

**'मंत्री, विधायक के बच्चे भी पढ़ें सरकारी स्कूल में', बिहार में खुलेंगे 400 नए डिग्री कॉलेज**

**9 अगस्त तक 9000 शिक्षकों की कमी पूरी होगी**

टोला या परिवार संत रविदास के गांव की मिट्टी चाहता है तो वहां भी यह मिट्टी पहुंचाने की व्यवस्था की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि करीब 650 वर्ष पहले संत रविदास ने जिस सामाजिक समरसता का संदेश दिया, वह आज भी प्रासंगिक है। उनके विचारों को समाज के विभिन्न वर्गों ने स्वीकार किया और उनके विचारों को गुरु नानक साहब के ग्रंथ में भी स्थान मिला। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार संत रविदास के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ-साथ शिक्षा, सामाजिक न्याय और विकास के क्षेत्र में भी लगातार काम करेगी। सीएम ने शिक्षा के क्षेत्र में सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि बिहार में गरीब बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए बड़ा बदलाव किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दलित समाज की बेटियों को ध्यान में रखते हुए बिहार के सभी जिलों में माता सावित्रीबाई फुले के नाम पर आवासीय छात्रावास के साथ विद्यालय खोले जा रहे हैं। सीएम ने कहा कि सरकार सभी भाषाओं और शिक्षा की व्यवस्थाओं को आबादी के अनुरूप विकसित करेगी। किशनगंज में बड़ी आबादी को देखते हुए वहां उर्दू विद्यालय खोलने की आवश्यकता है, सरकार इस दिशा में काम करेगी। उन्होंने कहा कि अगले एक-दो वर्षों में ऐसी व्यवस्था बनाने का लक्ष्य है जिससे मंत्री, विधायक और जिला पदाधिकारियों के बच्चे भी सरकारी विद्यालयों में पढ़ें। उन्होंने कहा कि बिहार के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को रात 11 बजे भी ऑनलाइन शिक्षक उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाएगी। इस व्यवस्था को 15 अगस्त से लागू करने का लक्ष्य रखा गया है। सीएम ने कहा कि अब भागलपुर में प्राचीन विक्रमशिला विश्वविद्यालय को पुनर्स्थापित किया जाएगा। इसके लिए करीब 220 एकड़ जमीन उपलब्ध कराई गई है और अगले एक वर्ष में इसे धरातल पर उतारने का काम शुरू हो जाएगा। कहा कि बेगूसराय में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के नाम पर साहित्य के क्षेत्र में विश्वविद्यालय स्थापित की जाएगी। जबकि भागलपुर में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर एआई और कंप्यूटर साइंस विश्वविद्यालय स्थापित करने का संकल्प लिया गया है।

## हर जिले में बनेंगे सावित्रीबाई फुले आवासीय छात्रावास : मुख्यमंत्री



### सीएम ने लोगों से हथकरघा उत्पादों को बढ़ावा देने की अपील

**पटना।** राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गांधी मैदान स्थित खादी मॉल जाकर बुनकरों द्वारा तैयार उत्पादों को देखा और उनसे बातचीत की। सीएम ने मिथिला पेंटिंग के कलाकारों से बातचीत करते हुए पारंपरिक लोक कला को बढ़ावा देने में सरकार की तरफ से हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री ने बुनकरों और कारीगरों के कौशल की सराहना करते हुए कहा कि इन शिल्पकारों ने बिहार की पारंपरिक लोककला को समृद्ध किया है और इसे वैश्विक पहचान दिलाई है।

### बिहार की संस्कृति, सभ्यता और लोक कला को वैश्विक पहचान दिलाना प्राथमिकता : सम्राट

**सीएम ने किया बिहार संग्रहालय स्थापना दिवस-2026 का शुभारंभ**

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को बिहार संग्रहालय स्थापना दिवस-2026 का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने बिहार संग्रहालय द्वारा प्रकाशित दो पुस्तकों का लोकार्पण किया। पटना संग्रहालय में लगायी गयी मिथिला कला पर आधारित कालजयी चित्रकला प्रदर्शनी का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन किया। सीएम ने बिहार संग्रहालय के बहुउद्देशीय सभागार में भारत के कालजयी कलाकारों तथा लोक कला पर आधारित अस्थायी प्रदर्शनी का भी फीता काटकर उद्घाटन किया। कार्यक्रम में बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री का पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया।

# सड़क एवं पुल अवसंरचना के विकास को मिलेगी नई गति



**21 हजार करोड़ के दीर्घकालिक वित्त पोषण के लिए पथ निर्माण और नाबार्ड के बीच समझौता**

**पटना (एनएसबी) ।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की उपस्थिति में लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में सड़क एवं पुल अवसंरचना के विकास हेतु 21 हजार करोड़ रुपए के दीर्घकालिक वित्त पोषण के लिए पथ निर्माण विभाग एवं राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।

विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल एवं नाबार्ड के अध्यक्ष शाजी कृष्णन वी. ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर सीएम ने कहा कि राज्य में सड़क एवं पुल अवसंरचना को मजबूत करने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। इस समझौते से विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क एवं पुल निर्माण के लिए आवश्यक वित्तीय संसाधन उपलब्ध होंगे और विकास कार्यों को गति मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में मजबूत सड़क संपर्क विकसित होने से लोगों का आवागमन सुगम होगा और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। 21 हजार करोड़ रुपए के दीर्घकालिक वित्त पोषण से सड़क एवं पुल परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए वित्तीय व्यवस्था और सुदृढ़ होगी। नाबार्ड के अध्यक्ष शाजी कृष्णन वी. ने कहा कि बिहार तेजी से विकास कर रहा है। बिहार के विकास में जिस भी प्रकार की मदद की आवश्यकता होगी, नाबार्ड सहयोग करेगा।

### मीठापुर-महुली एलिवेटेड रोड बन जाने से आवागमन होगा सुगम

**परियोजना के द्वितीय चरण के निमार्णाधीन कार्यों का किया निरीक्षण**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को मीठापुर-महुली एलिवेटेड रोड परियोजना के द्वितीय चरण के अंतर्गत चल रहे निमार्णाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने उन्हें परियोजना की प्रगति एवं अद्यतन स्थिति से अवगत कराया। अधिकारियों ने बताया कि परियोजना के दूसरे चरण के तहत मीठापुर से सिपारा तक का निर्माण अंतिम चरण में है। इसके पूरा होने पर यह एलिवेटेड रोड सीधे पटना जंक्शन (करबिगहिया) स्थित पुराने फ्लाईओवर एवं मीठापुर आरओबी गोलंबर से जुड़ जाएगा। निरीक्षण के दौरान सीएम ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि परियोजना के शेष कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के अंदर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें। इस परियोजना के पूर्ण होने से लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी।

# पटना में सड़क हादसे में युवक की मौत पर बवाल, 10 गाड़ियां फूंकीं

## ट्रैफिक पुलिस चौकी जलाई, आक्रोशित ने किया हाईवे जाम

**पटना सिटी (एनएसबी)।** पटना सिटी के अगमकुआं थाना क्षेत्र में सड़क हादसे के बाद भारी बवाल हो गया. पहाड़ी पंप हाउस के पास एक तेज रफ्तार बस ने 24 वर्षीय मनीष को कुचल दिया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मनीष पहाड़ी इलाके का रहने वाला था।



**9 थानों की फोर्स ने प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा**

घटना के बाद स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा लोगों ने एनएच-30 जाम कर दिया और जमकर हंगामा किया. गुस्साई भीड़ ने हादसे वाली बस में आग लगा दी. इसके बाद कई अन्य वाहनों को भी निशाना बनाया गया. पुलिस की तीन गाड़ियों में भी आग लगा दी गई.मौके पर पहुंचे मीडियाकर्मियों के साथ भी मारपीट की गई। कुछ पत्रकारों के कैमरे और माइक भी छीन लिए गए। इससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया. घटना की सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक, एसडीओ और कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने भीड़ को काबू करने और हालात सामान्य करने की कोशिश शुरू की। पूरे इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है. फिलहाल स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। पुलिस उपद्रव करने वालों की पहचान कर रही है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

## मुख्यमंत्री विजय की पत्नी ने तलाक की अर्जी वापस ली

**चेंगलपट्टू (तमिलनाडु) (एजेंसी) ।** तमिलनाडु के सीएम विजय की पत्नी संगीता ने चेंगलपट्टू फैमिली कोर्ट में दाखिल तलाक की अर्जी वापस ले ली है। शुक्रवार को इस केस के सुनवाई थी, इसमें वे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुई। उन्होंने जज सुजाता को अर्जी वापस लेने की जानकारी दी। जज ने करीब 15 मिनट तक उनसे पूछताछ की और फिर अर्जी स्वीकार करते हुए तलाक का केस खत्म कर दिया। संगीता ने इसी साल फरवरी 2026 में तलाक की अर्जी दायर की थी। उन्होंने विजय पर एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर का आरोप लगाया था। विजय ने इसी साल 10 मई को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री की शपथ ली थी। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, संगीता ने याचिका में कहा था कि उनके पति का एक एक्ट्रेस के साथ एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर हैं। उन्हें इस बारे में अप्रैल 2021 में पता चला। हालांकि, उन्होंने एक्ट्रेस का नाम नहीं लिया।

## संसद में विपक्ष का प्रदर्शन, दोनों सदन सोमवार तक स्थगित

**लोकसभा से MSME संशोधन बिल पास**

**नई दिल्ली (एनएसबी)।** विपक्षी सांसदों ने शुक्रवार को भी संसद परिसर में तेज बारिश के बीच राम मंदिर चढ़ावा चोरी और जंतर-मंतर प्रदर्शन में छात्रों पर लाठीचार्ज को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। वहीं, विपक्ष के हंगामे के बीच लोकसभा में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास (संशोधन) MSME विधेयक 2026 ध्वनिमत से पास हुआ। दोनों सदन सोमवार तक के लिए स्थगित कर दिए गए हैं। राज्यसभा में विपक्षी सांसदों ने अमित शाह सदन में आओ के नारे लगाए। इस पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि शाह सुबह से रात तक संसद में ही रहते हैं। उन्होंने लोकसभा में कहा कि अमित शाह का नाम सुनते ही आतंकी कांप उठते हैं। इसी बीच कांग्रेस ने अपने सभी सांसदों को 10 से 12 अगस्त तक संसद में मौजूद रहने के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी किया है।






## सहरसा के डीपीओ अजीत अमर के चार ठिकानों पर ईओ की छापेमारी

**सहरसा (एनएसबी)।** आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में सहरसा के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (DPO) अजीत अमर के खिलाफ आर्थिक अपराध इकाई (ईओ) ने मामला दर्ज किया है। इसके बाद टीम ने उनके चार ठिकानों पर छापेमारी शुरू कर दी है। जांच में सामने आया है कि अजीत अमर ने अपनी ज्ञात आय से करीब 72.35 फीसदी अधिक संपत्ति बनाई है. इसकी कीमत लगभग 62.20 लाख रुपये बताई जा रही है. शुरूआती जांच में इसके साक्ष्य मिलने के बाद एडव ने यह कार्रवाई की। अजीत अमर पहले छपरा में भी डीपीओ के पद पर रह चुके हैं। इसी वजह से आर्थिक अपराध इकाई की टीम छपरा भी पहुंची है. यहां गंडक कॉलोनी स्थित उनके सरकारी आवास पर छापेमारी की जा रही है। फिलहाल छापेमारी जारी है. आर्थिक अपराध इकाई की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है. अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद आगे की जानकारी दी जाएगी.सीवान में आर्थिक अपराध इकाई (EOU) की टीम ने सहरसा के डीपीओ अजीत अमर के पैतृक घर पर छापेमारी के लिए पहुंची. उनका पैतृक घर रैनी गांव में है। जब टीम वहां पहुंची तो घर पर ताला लगा मिला। घर में कोई मौजूद नहीं था।



**आय से ज्यादा संपत्ति का आरोप**

## पीएम की एनडीए के 45 नए सांसदों के साथ की बैठक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम मोदी ने एनडीए के 45 नए लोकसभा सांसदों के साथ शुक्रवार को पीएम आवास पर ब्रेकफास्ट मीटिंग की। इनमें टीएमसी और उद्धव गुट के बागी सांसद भी थे। ममता की पार्टी टीएमसी का साथ छोड़कर 20 बागी सांसद नेशनल सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) में शामिल हो गए थे। वहीं शिवसेना (उद्धव गुट) के 6 सासंद भी शिंदे गुट के साथ आ चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पीएम ने इन सांसदों से कहा कि एनडीए एक परिवार है। हम सहयोगी दलों के साथ हैं। हर व्यक्ति का सम्मान किया जाएगा। मैं एनडीए के हर सांसद के साथ खड़ा हूं। आपको किसी के बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है।



## 40 साल बाद बोफोर्स केस बंद SC में आखिरी याचिका खारिज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** करीब 40 साल पुराने बोफोर्स घोटाले पर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को आखिरी याचिका भी खारिज कर दी। इसके साथ ही अब यह मामला पूरी तरह खत्म हो गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अब इस केस में आगे सुनवाई की जरूरत नहीं है। कोर्ट ने 2005 के दिल्ली हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती देने वाली अपील भी सुनने से मना कर दिया, जिसमें हिंदुजा ब्रदर्स और बोफोर्स कंपनी को बरी कर दिया गया था।



**घोटाले के आरोप से राजीव गांधी 1989 का चुनाव हारे थे**

**क्या था बोफोर्स घोटाला :** यह मामला 1986 में भारत सरकार और स्वीडन की कंपनी एबी बोफोर्स के बीच हुई 1,437 करोड़ रुपए की तोप खरीद डील से जुड़ा है। 1987 में खुलासा हुआ कि इस सौदे को हासिल करने के लिए कथित रूप से कमीशन (रिश्वत) दिया गया। घोटाले के आरोप से राजीव गांधी 1989 का चुनाव हार गए थे। इसके बाद यह मामला देश के सबसे बड़े राजनीतिक घोटालों में शामिल हो गया।

# 9 प्रमंडलों में भूमि-अर्जन प्राधिकरणों को मिले नए पीठासीन पदाधिकारी

दैनिक नवसंदेश

**पटना।** भूमि-अर्जन, पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन से जुड़े मामलों के त्वरित एवं प्रभावी निपटारे के लिए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने राज्य के प्रमंडलीय मुख्यालयों में संचालित भूमि-अर्जन, पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन प्राधिकरणों के लिए नए पीठासीन पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। विभाग के मंत्री, डा. दिलीप कुमार जायसवाल ने बताया कि इस संबंध में विभाग द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है।



राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री डा. दिलीप कुमार जायसवाल व अन्य।

राज्य के नौ प्रमंडलीय मुख्यालयों पटना, मुजफ्फरपुर, सारण, दरभंगा, भागलपुर, मुंगेर, पूर्णिया, गया और कोशी (सहरसा) स्थित प्राधिकरणों में सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीशों तथा अन्य न्यायिक अधिकारियों को पीठासीन पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित किया गया है।

नियुक्त अधिकारियों में अली अहमद सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, खगड़िया को मुजफ्फरपुर प्रमंडल, सम्पूर्णानंद तिवारी सेवानिवृत्त अध्यक्ष राज्य परिवहन अपीलीय प्राधिकार, पटना को सारण प्रमंडल, देवराज त्रिपाठी सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश,पू चंपारण को दरभंगा प्रमंडल, विजय आनंद तिवारी सेवानिवृत्त प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वैशाली को भागलपुर प्रमंडल, विनोद कुमार तिवारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दरभंगा को गया प्रमंडल, राकेश मालवीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, गोपालगंज को मुंगेर प्रमंडल, राधे श्याम शुक्ला प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कैमूर को पूर्णिया प्रमंडल, हसमुद्दीन अंसारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, नालंदा को कोशी-सहरसा प्रमंडल और हेमंत कुमार त्रिपाठी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कटिहार को पटना प्रमंडल मे भूमि-अर्जन, पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन प्राधिकार मे पीठासीन पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित किया गया है ।

**भूमि-अर्जन मामलों का होगा त्वरित निस्तारण, प्रभावितों को समय पर मिलेगा न्याय : डा. दिलीप कुमार जायसवाल**

**तीन वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक रहेगा कार्यकाल, सात दिनों में योगदान का निर्देश**

मंत्री ने बताया कि सभी पीठासीन पदाधिकारियों का कार्यकाल पदभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष अथवा 65 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक, जो भी पहले हो, रहेगा। सभी अधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्राप्त होने के सात दिनों के भीतर संबंधित कार्यालय में योगदान देने का निर्देश दिया गया है।

उन्होंने कहा कि इन पीठासीन पदाधिकारियों को भूमि-अर्जन, पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन से जुड़े विवादों की सुनवाई, मुआवजा संबंधी मामलों के निस्तारण तथा अधिनियम के तहत संदर्भित मामलों पर निर्णय देने की शक्तियां प्राप्त होंगी। इस नियुक्ति से भूमि-अर्जन मामलों के निष्पादन में तेजी आएगी और प्रभावित लोगों को समयबद्ध न्याय सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

## जुलाई में अवैध शराब के खिलाफ 1.21 लाख से अधिक छापेमारी, 6.94 लाख लीटर शराब जब्त

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राज्य में लागू पूर्ण शराबबंदी नीति का प्रभावी क्रियान्वयन जारी है। मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग पुलिस के सहयोग से राज्यव्यापी अभियान चला रहा है। निरंतर निगरानी और त्वरित कार्रवाई के परिणामस्वरूप बीते जुलाई माह (1 से 31 जुलाई) में अवैध शराब के खिलाफ कुल 1,21,199 छापेमारी की गईं है। इन छापों में 11,586 मामले दर्ज किए गए तथा 13 हजार से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

अभियान के दौरान 6,94,355 लीटर शराब जब्त की गई, जिसमें देसी और विदेशी दोनों प्रकार की शराब शामिल हैं। साथ ही एक हजार से अधिक वाहनों को भी जब्त किया गया। इनमें 809 दोपहिया एवं अन्य तिपहिया, चारपहिया वाहन, ट्रक भी शामिल हैं।

अवैध शराब के निर्माण, बिक्री, परिवहन और भंडारण पर अंकुश लगाने के लिए कार्रवाई को और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है। विभाग ने शिकायतों के त्वरित निष्पादन, नियमित छापेमारी और सतत निगरानी पर विशेष जोर दिया है।

**खबरें** | **खास-खास**

## पुलिस अधीक्षक सहित अन्य पदाधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए अविलम्ब कार्रवाई की मांग की

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के नेतृत्व में राजद नेताओं ने पुलिस महानिदेशक विनय कुमार से मिलकर पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पत्र सौंपा है। पेपरलीक के विरुद्ध छात्रों के लोकतांत्रिक प्रदर्शन पर बिहार पुलिस द्वारा एके 47 जैसे घातक हथियारों से की गयी गोलीबारी एवं बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज के विरुद्ध पुलिस महानिदेशक से मिलकर संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक सहित अन्य उच्च पदाधिकारियों के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज करते हुए अविलम्ब कार्रवाई की मांग की। राजद ने जिन मांगों के साथ डीजीपी को ज्ञापन सौंपा उसमें बिहार पुलिस ने छात्रों पर एके-47 से गोलियां क्यों चलाई। ट्रिगर हैप्पी बिहार पुलिस के द्वारा निशाना लेकर बच्चों पर शूट टू किल की सोच के साथ गोलियां बरसाई जो अत्यंत दुखद और अलोकतांत्रिक है। बिहार पुलिस ने भीड़ नियंत्रण के 'ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान' प्रोटोकल के एसपीओ का पालन क्यों नहीं किया। फायरिंग का आदेश देने वाले वरीय पुलिस अधिकारियों के खिलाफ अब तक कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं हुई। छात्र आंदोलन के दौरान पुलिस द्वारा की गई बर्बरतापूर्ण कार्रवाई की न्यायिक जाँच करायी जाए। साथ ही बिहार की बदहाल विधि व्यवस्था को दुरुस्त कर, पुलिस प्रशासन की मनमानी पर अंकुश लगाया जाए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएं।राजद ने कहा है कि अगर बिहार सरकार छात्रों पर गोलियां बरसाने वाले मनबढ़ पुलिस अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई नहीं करती है तो विपक्ष का विरोध प्रदर्शन होगा।



नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के नेतृत्व में राजद नेताओं ने पुलिस महानिदेशक विनय कुमार से मिलकर पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पत्र सौंपा ।

## खबरें : एक नजर में

## ग्रामीण क्षेत्र तेजी से ले रहे शहरी स्वरूप, समेकित विकास पर जोर : विकास आयुक्त

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पाटलिपुत्र ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप की प्रारूप विकास योजना2047 पर विचार-विमर्श करने के लिए नगर विकास एवं आवास विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार को ताज होटल में उच्चस्तरीय अंतर-विभागीय हितधारक परामर्श बैठक आयोजित हुई। अध्यक्षता विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह ने की। बैठक को संबोधित करते हुए विकास आयुक्त ने कहा कि शहरीकरण की वर्तमान प्रक्रिया में ग्रामीण क्षेत्र तेजी से शहरी स्वरूप ग्रहण कर रहे हैं, लेकिन कई स्थानों पर आवश्यक शहरी सुविधाओं और सुनियोजित आधारभूत संरचना का समानांतर विकास नहीं हो पा रहा है।

विकास आयुक्त ने कहा कि प्रस्तावित टाउनशिप के विकास की योजना तैयार करते समय इसे केवल एक आवासीय परियोजना के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। निवास, रोजगार, वाणिज्य, शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, हरित क्षेत्र और अन्य नागरिक सुविधाओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना आवश्यक होगा, ताकि भविष्य में लोगों को बुनियादी सेवाओं के लिए लंबी दूरी तय न करनी पड़े।

वहीं नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार ने पाटलिपुत्र ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप की प्रारूप विकास योजना 2047 की विस्तृत प्रस्तुति देते हुए राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय नियोजन परिप्रेक्ष्य, क्षेत्रीय नियोजन ढांचा, वर्तमान स्थिति का विश्लेषण, टाउनशिप के विजन, विकास उद्देश्यों एवं नियोजन सिद्धांतों, स्थानिक (स्पेशियल) विकास रणनीति तथा प्रस्तावित भूमि उपयोग योजना पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके साथ ही सामाजिक आधारभूत संरचना, गतिशीलता एवं ट्रांजिट-उन्मुख विकास (टीओडी), आर्थिक विकास रणनीति, पर्यावरण संरक्षण, ब्लू-ग्रीन अवसंरचना एवं जलवायु अनुकूल विकास, डिजिटल अवसंरचना एवं स्मार्ट शहरी प्रणालियों, चरणबद्ध कार्यान्वयन एवं निवेश रणनीति तथा विकास नियंत्रण विनियम एवं शहरी डिजाइन दिशानिर्देशों पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक का उद्देश्य पाटलिपुत्र ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप की प्रारूप विकास योजना2047 के विभिन्न पहलुओं पर सभी संबंधित विभागों के सुझाव प्राप्त करना था। बैठक में विभिन्न विभागों के वरीय अधिकारियों ने अपने सुझाव भी साझा किए।

इस अवसर पर योजना एवं विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव डा. एन् विजयलक्ष्मी, ग्रामीण विकास विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार, कृषि विभाग के प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल सहित बिहार शहरी आयोजना एवं विकास बोर्ड के सभी सदस्य और संबंधित विभागों के वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## संत रविदास के समरसता, सेवा और मानवता के संदेश को गांव-गांव तक पहुंचाएगी सरकार, सभी जिलों में सावित्रीबाई फुले के नाम पर खुल रहा है आवासीय विद्यालय : मुख्यमंत्री

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने ज्ञान भवन, पटना में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जंयती वर्ष के पावन अवसर पर दीप प्रज्ज्वलित कर समरसता संकल्प अभियान की शुरुआत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के विचारों और उनके बताए समरसता, सेवा एवं मानवता के मार्ग को बिहार के गांव-गांव तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि संत रविदास के विचार समाज को जोड़ने वाले हैं और बिहार सरकार उनके संदेश को समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए काम करेगी। संत रविदास जी की जन्मभूमि की मिट्टी को जिला, प्रखंड और पंचायत स्तर तक पहुंचाया जाएगा। यदि कोई मठ, मंदिर, धार्मिक स्थल, टोला या परिवार संत रविदास जी के गांव की मिट्टी चाहता है तो वहां भी यह मिट्टी पहुंचाने की व्यवस्था की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि संत रविदास जी समरसता, मानवता और सेवा के प्रतीक हैं। करीब 650 वर्ष पहले उन्होंने जिस सामाजिक समरसता का संदेश दिया, वह आज भी प्रासंगिक है। संत रविदास जी के विचारों को समाज के विभिन्न वर्गो ने स्वीकार किया और उनके विचारों को गुरु नानक साहब के ग्रंथ में भी स्थान मिला। उन्होंने कहा कि समाज का निर्माण किसी एक वर्ग के प्रयास से नहीं हुआ है। गुरु रामानंद जैसे संतों के योगदान को भी याद करना होगा। अगड़ा-पिछड़ा, दलित या अन्य वर्गो के बीच भेदभाव पैदा करने के बजाय सभी को साथ लेकर चलना ही संतों की परंपरा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संत रविदास जी का जीवन कठिनाइयों के बावजूद समाज को जोड़ने और मानवता का संदेश देने वाला रहा।

## लिफ्ट में पहले चढ़ने को लेकर पीएमसीएच में मरीजों के परिजनों के बीच मारपीट, पुलिस ने दो अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज की प्राथमिकी

**पटना / एनएसबी।** पीएमसीएच नई इमारत में शुक्रवार को लिफ्ट में पहले प्रवेश करने को लेकर मरीजों के परिजनों के बीच शुरू हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार करीब 20 मिनट तक दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट होती रही, जिसमें लात-घूंसों के साथ बेल्ट का भी इस्तेमाल किया गया। घटना के कारण वहां मौजूद मरीजों और उनके परिजनों में भय और अफरा-तफरी का वातावरण बन गया। जानकारी के अनुसार नई इमारत में बड़ी संख्या में मरीजों और उनके परिजन लिफ्ट का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान इसी दौरान पहले लिफ्ट में प्रवेश करने को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। शुरुआत में मामला केवल बहस तक सीमित था, लेकिन कुछ ही मिनटों में दोनों पक्ष आक्रामक हो गए और विवाद हाथापाई में बदल गया। देखते ही देखते दोनों ओर से लोग एक-दूसरे पर हमला करने लगे, जिससे अस्पताल परिसर में हंगामा मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विवाद बढ़ने के बाद दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। कई लोग एक-दूसरे पर लात-घूंसों से हमला करते दिखाई दिए, जबकि कुछ लोगों ने बेल्ट निकालकर भी मारपीट की। अचानक हुई इस घटना से लिफ्ट के बाहर खड़े मरीजों के परिजन घबरा गए और अपनी सुरक्षा के लिए इधर-उधर भागने लगे। कुछ देर के लिए अस्पताल की नई इमारत में अव्यवस्था जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल परिसर में तैनात शीर्ष परिचालन प्रभारी और सुरक्षा कर्मी तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने दोनों पक्षों को अलग किया और स्थिति को नियंत्रित किया।

# एक माह के भीतर होगा हर आवेदन का निपटारा : शिक्षा मंत्री

**समय सीमा का पालन नहीं करने वाले अधिकारियों-कर्मियों पर होगी कार्रवाई**

दैनिक नवसंदेश

**पटना/ गोपालगंज।** शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि शिक्षकों, कर्मियों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों की समस्याओं का समय पर समाधान करना सरकार की प्राथमिकता है। अब शिक्षा विभाग में किसी भी आवेदन का निपटारा अधिकतम एक माह के भीतर किया जाएगा। समय सीमा का पालन नहीं करने वाले अधिकारियों और कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई होगी। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



गोपालगंज जिला शिक्षा कार्यालय में सिंगल विंडो सिस्टम का शिक्षा मंत्री ने किया उद्घाटन।

श्री तिवारी शुक्रवार को गोपालगंज जिला शिक्षा कार्यालय में सिंगल विंडो सिस्टम का उद्घाटन करने के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि अब लोगों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। सभी आवेदन एक ही काउंटर पर स्वीकार किए जाएंगे। हर आवेदन की नियमित निगरानी होगी। इससे शिकायतों का त्वरित और पारदर्शी समाधान होगा।

कार्यक्रम में सदर विधायक सुभाष सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप गिरि के अलावा शिक्षा विभाग के अधिकारी, प्रधानाध्यापक, शिक्षक तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## हर जिले में स्थापित होंगे 'आशा घर'

**आशा कार्यकर्ताओं को मिलेगा सुरक्षित प्रशिक्षण एवं आवासीय परिसर**

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** स्वास्थ्य विभाग ने राज्य की आशा कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण, बैठक, विश्राम एवं सामुदायिक गतिविधियों के लिए आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में राज्य के सभी जिलों में चरणबद्ध तरीके से आशा घर चिन्हित किए जाएंगे। इसके लिए राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार द्वारा सभी सिविल सर्जन-सह-सदस्य सचिवों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

इस योजना के तहत प्रत्येक जिले में जिला अस्पताल , अनुमंडल अस्पताल तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में चिन्हित 'आशा घर' के लिए 2 लाख रुपये की राशि सभी जिले को कर्णांकित की गयी है। उक्त आलोक में राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा निदेश दिया गया है कि 31 अगस्त 2026 तक 'आशा घर' संचालित कर सूचित किया जाये साथ ही संचालित 'आशा घर' का फोटो भी उपलब्ध कराया जाये।

आशा घर महिला हितैषी एवं सुविधाजनक होगा। प्रत्येक आशा घर में कम से कम 6 बेड की व्यवस्था, सुरक्षित एवं पर्याप्त बैठक कक्ष, स्टील अलमारी (कपबोर्ड), टेबल, कुर्सियां एवं रैक, लकिंग व्यवस्था, ट्यूबलाइट एवं पंखे, इलेक्ट्रिक केतली, सफाई के लिए डस्टबिन, संलग्न शौचालय एवं ।नघर तथा अन्य आवश्यक उपयोगी सामग्री उपलब्ध कराई जाएंगी। इन सुविधाओं से आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण के दौरान सुरक्षित, सम्मानजनक एवं सुविधाजनक वातावरण प्राप्त होगा।

स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने कहा कि आशा कार्यकर्ता राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, परिवार नियोजन, गैर-संचारी रोगों की जांच, पोषण, संक्रामक रोग नियंत्रण तथा विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। आशा घर की स्थापना से उनकी कार्यक्षमता, प्रशिक्षण की गुणवत्ता तथा सामुदायिक सहभागिता को और अधिक मजबूती मिलेगी।

## नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन पर 9-10 अगस्त को पटना में होगा मंथन

**राज्यस्तरीय कार्यशाला सह चिंतन शिविर में 400 से अधिक अधिकारी होंगे शामिल**

**कार्यशाला के दौरान आधुनिक सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) और एआई आधारित तकनीकों की मिलेगी जानकारी**

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन कराने के लिए 9 और 10 अगस्त को राज्य स्तरीय दो दिवसीय कार्यशाला सह चिंतन शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रखंड और जिला स्तर से लेकर राज्य स्तर पर तैनात शिक्षा विभाग के करीब 400 से अधिक अधिकारी शामिल होंगे। इस दो दिवसीय चिंतन शिविर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, स्मार्ट क्लास, ई-शिक्षा कोष एवं एचआरएमएस का एकीकरण, शिक्षक स्थानांतरण नियमावली, आईआईटी आधारित प्रयोगशालाएं, डिजिटल नवाचार, सौर ऊ र्जा, विद्यालयों में इंटरनेट सुविधा, व्यावसायिक शिक्षा, स्वास्थ्य जांच, पोषण और स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा होगी।



शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ।

इस शिविर का मुख्य उद्देश्य शिक्षा प्रणाली में किए जा रहे नीतिगत बदलावों को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए शैक्षणिक प्रशासकों और पदाधिकारियों का क्षमता निर्माण करने और विकसित भारत के विजन को संवेदीकरण शिक्षा विभाग से जुड़े क्षेत्रीय एवं जिला स्तरीय प्रशासकों को 2047 के राष्ट्रीय लक्ष्य और उसमें बिहार की रणनीतिक भूमिका से अवगत कराना है। इसके साथ ही नई शिक्षा नीति के प्रमुख घटकों (जैसे- गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, समता, समावेशिता और डिजिटल साक्षरता) को राज्य की शैक्षणिक नीतियों के साथ जोड़ना है।

# बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने पर जोर

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** भाजपा वाणिज्य प्रकोष्ठ की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय स्थित कैलाशपति मिश्र सभागार में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश एवं जिला स्तर के सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। वहीं बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी भी शामिल हुए और प्रकोष्ठ के नेताओं को जिला से लेकर प्रखंड स्तर पर संगठन को मजबूत करने पर बल दिया।

उन्होंने भाजपा की ओर से आयोजित तिरंगा यात्रा में बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की। साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार तथा भाजपा के कार्यक्रमों, नीतियों एवं जनकल्याणकारी कार्यो को जन-जन तक पहुंचाने में वाणिज्य प्रकोष्ठ की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करने पर जोर दिया।



वाणिज्य प्रकोष्ठ की संगठनात्मक बैठक ।

वहीं बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संयोजक प्रो. (डा.) जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता ने कहा कि वाणिज्य प्रकोष्ठ का लक्ष्य संगठन को जिला से लेकर बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाना है। व्यापारी, उद्यमी एवं व्यावसायिक वर्ग को संगठन से जोड़ते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा पार्टी के कार्यक्रमों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए हम सभी को पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करना होगा।

प्रदेश सह-संयोजक अमृतेष कुमार गुप्ता ने कहा कि संगठन की वास्तविक शक्ति उसके सक्रिय कार्यकर्ता हैं। हमारा प्रयास प्रत्येक जिले में वाणिज्य प्रकोष्ठ की मजबूत टीम तैयार करने और बूथ स्तर तक कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने का है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा बिहार सरकार द्वारा किए जा रहे विकास एवं जनकल्याण के कार्यो को जन-जन तक पहुँचाने में वाणिज्य प्रकोष्ठ अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

वहीं मुख्य प्रवक्ता नरेश महतो और मन की बात के प्रभारी नीरज गौतम ने कहा कि संगठन और जनता के बीच निरंतर संवाद हमारी प्राथमिकता है। वाणिज्य प्रकोष्ठ व्यापारियों, उद्यमियों और आम नागरिकों के बीच पार्टी की नीतियों एवं सरकार की उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से पहुँचाने के साथ संगठन को जमीनी स्तर पर और सुढ़ करने के लिए निरंतर कार्य करेगा।

बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने, जिलों में कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने, अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने तथा आगामी कार्यक्रमों में व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करने को लेकर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

इस अवसर पर वाणिज्य प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक दिलीप कुमार गुप्ता, राजीव कुमार सिंह, इंद्रभान सिंह, सुशील कुमार सिंह, अजय गुप्ता, कोषाध्यक्ष प्रिंस कुमार गुप्ता, चितरंजन महतो, देवेंद्र कुमार गुप्ता, राकेश कुमार गुप्ता, नागेंद्र साह एवं ओमप्रकाश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में प्रदेश एवं जिला स्तर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर बिहार के बुनकरों को बड़ी सौगात कार्यशील पूंजी एवं बिजली अनुदान के लिए सहायता स्वीकृत

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** 12वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर आज बिहार में हस्तकरघा एवं रेशम निदेशालय, उद्योग विभाग द्वारा राज्यभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह दिवस हथकरघा उद्योग के महत्व तथा इससे जुड़े बुनकरों के योगदान को रेखांकित करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना स्थित खादी मॉल का भ्रमण किया तथा वहाँ प्रदर्शित हस्तकरघा उत्पादों एवं बुनकरों के कार्यो का अवलोकन किया। उनकी उपस्थिति ने राज्य के हथकरघा एवं बुनकर समुदाय के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाया। इस अवसर पर बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह निदेशक, हस्तकरघा एवं रेशम, विद्यानंद सिंह तथा पटना के जिलाधिकारी कुन्दन कुमार भी उपस्थित रहे।मुख्यमंत्री ने कहा कि खादी और हस्तकरघा केवल वस्त्र नहीं, बल्कि भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, आत्मनिर्भरता तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सशक्त आधार हैं। इनके संवर्धन से स्थानीय बुनकरों, कारीगरों एवं ग्रामीण उद्यमियों को रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे तथा बिहार की पारंपरिक कला एवं शिल्प को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी। इस अवसर को और सार्थक बनाते हुए विभाग ने दो योजना के अंतर्गत बुनकरों को सहायता प्रदान की गयी है । यूआईडी उत्कीर्ण हस्तकरघा लूम धारक बुनकरों को कार्यशील पूँजी के रूप में 15,000 प्रति बुनकर की दर से सहायता उपलब्ध कराने हेतु 1,00,65,000 की राशि स्वीकृत की गई है। साथ ही, विद्युत करघा बुनकरों को वस्त्र उत्पादन में हुई बिजली खपत पर 3.00 प्रति यूनिट की दर से अनुदान देने की योजना के तहत 262.35 लाख की राशि दी गई, जिससे राज्य के लगभग 29,000 विद्युतकरघा बुनकर लाभान्वित होंगे, जो मुख्य रूप से गया, भागलपुर, बांका, नालन्दा, पटना एवं पश्चिम चम्पारण जिलों में कार्यरत हैं। ये स्वीकृतियाँ बुनकरों की आर्थिक सुदृढ़ता की दिशा में सरकार के सतत प्रयासों का हिस्सा हैं। राज्य के विभिन्न जिलों में भी हथकरघा दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जिसमें पटना स्थित उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान में आयोजित कार्यक्रम विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। इन आयोजनों में बुनकरों, कारीगरों एवं हस्तकरघा क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों ने भाग लिया।



मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना स्थित खादी मॉल का भ्रमण किया तथा वहाँ प्रदर्शित हस्तकरघा उत्पादों एवं बुनकरों के कार्यो का अवलोकन किया।

## ज्योतिष शास्त्र के विद्वान आचार्य राकेश झा को मिला अंतर्राष्ट्रीय युवा सम्मान

**फलित ज्योतिष से सटीक कुंडली विश्लेषण करने पर मिला सम्मान**

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार टॉक के छठे संस्करण में इवेंटजिक मीडिया द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय युवा सम्मान समारोह में बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव एवं सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक और दीघा विधायक डा. संजीव चौरसिया ने संयुक्त रूप से ज्योतिष शास्त्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सूबे के प्रमुख युवा ज्योतिषी आचार्य राकेश झा को अंतर्राष्ट्रीय युवा सम्मान से सम्मानित किया । फलित ज्योतिष से आम और खास को सटीक कुंडली विश्लेषण करने पर इन्हे यह सम्मान दिया गया सम्मान स्वरूप प्रतीक चिन्ह भेट किया गया।आयोजनकर्त्ता के मुताबिक यह सम्मान समाज और राष्ट्र के लिए पूरी तरह से समर्पित रहने वाले महानुभावों को दिया जाता है । जिसमें ज्योतिषाचार्य राकेश झा का नाम प्रमुख है । इनके ज्योतिषीय ज्ञान केवल राष्ट्रहित ही नहीं अपितु भारतीय ज्योतिष ज्ञान परंपरा को इस आधुनिक युग में भी पत्रिकाओं एवं दूरसंचार के माध्यम से वैश्विक मंचों पर स्थापित करने में भी अहम योगदान है । सम्मान मिलने पर आचार्य राकेश झा ने इसे अपने माता-पिता समेत पुरे परिवार को समर्पित करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें ज्योतिष शास्त्र के माध्यम से आम और खास सभी के लिए और अधिक समर्पण तथा जिम्मेदारी से कार्य करने की प्रेरणा देता है। दरभंगा के संस्कृत विश्वविद्यालय से फलित ज्योतिष एवं वास्तु शास्त्र की शिक्षा लेने के बाद आचार्य राकेश झा वर्तमान में देश के सभी प्रमुख राज्यों तथा पड़ोसी देश नेपाल में भी ज्योतिषीय परामर्श, वास्तु परीक्षण, कुंडली विश्लेषण, समाजिक परामर्श व शैक्षणिक मार्गदर्शन के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे है। इस उपलब्धि पर ईवेंटिक मीडिया के प्रमुख चंदन राज, समाजसेवी किसलय किशोर, ऋचा झा, डा. राजेश रंजन, डा. अमृता सिन्हा, कामिनी झा समेत दर्जनों लोगो ने बधाई दिया तथा इसे ज्योतिष शास्त्र की प्राचीन विद्या परंपरा और बिहार की बैद्धिक धरोहर के लिए गौरव का विषय बताया।



सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव एवं सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक और दीघा विधायक डा. संजीव चौरसिया ने संयुक्त रूप से ज्योतिष शास्त्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सूबे के प्रमुख युवा ज्योतिषी आचार्य राकेश झा को अंतर्राष्ट्रीय युवा सम्मान से सम्मानित किया ।

## संक्षिप्त खबरें

### दिव्यांगजनों के बीच कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण वितरित

**तारडीह(एनएसबी)।** प्रखंड के पंचायत सरकार भवन पोखरभिंडा में शुक्रवार को भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, जयपुर नई दिल्ली शाखा की ओर से दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 90 दिव्यांगजन पहुंचे। मौके पर ऑन-द-स्पॉट जांच के बाद पात्र दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकता के अनुसार कृत्रिम अंग एवं विभिन्न सहायक उपकरण उपलब्ध कराए गए।



शिविर में कृत्रिम पैर (जयपुर फुट), कृत्रिम हाथ, कैलिपर्स, बैसाखी, वॉकर, रोलाटर, वॉकिंग स्टिक, दृष्टिबाधितों के लिए छड़ी, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र समेत अन्य आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। उपकरण मिलने के बाद दिव्यांग महिला-पुरुषों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। लाभुकों ने इस पहल के लिए आयोजकों के प्रति आभार जताया।शिविर में डॉ. वीरेंद्र कुमार शर्मा, डॉ. संजय कुमार, डॉ. शेखर कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### पोस्तापुर में धूमधाम से मनाया जाएगा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**पूजा समिति का हुआ गठन**

**दरभंगा(एनएसबी)।**केवटी प्रखंड के पोस्तापुर गांव में इस वर्ष भी भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा। इसको लेकर नवयुवक कन्हैया पूजा समिति के द्वारा मंगलवार को राम जानकी मंदिर प्रांगण में ग्रामवासियों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी नीलमणि कुमार यादव ने की। बैठक में गांव के सभी वर्गों के लोग उपस्थित थे।बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जन्माष्टमी का पर्व बड़े हर्षोल्लास, धूमधाम और भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कई प्रस्ताव भी पारित किए गए। उत्सव के सफल संचालन और बेहतर व्यवस्था के लिए नई पूजा समिति का गठन किया गया।



**नवनियुक्त पदाधिकारी**

अध्यक्ष मनीष कुमार यादव ,सचिव मुकेश कुमार यादव
अन्य सदस्य गांव के कई गणमान्य लोगों को भी समिति में शामिल किया गयानवनियुक्त अध्यक्ष मनीष कुमार यादव ने कहा कि समिति पूरे गांव के सहयोग से इस बार जन्मोत्सव को ऐतिहासिक बनाने का प्रयास करेगी। इसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा।

### रैयाम चीनी मिल परिसर में किसानों के साथ बैठक आयोजित

**दरभंगा(एनएसबी)।** अजित कुमार प्रसाद, सहायक निदेशक ईख विकास दरभंगा की अध्यक्षता में रैयाम चीनी मिल परिसर में किसानों के साथ बैठक आयोजित की गई।बैठक में गन्ना क्षेत्र विस्तार से संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई,साथ ही गन्ना पंजीकरण, सहकारिता पंजीकरण, बीज के आवेदन



ऑनलाइन के माध्यम से विभागीय पोर्टल पर करने से संबंधित जानकारी दी गई । सहायक निदेशक द्वारा गन्ना क्षेत्र विकास पर विशेष ध्यान देते हुआ बताया गया कि इस वितीय वर्ष रैयम चीनी मिल क्षेत्र के लिए 1900 एकड़ का लक्ष्य प्राप्त है जिसमें मिल से 08 से 09 कि०मी० परिसीमा के अंदर आने वाले इच्छुक किसानों को क्षेत्र विस्तार योजना अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण उत्तम प्रभेद का बीज निशुल्क, विभाग द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।आगामी सोमवार से चीनी मिल परिसर में नियमित शिविर लगायी जाएगी,जिसमें किसान आवेदन एवं अन्य जानकारी प्राप्त कर पायेंगे।इस शिविर कार्यक्रम में विभागीय पदाधिकारी /कर्मी, स्थानीय किसान एवं माननीय जनप्रनिधिगण उपस्थित रहे।

### स्थानांतरण पर अवर सचिवों को दी गई भावभीनी विदाई

**दरभंगा(एनएसबी)।** बिहार सचिवालय सेवा के दो अधिकारियों के स्थानांतरण के उपलक्ष्य में आयुक्त कार्यालय, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा में विदाई-सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।समारोह की अध्यक्षता मनोज कुमार, संयुक्त आयुक्त सह-सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा ने की। इस अवसर पर बिहार सचिवालय सेवा के नवनीत कुमार दुबे, जिनका स्थानांतरण गन्ना उद्योग विभाग, बिहार सरकार में अवर सचिव के पद पर तथा अनिल कुमार जिनका स्थानांतरण ऊर्जा विभाग, बिहार सरकार में अवर सचिव के पद पर हुआ है, को अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य एवं सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएँ दी गईं।

### देवस्थान में पेड़ों की कटाई रोकने के लिए ग्रामीणों ने डीएम से लगाई गुहार

दरभंगा(एनएसबी)।जिले के सिंहवाड़ा नगर पंचायत क्षेत्र के लालपुर गांव स्थित ब्रह्मस्थान में हरे भरे एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से लगाए गए पेड़ों की कटाई का विरोध तेज हो गया है। नगर पंचायत क्षेत्र के लोगों ने जिलाधिकारी, दरभंगा को आवेदन देकर देवस्थान पर हो रही कथित पेड़ कटाई पर तत्काल रोक लगाने तथा मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि नगर पंचायत प्रशासन द्वारा ब्रह्मस्थान परिसर में पेड़ों की कटाई कराई जा रही है, जो पर्यावरण संरक्षण की भावना के विपरीत है।

### घनश्यामपुर में गोद भराई कार्यक्रम आयोजित

**घनश्यामपुर।** विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर गोद भराई कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर पंचायत के केंद्र संख्या 025 पर शुक्रवार को आईसीडीएस परियोजना घनश्यामपुर द्वारा यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसका मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित मातृत्व, नवजात शिशु के पोषण और जन्म के तुरंत बाद स्तनपान के महत्व के प्रति जागरूक करना था।




कार्यक्रम में सीडीपीओ मधुरिमा प्रसाद ने उपस्थित गर्भवती महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जन्म के एक घंटे के भीतर शिशु को मां का पहला गाढ़ा पीला दूध (कोलोस्ट्रम) अवश्य पिलाना चाहिए। उन्होंने बताया कि यह दूध शिशु के लिए प्राकृतिक टीके के समान कार्य करता है और कई गंभीर बीमारियों से बचाव में सहायक होता है। सीडीपीओ प्रसाद ने यह भी जोर दिया कि जन्म के बाद पहले छह माह तक शिशु को केवल मां का दूध ही देना चाहिए।

### वारंटी को किया गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा

**घनश्यामपुर(एनएसबी)।** थाना पुलिस ने न्यायालय से निर्गत वारंट के आधार पर एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कुमई गांव निवासी स्वर्गीय मोहम्मद सफीक के पुत्र मोहम्मद आलम के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि न्यायालय से जारी वारंट के आलोक में गुरुवार देर रात पुलिस टीम ने कुमई गांव में छापेमारी कर मोहम्मद आलम को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई।उन्होंने बताया कि शुक्रवार को आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# दरभंगा में शुद्ध पेयजल के लिए 186.16 करोड़ की जलापूर्ति परियोजना को मिली मंजूरी : डा गोपाल जी ठाकुर

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा मे सिवरेज एवं सेप्टेज प्रबंधन के माध्यम से शहर को स्वच्छ बनाने तथा दरभंगा के समग्र शहरी विकास को नई गति देने के लिए पहल और प्रयास शुरू कर दी गई है। केंद्र सरकार के महत्वाकांक्षी योजना अमृत -2 के तहत दरभंगा शहर में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 186.16 करोड़ की जलापूर्ति परियोजना को स्वीकृति देकर निविदा निष्पादन की औपचारिकताओं को पूरा किया जा रहा है।स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने गुरुवार को केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर से उनके कार्यालय में मुलाकात करने के बाद उपरोक्त बातें कही है।इस मौके पर सांसद डा ठाकुर ने केंद्रीय मंत्री श्री खट्टर के साथ भेंट तथा बैठक के दौरान दरभंगा शहर में निमार्णाधीन परियोजनाओं को शीघ्रता से पूरा करने तथा नई योजनाओं की स्वीकृति तथा क्रियान्वयन के लिए विस्तार से चर्चा की।बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री श्री खट्टर ने दरभंगा नगर निगम क्षेत्र में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति से सांसद को अवगत कराते हुए बताया कि केंद्र सरकार की प्राथमिकता दरभंगा सहित उत्तर बिहार के शहरों में आधुनिक शहरी आधारभूत संरचना का विकास करना है जिसके आलोक में अमृत -2.0 के अंतर्गत दरभंगा के लिए 186.16 करोड़ की जलापूर्ति परियोजना स्वीकृत की गई है तथा इसकी निविदा प्रक्रिया प्रारंभ की जा चुकी है इसके साथ साथ बिहार में अमृत -2.0 के तहत जलापूर्ति, सीवरेज एवं सेप्टेज प्रबंधन, जलाशय पुनरुद्धार तथा पार्क विकास सहित अन्य शहरी विकास परियोजना कार्यो को शीघ्रता से पूरा किया जा रहा है। सांसद डा ठाकुर ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध कराने, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के माध्यम से रेहड़ी- पटरी तथा छोटे व्यवसायियों को सशक्त बनाने, शहरी स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को मजबूत करने तथा शहरी नागरिक सुविधाओं के विस्तार जैसे विषयों चर्चा करते हुए कहा कि कहा कि दरभंगा कमिश्नरी मुख्यालय है जिसके कारण यह शहर तेजी से विकसित हो रहा है और केंद्र सरकार की विभिन्न शहरी विकास योजनाओं के माध्यम से आम नागरिकों को सभी आधुनिक सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार संकल्पित है।



मंत्री से मिलते सांसद डॉक्टर गोपाल जी ठाकुर

## जन्मदिन पर बच्चों ने लगाया पौधा, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**अलीनगर(एनएसबी)।** प्रखंड के पकड़ी चौक स्थित आइडियल पब्लिक स्कूल में जन्मदिन को समाजोपयोगी कार्य से जोड़ने की प्रेरक पहल देखने को मिली। विद्यालय की कक्षा-दो की छात्रा रितिका कुमारी एवं कक्षा-एक के छात्र कृष्ण मोहन कुमार ने अपना जन्मदिन केक काटने के बजाय विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर मनाया।दोनों बच्चों ने शिक्षकों के आशीर्वाद के साथ पौधे लगाए और सहपाठियों के बीच मिठाई बांटते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि केक कुछ मिनटों की खुशी देता है, जबकि एक पौधा वर्षों तक शुद्ध हवा, हरियाली और जीवन का आधार बनता है।रितिका कुमारी के पिता रंजय मुखिया एवं माता सोना देवी, जबकि कृष्ण मोहन कुमार के पिता दिगम्बर मुखिया एवं माता सुधीरा देवी हैं। बच्चों की इच्छा पर अभिभावकों ने भी पौधारोपण की इस पहल में पूरा सहयोग दिया।विद्यालय के निदेशक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि विद्यालय में पिछले कई वर्षों से "जन्मदिन पर केक नहीं, पौधा लगाओ" अभियान चलाया जा रहा है, जिसका सकारात्मक प्रभाव अब विद्यार्थियों में स्पष्ट दिखाई देने लगा है। उन्होंने कहा कि बच्चों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना समय की आवश्यकता है।प्राचार्य विकास कुमार सिंह ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक शिक्षा देना नहीं, बल्कि उन्हें प्रकृति-प्रेमी, संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक बनाना भी है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक बच्चा अपने जन्मदिन पर एक पौधा लगाए और उसकी देखभाल का संकल्प ले, तो पर्यावरण संरक्षण का यह अभियान जन-आंदोलन का रूप ले सकता है।



पेड़ लगाते विद्यालय के बच्चे

## डीएम ने राशन कार्ड निर्माण में तेजी लाने,गन्ना किसानों का पंजीकरण बढ़ाने एवं अभियान बसेरा की तैयारी ससमय पूर्ण करने का दिए निर्देश

**दरभंगा(एनएसबी)।** जिलाधिकारी, दरभंगा कौशल कुमार की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष है वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हर घर तिरंगा अभियान, राशन कार्ड निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण, अभियान बसेरा, गन्ना खेती को बढ़ावा देने हेतु किसानों का पंजीकरण सहित बिंदुओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में जिलाधिकारी ने हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के निर्माण की दिशा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अभियान का उद्देश्य जिले के प्रत्येक घर तक तिरंगे की पहुंच सुनिश्चित करने के साथ-साथ आमजनों में राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को और मजबूत करना है।जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि तिरंगा अभियान के तहत आयोजित होने वाली रैली के मार्ग का पूर्व में ही चिन्हांकन कर लिया जाए। साथ ही रैली एवं अभियान से संबंधित कार्यक्रमों में सभी माननीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने रैली में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्तर पर आमंत्रण एवं प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रत्येक चीनी मिल के लिए लगभग 30,000 एकड़ क्षेत्र में गन्ने की खेती की आवश्यकता होगी। इसके मद्देनजर जिले में गन्ना खेती को बढ़ावा देने एवं अधिक से अधिक किसानों को इससे जोड़ने के लिए व्यापक अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। अधिक से अधिक किसानों को सदस्यता दिलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पंचायत में किसानों को गन्ना खेती एवं संबंधित सहकारी व्यवस्था से जोड़ने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएं। बैठक में सहायक समाहर्ता कल्पना रावत, नगर आयुक्त राकेश कुमार गुप्ता, उप विकास आयुक्त स्वप्निल, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुरेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी आशीष अमन, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस चांदनी सिंह सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी संबंधित प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।



बैठक करते डी एम

## प्रेम प्रसंग में पति की निर्मम हत्या के जूर्म में पत्नी सहित दो को उम्र कैद

**शादीशुदा महिला का प्रेमी था रेलवे कर्मी, प्रेम जाल में फंसकर घटना को दिया था अंजाम**

**दरभंगा(एनएसबी)।**अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आदिदेव की अदालत ने प्रेम प्रसंग में पति की निर्मम हत्या के जूर्म में सिमरी थानाक्षेत्र के कमरौली निवासी संगीता देवी और उसके कथित प्रेमी कुन्दन कुमार उर्फ बजरंगी को आजीवन सश्रम कारावास और दस-दस हजार रुपये अर्थथदंड की सजा सूनाई है। अर्थथदंड नही चूकाने पर दोनो जूर्मियों को एक माह की अतिरिक्त सजा भूगतनी पड़ेगी।लोक अभियोजक अमरेंद्र नारायण झा ने बताया कि सिमरी थाना कांड संख्या 147/23 से जुड़े सत्रवाद संख्या 675/23 की सूनवाई पुरी कर अदालत ने गत 24 जूलाई को हीं कमरौली निवासी रामाशीष साह के 40 वर्षीय पुत्र राम कुमार साह की निर्मम हत्या की जूर्म में मृतक की पत्नी संगीता देवी और उसके कथित प्रेमी कुंदन दास उर्फ बजरंगी दास को भादवि की धारा 302/34 के तहत दोषी करार दिया था। अभियोजन पक्ष का संचालन कर रहे एपीपी दिलीप कुमार साह ने बताया कि गुरुवार को अदालत में दोनों जूर्मियों का सजा अवधि निर्धारण के बिन्दु पर अभियोजन और वचाव पक्ष का वहश सूनने तथा अभिलेख पर मौजूद साक्ष्यों का गहन परिशीलन के बाद सजा सूनाई है।यहघटना 21 जुलाई 2023 की रात सिमरी थाना क्षेत्र के कमरौली गांव स्थित कुमरपट्टी चौर में एक मुर्गी फार्म पर हुई थी। मामले की प्राथमिकी मृतक के पिता रामाशीष साह ने दर्ज कराई थी।एपीपी श्री साह ने बताया कि घटना के दिन राम कुमार साह के बच्चे का जन्मदिन था। अपने बच्चे का जन्मदिन मनाने के लिए वह अपनी पत्नी के पास मुर्गी फार्म पहुंचा था। आरोप है कि उसकी पत्नी संगीता देवी पांच बच्चों की मां है जिसका कुंदन दास से प्रेम प्रसंग था और वह अक्सर उसके मुर्गी फार्म पर रहती थी।घटना कीरात करीब 11 बजे मृतक के पिता को सूचना मिली कि उसके पुत्र को मुर्गी फॉर्म पर मार रहा है।उसके पिता रामाशीष साह और स्वजन वहां पहुंचे तो देखा कि राम कुमार को दोनों आरोपित लाठी-डंडे से पीट रहे थे। आरोप है कि बर्बरतापूर्वक मृतक का आंख भी जूर्मियों ने फोर डाली थी। गंभीर चोटों के कारण घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। अदालत में अभियोजन पक्ष नेकूल दस गवाहों की गवाही कराई और अन्ततः जूर्म साबित करने में सफल रहा।पीपी श्री झा ने बताया कि दोनों दोषी घटना के समय से ही जेल में बंद हैं। कुंदन दास एक होनहार छात्र था। उसने अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर रेलवे में नौकरी प्राप्त की थी। वह विवाहित भी था, लेकिन प्रेम प्रसंग में पड़कर उसने न केवल अपना उज्ज्वल भविष्य, बल्कि अपना पूरा जीवन भी बर्बाद कर लिया। आज वह आजीवन कारावास की सजा भुगत रहा है।

## हथकरघा सिर्फ कपड़ा नहीं, हमारी संस्कृति और आत्मनिर्भरता की पहचानः मशकुर आलम

**राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर हस्तनिर्मित उत्पाद, स्वदेशी का दिया संदेश**

**बेनीपुर (एनएसबी)।** प्रखंड के सझुआर स्थित +2 मॉडल स्कूल बुचनी उच्च विद्यालय में गुरुवार को "स्वदेशी आंदोलन" को समर्पित राष्ट्रीय हथकरघा दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया।कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने हस्तनिर्मित घरेलू उपयोग की वस्तुएं और घर सजावट के सामान प्रदर्शित किए। कक्षा 9 की छात्राओं अंजलि, नंदिनी, तनु, छोटी, पार्वती और काजल द्वारा बनाई गई वस्तुओं को सभी ने खूब सराहा।विद्यालय के प्रधानाध्यापक मशकुर आलम खान ने बच्चों को हथकरघा के महत्व और स्वदेशी उत्पाद अपनाने के फायदे बताए। उन्होंने कहा, हथकरघा सिर्फ कपड़ा नहीं, हमारी संस्कृति और आत्मनिर्भरता की पहचान है। इसे अपनाकर हम स्थानीय कारीगरों को भी मजबूत कर सकते हैं।सामाजिक विज्ञान के शिक्षक जानकी रमण और सरजीत कुमार सिंह ने स्वदेशी आंदोलन के इतिहास और आज के समय में उसकी प्रासंगिकता पर विस्तार से चर्चा की।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक श्याम रतन के नेतृत्व में हुआ। इस मौके पर रवि कुमार, विनोद कुमार, वली करीम, अमित कुमार, विजय कुमार, अंजनी कुमारी, नीरा कुमारी, सबिता कुमारी और सुमिता सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे। सभी ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना की और उन्हें आगे भी ऐसे रचनात्मक काम करने के लिए प्रोत्साहित किया।



### मनिकौली मे कबाड की दुकान में लगी आग डेढ़ लाख की छति

**सिंहवाड़ा(एनएसबी)।**स्थानीय थानाक्षेत्र के मनिकौली पंचायत के पनिशल्ला चौक के समीप एक कबाड़ की दुकान में 6 अगस्त की रात से आग लग गई। मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम के साथ पहुंची सिंहवाड़ा पुलिस ने काफी मशक्कत कर आग पर काबू पाया।आग लगने के कारणो का पता नहीं चल सका है।अतरवेल भरवाड़ा पथ किनारे पंजाब नेशनल बैंक मनिकौली ब्रांच के बगल में स्थित कबाड़ की दुकान में आग लगते ही अफरातफरी मच गयी। दुकानदार के अनुसार इस घटना में लगभग डेढ़ लाख रुपए के अधिक के सामान जलकर राख हो गए। मुजफ्फरपुर जिले के कटरा थानाक्षेत्र के अनखौली निवासी दुकानदार राकेश साह ने बताया कि उन्हें रात साढ़े बारह बजे आग लगने की सूचना मिली। उन्हें आशंका है कि किसी ने आग लगाई होगी। पिछले तीन वर्षों से बलेश्वर भगत के मकान में कबाड़ की दुकान चल रही थी। बताया गया है कि मध्य रात्रि में दुकान से आग की लपटे उठता देख बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। लोगों ने आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू कर दी। स्थानीय लोगों ने आग लगने की सूचना दुकानदार को दी।

## विधायक ईश्वर मंडल ने की सेवा समायोजन को लेकर राज्यपाल से मुलाकात

**कहा बिहार विधान परिषद की शिक्षा समिति अतिथि शिक्षकों के सेवा समायोजन की अनुशंसा कर चुकी है**

**दरभंगा(एनएसबी)।** ग्रामीण विधानसभा विधायक एवं जदयू जिलाध्यक्ष राजेश कुमार उर्फ ईश्वर मंडल ने राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों सहायक प्राध्यापकों के भविष्य को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए राज्यपाल-सह-कुलाधिपति से मुलाकात कर उनके सेवा समायोजन की दिशा में अविलंब सकारात्मक पहल करने का आग्रह किया है। विधायक श्री मंडल ने राज्यपाल को भेजे पत्र में कहा है कि वर्ष 2019 में नियुक्त अतिथि शिक्षकों को उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्पष्ट निर्देश दिया गया था कि वे अध्यापन कार्य के अतिरिक्त अन्य कोई रोजगार न करें। इसी निर्देश का पालन करते हुए सभी अतिथि शिक्षक वर्षों से पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक कार्य कर रहे हैं। राज्य में सहायक प्राध्यापकों की नियमित नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ होने की संभावना है। यदि इससे पूर्व अतिथि शिक्षकों का सेवा समायोजन नहीं किया गया तो हजारों शिक्षकों के समक्ष गंभीर रोजगार संकट उत्पन्न हो जाएगा। अधिकांश अतिथि शिक्षक आयु सीमा पार कर चुके हैं, जिसके कारण वे नई नियुक्ति प्रक्रिया में आवेदन करने से भी वंचित रह जाएंगे। बिहार विधान परिषद की शिक्षा समिति द्वारा भी अतिथि शिक्षकों के सेवा समायोजन की अनुशंसा की जा चुकी है। ऐसे में सरकार एवं राजभवन को मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए समिति की अनुशंसा के आलोक में अतिथि शिक्षकों के सेवा समायोजन का निर्णय शीघ्र लेना चाहिए।विधायक श्री मंडल ने विश्वास व्यक्त किया कि राज्यपाल इस महत्वपूर्ण विषय पर संवेदनशीलता के साथ विचार करते हुए हजारों अतिथि शिक्षकों एवं उनके परिवारों के हित में आवश्यक निर्णय लेने की पहल करेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में अतिथि शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है और उनके भविष्य की सुरक्षा सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। राजपाल से मिलने वाले में प्राध्यापक डॉक्टर बच्चा कुमार रजक, डॉ सुमन कुमार पोद्दार, डॉ कन्हैया शाह, श्री अशोक कुमार, डॉ अखिलेश कुमार आदि शामिल थे।



कुलाधिपति से मिलते विधायक ईश्वर मंडल

## संक्षिप्त खबरें

### सीवान गोलीकांड की जांच को राजद की सात सदस्यीय टीम पहुंची, न्यायिक जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की सात सदस्यीय जांच टीम ने शुक्रवार को सीवान पहुंचकर 25 जुलाई 2026 को बिहार बंद के दौरान हुए पुलिस फायरिंग कांड की स्थलीय जांच की तथा घायल छात्रों और उनके परिजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। जांच दल ने गोलीकांड की कड़ी निंदा करते हुए न्यायिक जांच, दोषी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों पर सख्त कार्रवाई, पीड़ित परिवारों को मुआवजा और सरकारी नौकरी देने की मांग की।राजद नेताओं ने बताया कि 25 जुलाई को नीट पेपर लीक के विरोध में छात्र संगठनों द्वारा बिहार बंद का आह्वान किया गया था, जिसका विपक्षी दलों ने भी समर्थन किया था। इसी दौरान सीवान में प्रदर्शनकारियों ने सड़क जाम कर दिया था, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। आरोप है कि स्थिति को नियंत्रित करने के दौरान पुलिस ने पहले लाठीचार्ज किया और बाद में निहत्थे छात्रों पर गोली चला दी।इस फायरिंग में तीन छात्र गंभीर रूप से घायल हुए थे। घायलों में आकाश कुमार यादव के पैर में, बुलेट कुमार गौड़ के कंधे के पास तथा नाबालिग मोहम्मद आरिफ के गर्दन के समीप गोली लगी थी। तीनों छात्रों का इलाज मेदांता अस्पताल में कराया गया। राजद के अनुसार, घायल छात्र अभी पूरी तरह स्वस्थ नहीं हो सके हैं। घटना के बाद राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने भी अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की थी और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली थी। राजद के निर्णय के आलोक में गठित सात सदस्यीय जांच टीम में बिहार विधानसभा के पूर्व मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अवध बिहारी चौधरी, विधायक मोहम्मद ओसामा शाहाब, राष्ट्रीय महासचिव अलख निरंजन उर्फ वीनू यादव, पूर्व मंत्री एवं विधायक जितेन्द्र कुमार राय, विधान पार्षद विनोद जायसवाल तथा सीवान जिला राजद अध्यक्ष विपिन कुशवाहा शामिल थे।जांच दल ने घटना स्थल का निरीक्षण करने के बाद पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और पुलिस तथा प्रशासन द्वारा अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी ली। टीम ने मांग की कि पूरे मामले की न्यायिक जांच कराई जाए, गोली चलाने का आदेश देने वाले पुलिस अधिकारियों एवं फायरिंग करने वाले पुलिसकर्मियों को तत्काल सेवा से बर्खास्त किया जाए। साथ ही प्रत्येक पीड़ित परिवार को 25 लाख रुपये का मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए, ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सके और कानून व्यवस्था पर जनता का विश्वास कायम रहे।राजद नेताओं ने कहा कि घटना के सभी पहलुओं की रिपोर्ट पार्टी नेतृत्व को सौंपी जाएगी तथा पीड़ित छात्रों को न्याय दिलाने के लिए लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रखा जाएगा।

### बिजली संकट से भड़के ग्रामीणों ने समस्तीपुर-दरभंगा मुख्य मार्ग किया जाम, डेढ़ घंटे तक आवागमन बाधित

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।**कल्याणपुर प्रखंड की तिरा पंचायत में पिछले पांच दिनों से बिजली आपूर्ति ठप रहने से नाराज ग्रामीणों ने गुरुवार को समस्तीपुर-दरभंगा मुख्य मार्ग के जटमलपुर घाट के पास सड़क जाम कर जोरदार प्रदर्शन किया। करीब डेढ़ घंटे तक चले जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।ग्रामीणों का आरोप था कि तिरा पंचायत के खरसंड पश्चिमी, खरसंड पूर्वी, जटमलपुर, ढाब सहित कई गांवों में पिछले पांच दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित है। इससे मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत संचालित हर घर नल-जल योजना प्रभावित हो गई है। साथ ही लघु उद्योग, कृषि कार्य और घरेलू गतिविधियां भी ठप पड़ गई हैं। उपभोक्ताओं का यह भी आरोप था कि शिकायत करने पर संबंधित विभाग के अधिकारियों का रवैया संतोषजनक नहीं रहा, जिससे लोगों में आक्रोश और बढ़ गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर बांस-बल्ला लगाकर आवागमन रोक दिया। जाम के कारण विद्यालय जाने वाले शिक्षक, न्यायालय जाने वाले अधिकारी, पुलिसकर्मी तथा अन्य यात्रियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। सूचना पर पहुंची डायल-112 की टीम को भी ग्रामीणों ने वापस लौटा दिया।बाद में प्रखंड विकास पदाधिकारी अरविंद कुमार, अंचलाधिकारी शशि रंजन तथा कल्याणपुर थानाध्यक्ष रणवीर कुमार राउत मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया। ग्रामीण बिजली विभाग के चकमेहसी के कनीय अभियंता (जेई) अशोक कुमार को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। अधिकारियों ने मोबाइल पर जेई से बात कर बिजली व्यवस्था शीघ्र दुरुस्त कराने तथा नए तार लगाने का आश्वासन दिलाया। इसके बाद सदर अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार ने भी दूरभाष पर ग्रामीणों से बातचीत कर जाम समाप्त करने की अपील की। आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त कर आवागमन बहाल कर दिया।ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही नियमित बिजली आपूर्ति और मानक के अनुरूप वोल्टेज उपलब्ध नहीं कराया गया तो वे पुनः आंदोलन करने को बाध्य होंगे।



### भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही सरकार : अनीता राम, प्रश्न पत्र लीक एवं युवाओं पर दमनात्मक कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस कार्यकताओं व नेताओं ने किया प्रदर्शन

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमिटी, समस्तीपुर (शहरी) के तत्वावधान में युवाओं के भविष्य से हो रहे खिलवाड़ एवं लगातार हो रही प्रश्न पत्र लीक की घटनाओं के विरोध में कांग्रेसी जनों ने विरोध-प्रदर्शन किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष (शहरी) अनिता राम के नेतृत्व में प्रदर्शनकारी काशीपुर स्थित कांग्रेस कार्यालय से विभिन्न मार्गों से होकर समाहरणालय पहुंचे। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं ने भाग लिया तथा सरकार के विरुद्ध जोरदार नारेबाजी करते हुए युवाओं के भविष्य की रक्षा की मांग की।इस अवसर पर श्रीमती राम ने कहा कि, बार-बार प्रश्न पत्र लीक होने से करोड़ों युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। सरकार युवाओं को रोजगार देने के बजाय उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से अपनी आवाज उठाने वाले छात्रों एवं युवाओं के विरुद्ध दमनात्मक कार्रवाई लोकतंत्र के मूल्यों के विरुद्ध है। जिसकी कांग्रेस पार्टी कड़ी निंदा करती है। उन्होंने मांग की कि, प्रश्न पत्र लीक की घटनाओं की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। ताकि युवाओं का विश्वास बहाल हो सके। मौके पर एखलाकुर रहमान सिद्दीकी, परमानंद मिश्रा, विश्वनाथ हजारी, सुशील कुमार राय, शिवराम ठाकुर,मोहम्मद सोहेल सिद्दीकी, अनिल कुमार तिवारी, मोहम्मद असगर अंसारी, रेशम सिंह ,आशुतोष कुमार , राम नारायण शर्मा , सोनी पासवान, अब्दुल मलिक,अजय कुमार, रमेश कुमार, संजय राय, आदि सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।




### विद्यापतिधाम मंदिर परिसर में नहीं बजेंगे अश्लील गाने, रील बनाने पर रोक,

**एसडीओ ने दिए कार्रवाई के निर्देश**

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** विद्यापतिधाम मंदिर परिसर में पिछले कुछ महीनों से अश्लील एवं फूहड़ गानों पर रील और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित किए जाने की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए अनुमंडल पदाधिकारी दलसिंहसराय ने इस पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश जारी किया है। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थानाध्यक्ष विद्यापतिनगर तथा श्री बालेश्वर स्थान विद्यापतिधाम न्यास समिति को आवश्यक कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है।जारी पत्र में कहा गया है कि बीते दो-तीन महीनों से कुछ लोग मंदिर परिसर में अश्लील एवं अमर्यादित गानों पर रील बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित कर रहे हैं। इससे मंदिर की पवित्रता, धार्मिक गरिमा एवं सांस्कृतिक मयार्दा प्रभावित हो रही है तथा श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं। एसडीओ ने अपने आदेश में उल्लेख किया है कि विद्यापतिधाम बिहार का प्राचीन एवं प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है, जहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में मंदिर परिसर में इस प्रकार की गतिविधियां न केवल अनुचित हैं, बल्कि मंदिर की प्रतिष्ठा और सामाजिक वातावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। अनुमंडल प्रशासन ने श्री बालेश्वर स्थान विद्यापतिधाम मंदिर परिसर में अश्लील एवं फूहड़ गानों पर रील और वीडियो निर्माण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाने तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

# शोध परिषद की बैठक में 50 कृषि परियोजनाओं को वित्त पोषण की हरी झंडी, 2-3 साल में दिखेगा असर

**पूसा (एनएसबी)।** डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा में आयोजित दो दिवसीय विशेष शोध परिषद बैठक में लगभग 50 उच्च-प्रभाव वाली तकनीक आधारित कृषि शोध परियोजनाओं को विश्वविद्यालय से वित्त पोषण की मंजूरी दी गई। इन परियोजनाओं में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रिमोट सेंसिंग, ड्रोन तकनीक और जैव-प्रबलित फसल किस्मों के विकास पर विशेष बल दिया गया है, ताकि जटिल कृषि-जलवायु चुनौतियों का समाधान किया जा सके।बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुलपति डॉ. पी. एस. पाण्डेय ने कहा कि हमारा प्राथमिक लक्ष्य प्रयोगशाला में विकसित नवाचारों को सीधे किसानों के खेत तक पहुंचाना है। ये लक्षित परियोजनाएं जलवायु अनुकूलन, प्राकृतिक खेती और डिजिटल कृषि पर केंद्रित हैं, जो दीर्घकालिक खाद्य सुरक्षा और किसानों की आय बढ़ाने के लिए जरूरी हैं। उन्होंने कहा स्वीकृत परियोजनाओं के परिणाम अगले दो से तीन वर्षों में सामने आएंगे और आशा है कि इन परिणामों से भारतीय कृषि और किसानों को काफी फायदा होगा। उन्होंने कहा कि उन्नत शोध से विश्वविद्यालय को अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग प्राप्त करने में भी मदद मिलेगी। स्वीकृत परियोजनाओं के माध्यम से क्षेत्र की कृषि में अगली पीढ़ी की तकनीकें शामिल की जाएंगी। इसके तहत एआई और मशीन लर्निंग की मदद से कीटों के प्रकोप और पोषक तत्वों की कमी की पहले से पहचान कर प्रेडिक्टिव कृषि की जाएगी। साथ ही रिमोट सेंसिंग और जीआईएस तकनीक से मिट्टी के स्वास्थ्य, सतही नमी और भूजल स्तर की लगातार निगरानी होगी। शोध के उपरांत विकसित उपकरणों से सटीक सिंचाई और उर्वरकों के लक्षित सूक्ष्म उपयोग को बढ़ावा मिलेगा, जिससे प्राकृतिक संसाधनों का बेहतर उपयोग हो सकेगा।बैठक में बाह्य विशेषज्ञ के रूप में बोलते हुए रानी लक्ष्मीबाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी के निदेशक शोध डॉ.एस के. चतुवेर्दी ने कहा कि ६ विश्वविद्यालय में प्रस्तावित वैज्ञानिक रणनीतियां मृदा स्वास्थ्य और कृषि की महत्वपूर्ण चुनौतियों को सीधे संबोधित करती हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में जिस प्रकार के शोध प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है उनका मानक अंतर्राष्ट्रीय स्तर का है। और अगर इस तरह के शोध अन्य कृषि विश्वविद्यालयों में भी किये जायें तो उन्हें पूरा विश्वास है कि कृषि के क्षेत्र में अगले दस वर्ष में ही भारत विश्वगुरू बन जायेगा। आईसीएआर-केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान, लखनऊ के पूर्व निदेशक डॉ. शैलेंद्र राजन ने नई कृषि तकनीकों के आर्थिक लाभों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि शोध प्रतिवेदन में जो संकल्पनायें है वो क्रांतिकारी है। जैव-नवाचारों को डिजिटल विस्तार उपकरणों के साथ जोड़ना एक महत्वपूर्ण कदम है। संसाधन संरक्षण के साथ आधुनिक कीट प्रबंधन से किसानों की लागत में भारी कमी आएगी। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षो में विश्वविद्यालय ने अनिश्चितकालीन बंद की स्थिति से निकलकर अखिल भारतीय रैंकिंग में उल्लेखनीय स्थान हासिल किया है। इसका विकास देखकर वे चकित हैं। मुझे उम्मीद है कि अगले दो-तीन वर्षों में यह विश्व मानचित्र पर भी अपनी पहचान बनाएगा। उन्होंने कहा डॉ. पाण्डेय का नेतृत्व और प्रबंधन शैली सराहनीय है। उन्होंने कहा कि अन्य कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को भी आरपीसीएयू आकर उनसे सीख लेनी चाहिए और विकास की तीव्र प्रक्रिया को अपनाना चाहिए। बैठक में बाह्य विशेषज्ञ के रूप में डॉ. सचिन नंदगुड़े, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, मृदा एवं जल संरक्षण अभियंत्रण, एमपीकेवी रहूरी, महाराष्ट्र ने शोध परियोजनाओं के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे और तकनीक आधारित शोध की प्रासंगिकता पर बल दिया। इस दौरान निदेशक शोध डॉ. ए. के. सिंह ने परियोजनाओं के क्रियान्वयन की रूपरेखा बताते हुए कहा कि परिषद ने सटीक कृषि, उन्नत बीज प्रौद्योगिकी और जैव-प्रबलित किस्मों से संबंधित लगभग 50 परियोजनाओं का गहन मूल्यांकन कर उन्हें स्वीकृति दी है। इनमें से अधिकांश अभिनव परियोजनाओं के ठोस परिणाम अगले दो से तीन वर्षों में खेतों पर देखने को मिलेंगे।पहले दिन के अनुसंधान परिषद की बैठक लगभग रात दस बजे तक चली। दूसरे दिन बैठक के समापन समारोह में वैज्ञानिकों और नीति निमार्ताओं ने आशा व्यक्त की कि इन तकनीक आधारित शोध पहलों के परिणाम सामने आने पर क्षेत्र का कृषि परिदृश्य पूरी तरह बदल जाएगा और एक टिकाऊ, डेटा आधारित कृषि पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित होगा।कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के डीन पीजीसीए डॉ मयंक राय, निदेशक स्कूल आफ एग्री-बिजनेस एंड रूरल मैनेजमेंट डॉ रामदत्त, डीन फिशरीज डॉ पी पी श्रीवास्तव, सह निदेशक शोध डॉ संतोष से ६ ठाकुर एवं डॉ मुकेश कुमार, पीआरओ डॉ कुमार राज्यवर्धन समेत विभिन्न शिक्षक वैज्ञानिक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक में शामिल वीसी व अन्य।

## शिरोमणि संत रविदास जी की 650वीं जयंती पर समस्तीपुर पहुंचे पवित्र कलश, भव्य आयोजन की तैयारियां तेज

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** संत शिरोमणि रविदास जी की 650वीं जयंती के अवसर पर उनके जन्मस्थल वाराणसी से पवित्र मिट्टी से भरा कलश समस्तीपुर पहुंच गया। यह कलश जिले में आयोजित होने वाली संत रविदास जयंती के भव्य समारोह एवं कलश यात्रा का प्रमुख आकर्षण होगा। कलश के समस्तीपुर पहुंचने पर भाजपा अनुसूचित मोर्चा के कार्यकताओं एवं समाज के लोगों ने इसका श्रद्धापूर्वक स्वागत किया।जानकारी के अनुसार, वाराणसी स्थित संत रविदास जी के जन्मस्थल से पवित्र मिट्टी लेकर विशेष कलश यात्रा निकाली गई थी। यह कलश पटना स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचा, जहां भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने इसे समस्तीपुर के लिए रवाना किया। इसके बाद भाजपा समस्तीपुर अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुशील पासवान एवं संत रविदास जयंती कार्यक्रम के जिला प्रभारी तथा भाजपा जिला मंत्री दीपक मंडल पवित्र कलश को लेकर समस्तीपुर पहुंचे।दीपक मंडल ने बताया कि संत शिरोमणि रविदास जी केवल एक संत ही नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, समानता और मानवता के महान संदेशवाहक थे। उन्होंने अपने जीवन के माध्यम से समाज में व्याप्त ऊंच-नीच, भेदभाव और छुआछूत के विरुद्ध आवाज उठाई तथा सभी को समान दृष्टि से देखने का संदेश दिया। उनकी शिक्षाएं आज भी समाज को एकता, भाईचारे और सद्भाव की प्रेरणा देती हैं।उन्होंने कहा कि संत रविदास जी की 650वीं जयंती के अवसर पर समस्तीपुर जिले में भव्य कलश यात्रा, श्रद्धांजलि सभा एवं विभिन्न सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान संत रविदास जी के विचारों एवं उनके बताए मार्ग को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा, ताकि समाज में समरसता और सामाजिक एकता को और अधिक मजबूत किया जा सके।भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुशील पासवान ने कहा कि संत रविदास जी के आदर्श आज भी समाज के लिए प्रासंगिक हैं। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही एक समतामूलक और सशक्त समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने सभी लोगों से जयंती समारोह एवं कलश यात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।


मिट्टी सिर पर धारण किए भाजपा नेता व अन्य।

### 9 से 13 अगस्त तक बारिश के आसार, तापमान रहेगा सामान्य

**उत्तर बिहार में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा**

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के ग्रामीण कृषि मौसम सेवा केंद्र द्वारा भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जारी 9 से 13 अगस्त 2026 तक के मौसम पूवार्नुमान के अनुसार उत्तर बिहार के अधिकांश क्षेत्रों में आगामी दिनों में बारिश की गतिविधियां बनी रहेंगी। इस दौरान किसानों को धान सहित खरीफ फसलों के लिए अनुकूल मौसम मिलने की संभावना है।पूवार्नुमान के अनुसार 9 से 11 अगस्त के बीच उत्तर बिहार के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। वहीं कुछ स्थानों पर मध्यम से भारी वर्षा भी हो सकती है। इसके अलावा शेष दिनों में भी कई जगहों पर हल्की बारिश होने के आसार हैं।मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार पूवार्नुमान अवधि में अधिकतम तापमान 31 से 35 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 26 से 28 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। सुबह के समय सापेक्षिक आर्द्रता 80 से 90 प्रतिशत तथा दोपहर में 50 से 60 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इस दौरान पूर्वी अथवा दक्षिण-पूर्वी दिशा से 5 से 15 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चल सकती है।विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी है कि वर्षा की संभावना को देखते हुए धान की रोपनी, निंदाई-गुड़ाई तथा खेतों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था बनाए रखें। जिन क्षेत्रों में अच्छी वर्षा हो, वहां अनावश्यक सिंचाई से बचें तथा मौसम को ध्यान में रखते हुए कृषि कार्यों की योजना बनाएं।

## 13 शील्ड जीतकर चमका समस्तीपुर, विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार-2026 में शानदार प्रदर्शन

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** पूर्व मध्य रेल के 71वें विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार 2026 में समस्तीपुर मंडल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 13 शील्ड अपने नाम कर एक बार फिर अपनी कार्य दक्षता और टीम भावना का लोहा मनवाया है। इस प्रतिष्ठित समारोह में प्राप्त शील्डों में कई श्रेणियों में समस्तीपुर मंडल एकल विजेता रहा, जबकि कुछ श्रेणियों में अन्य मंडलों के साथ संयुक्त रूप से सम्मान हासिल किया। सभी शील्ड मंडल रेल प्रबंधक ज्योति प्रकाश मिश्रा ने संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ प्राप्त किए।



दक्षता शील्ड के साथ पदाधिकारी।

**मिला एकल सम्मान :**

समस्तीपुर मंडल को बेस्ट स्क्रैप डिस्पोजल, राजभाषा अंतर मंडलीय दक्षता, बेस्ट टीआरडी (विद्युत कर्षण वितरण), तथा बेस्ट गति शक्ति यूनिट जैसी महत्वपूर्ण श्रेणियों में एकल रूप से शील्ड प्राप्त हुए। ये सम्मान सामग्री प्रबंधन, हिंदी के प्रभावी उपयोग, तकनीकी दक्षता और परियोजना क्रियान्वयन में उत्कृष्टता को दशार्ते हैं।

**संयुक्त श्रेणियों में भी मजबूत उपस्थिति :**

इसके अलावा सिग्नल एफिशिएंसी, लेवल क्रॉसिंग एवं आरओबी/आरयूबी सेफ्टी वर्क्स, इंजीनियरिंग एफिशिएंसी, मेडिकल एफिशिएंसी और रेल मदद (जन शिकायत निवारण) जैसी श्रेणियों में मंडल ने संयुक्त रूप से शील्ड हासिल कर अपनी व्यापक कार्यक्षमता का परिचय दिया।

**स्टेशनों की भी रही दमदार भागीदारी :**

मंडल के अंतर्गत आने वाले स्टेशनों ने भी अपनी उपलब्धियों से पहचान बनाई। नरकटियागंज स्टेशन को मध्यम श्रेणी में क्लीनलीनेस शील्ड प्रदान की गई, जबकि जयनगर स्टेशन के रनिंग रूम को संयुक्त रूप से बेस्ट रनिंग रूम शील्ड मिला। यह साफ-सफाई और कर्मचारियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में किए गए प्रयासों का परिणाम है।

**हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्रमाणित :**

इन पुरस्कारों से स्पष्ट है कि समस्तीपुर मंडल ने राजभाषा, इंजीनियरिंग, सिग्नल एवं दूरसंचार, विद्युत, चिकित्सा, स्वच्छता, स्क्रैप निस्तारण, शिकायत निवारण और गति शक्ति परियोजनाओं जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है।

मंडल रेल प्रबंधक ज्योति प्रकाश मिश्रा ने इस उपलब्धि पर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता पूरे मंडल के सामूहिक प्रयास, समर्पण और टीमवर्क का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में भी समस्तीपुर मंडल इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भारतीय रेल की प्रगति में अहम योगदान देता रहेगा।

## सदर एसडीओ ने वारिसनगर प्रखंड का किया औचक निरीक्षण, पीएचसी में गंदगी और अव्यवस्था पर जताई नाराजगी

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार ने शुक्रवार को वारिसनगर प्रखंड मुख्यालय का औचक निरीक्षण कर विभिन्न सरकारी कार्यालयों और योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी), एफसीआई गोदाम, मनरेगा कार्यालय तथा बीपीआरओ कार्यालय का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पीएचसी के निरीक्षण के दौरान परिसर में साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं मिलने पर एसडीओ ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को तत्काल पूरे परिसर की सफाई कराने, नियमित स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण में दवाओं के भंडारण और रख-रखाव में भी अनियमितता पाई गई, जिस पर संबंधित कर्मियों को व्यवस्था में सुधार लाने की चेतावनी दी गई।निरीक्षण के समय मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी, बीपीआरओ एवं पीएचसी प्रभारी अनुपस्थित मिले। जानकारी लेने पर बताया गया कि संबंधित अधिकारी क्षेत्र भ्रमण और बैठक में भाग लेने गए हैं। पंचायत सरकार भवन परिसर में संचालित पीएचसी भवन के रंग-रोगन कार्य को शीघ्र पूरा कराने का भी निर्देश दिया गया, ताकि मरीजों को स्वच्छ और बेहतर वातावरण मिल सके।इसके बाद एसडीओ ने एफसीआई गोदाम का निरीक्षण कर खाद्यान्न के भंडारण, रख-रखाव एवं वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं प्रखंड कार्यालय में प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए बीडीओ को निर्देश दिया कि वारिसनगर प्रखंड के लिए आवंटित लगभग पांच करोड़ रुपये की राशि का शीघ्र उपयोग सुनिश्चित किया जाए तथा लाभुकों को प्रथम एवं द्वितीय किस्त समय पर उपलब्ध कराकर आवास निर्माण में तेजी लाई जाए।अंचल कार्यालय में म्यूटेशन, तत्काल मापी एवं अन्य लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने तथा आम लोगों को समय पर सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यालयों में अनुशासन बनाए रखने पर भी बल दिया।वारिसनगर में अधूरे पड़े सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भवन के निर्माण का मामला भी निरीक्षण के दौरान उठा। एसडीओ ने कहा कि इस संबंध में जिला पदाधिकारी से चर्चा कर निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने की दिशा में आवश्यक पहल की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी आमना वसी, अंचलाधिकारी धर्मेंद्र पंडित सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



निरीक्षण करते एसडीओ व अन्य।

### 50 कांवरियों का जत्था देवघर के लिए रवाना, 'बोल बम' के जयघोष से गूंज उठा माहौल

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।।** सावन माह की आध्यात्मिक आस्था और श्रद्धा के बीच शुक्रवार को वारिसनगर प्रखंड की सारी पंचायत स्थित हिमगिरि विवाह भवन पैलेस से युवा कांवरिया संघ के बैनर तले 50 कांवरियों का जत्था बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर के लिए रवाना हुआ। पूरे क्षेत्र में "बोल बम" और "हर-हर महादेव" के जयघोष से वातावरण पूरी तरह शिवमय हो गया। श्रद्धालुओं को विदाई देने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण और शिवभक्त उपस्थित रहे।रवानगी से पूर्व भाजपा दक्षिणी मंडल अध्यक्ष सह प्रखंड बीस सूत्री सदस्य ठाकुर संग्राम सिंह ने सभी कांवरियों का टी-शर्ट, गमछा एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया। उन्होंने चंदन का तिलक लगाकर सभी श्रद्धालुओं की मंगलमय यात्रा की कामना की और सुरक्षित यात्रा का संदेश दिया।ठाकुर संग्राम सिंह ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवघर के लिए रवाना हो रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### शिक्षक व छात्रों को लगातार जिला व राज्य स्तर पर मिली उपलब्धियों



**लदनियां एनएसबी)**।नव पदस्थापित बीडीओ सतीश कुमार ने शुक्रवार को महथा गांव स्थित उत्कृष्ट मध्यविद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण करने पहुंचे बीडीओ का शिक्षक व छात्रों ने पाग, दोपटा व माला से भव्य स्वागत किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने विद्यालय का भौतिक सत्यापन करते हुए संबंधित सभी पहलुओं का अवलोकन किया। बड़ी संख्या में उपस्थित छात्रों को शिक्षक पढ़ाते मिले। शिक्षक व छात्रों को लगातार जिला व राज्य स्तर पर मिली उपलब्धियों की जानकारी से प्रसन्न होकर उन्होंने कहा कि यह शिक्षकों द्वारा बनाए गए शैक्षिक वातावरण व अनुशासित छात्रों की लगनशीलता का परिणाम है। इसके लिए पूरा विद्यालय परिवार बधाई पात्र है। इसके बाद शिक्षकों के साथ मिलकर उन्होंने विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। मौके पर शिक्षक जीबछ कामत, सत्येन्द्र कुमार, रेणु कुमारी, नीतू कुमारी, सफीना शिबू महरा, भोगेन्द्र सिंह, अरुण कुमार, महेश राम आदि थे।

### सिमरी बडकी पोखर मे धूमधाम से मनाया गया राजा सलहेस की पूजा

**बिस्फी : एनएसबी)**।प्रखंड के सिमरी पंचायत के बडकी पोखर स्थित सलहेस गहबर परिसर में शुक्रवार को सलहेस पूजनोत्सव का आयोजन किया गया. पूजनोत्सव में सैकड़ों लोग शामिल हुए. गुरुवार को विधिवत डीहवार पूजा कर आमंत्रण दिया गया. तत्पश्चात शुक्रवार की सुबह पूजा प्रारंभ होने से पहले सलहेस गहबर में पूजा कराने वाले भक्त किशोरी कामत, रामविलास पासवान, सतीश कुमार, राजेश पासवान, ने पान, सुपारी लड्डू व धूप दीप अर्पण कर पूजनोत्सव का संकल्प लिया. इस दौरान गायकों द्वारा सलहेस महाराज की कृतियों का गुणगान किया गया. सभी श्रद्धालुओं पर अपनी कृपा बनाये रखने की आरजू विनती की गई.



इस संबंध में अभिजीत पासवान, गुड्डू पासवान, आनंद पासवान, राजकुमार पासवान ,रामबले पासवान , समेत अन्य लोगों ने बताया कि यहां बीते तीन पीढ़ियों से हर साल धूमधाम व हर्षोल्ल्लास के साथ तमाम ग्रामीणों के सहयोग से सलहेस महाराज की पूजा अर्चना की जाती है. जिसमें ग्रामीण बढ़ चढ़ भाग लेते हैं. एक सप्ताह पहले से ही तैयारी शुरू हो जाती है. बताया कि राजा सलहेस शक्ति शील व सौंदर्य तीनों गुणों से परिपूर्ण थे. वे अपनी प्रजा की रक्षा के लिये घोड़े पर सवार होकर क्षेत्र का भ्रमण करते थे. राजा सलहेस अपने राज्य के उत्तर की ओर तिब्बतियों के आक्रमण से कई बार बचाकर और युद्ध में विजय प्राप्त कर अपने नाम पर्वतों का राजा अर्थात शैलेश अर्थात सलहेस को सार्थक किया था. जनश्रुति के अनुसार वे चारो वेद के भी ज्ञाता थे. महापराक्रमी थे. इसलिए आज भी दलित समुदाय के लोग उनके नाम का गहबर बनाकर उन्हें अपने प्रमुख देवता के रूप में पींड स्थापित कर उनकी विधिवत पूजा अर्चना करते हैं. हर वर्ष पूजा आयोजन किया जाता है. भक्तिमय गीतों व पूजनोत्सव से आस-पास का वातावरण भक्तिमय बना रहा.

### आमजन के सहयोग से बन रहा भगवान इंद्र का भव्य मंदिर

**बिस्फी एनएसबी)**।प्रखंड अन्तर्गत सिमरी पंचायत में स्थित इंद्र मंदिर के निर्माण का एक महत्वपूर्ण चरण पूरा हो गया है। गुरुवार को विधि-विधान के साथ मंदिर की छत की ढलाई की गई। आपको बता दे कि छत तक का कार्य पिछले वर्ष मंदिर कमेटी के तत्पर से पूरा हो गया था .और अब एक बार फिर आस्था का केंद्र बन रहा है इंद्र मंदिर ।छत ढलाई के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु, ग्रामीण और मंदिर समिति के सदस्य मौजूद रहे। इस अवसर पर पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा। यह मंदिर सिमरी हाई स्कूल के बगल में और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने में स्थित है। ग्रामीणों एवं स्थानीय लोगों के सहयोग से अब इस स्थल को नया जीवन मिल रहा है। इंद्र मंदिर समिति के अध्यक्ष हुकुमदेव यादव, उपाध्यक्ष डॉ जीवेंद्र कुमार जीवन, कोषाध्यक्ष अजीत यादव, संयुक्त सचिव ललन मंडल, सचिव रामस्वार्थ शर्मा , वरिष्ठ कार्यकर्ता महेश्वर कामत, संरक्षक समाजसेवी पूर्व सरपंच इंद्रदेव लाल कर्ण,सरपंच हीरा लाल यादव सहित अन्य सदस्यों ने बताया कि मंदिर को आकर्षक और भव्य स्वरूप दिया जाएगा। समिति ने इस पुनीत कार्य में तन-मन-धन से सहयोग करने की अपील भी की है। बताते चले कि सिमरी गांव में लगभग 54 साल से इंद्र पूजा एवं मेला का आयोजन किया जाता है जिसमें आस पास के ग्रामीणों सहित दूर दराज से लोग भी भगवान इंद्र के दर्शन एवं मेला घूमने अपने परिवार सहित आते है .



### मधु श्रावणी के गीतों से घर, आंगन, बाग,बगीचे व मंदिर हो रहे गुलजार.

**बिस्फी एनएसबी)**।प्रखंड क्षेत्र में सावन मास में नवविवाहिताओ का प्रसिद्ध मधुश्रावणी अपने परवान पर है. इस पर्व के आने से प्रखंड क्षेत्र में आनंदमय वहार आ गई है. प्रखंड के शिव दुर्गा मंदिर परसौनी, राघवेश्वर नाथ महादेव मंदिर इटहर, चहुटा, सिमरी ,दूल्हा, मुनिटोल, बजरहा, रुपौली, श्रृंगी ऋषि आश्रम सिंगिया, याज्ञवल्क्य आश्रम जगवन सहीत कई धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थानों पर नव विवाहिताएं सज धज का फूल लोढने के लिए पहुंच रही है. घर, आंगन,बाग, बगीचे, खेत, खलियान मंदिर परिसर में उनकी पायल की झंकार और मैथिली गीतों से माहौल मनमोहक बन जाता है.सहेलियो की टोली अपने श्रृंगार और गीत से क्षेत्र गुंजायमान हो चुका है.जहां सहेलियो के साथ आपस में हंसी बिठौली का दृश्य देखने को मिलता है. बांस की डोलियां में चुने वासी फूलों से कथा वाचन करने का विधान है. नव विवाहिताएं आए ससुराल से वस्त्र और खाद्य सामग्री का ही उपयोग कर रही है.



परसौनी से मनीषा झा, राधा झा, निशा झा शिवानी झा ने बताया कि इस पर्व में अपने सुहाग कि मंगल कामना के लिए शिव की आराधना की जाती है. पर्व रखने का जीवन मे एक बार ही मौका मिलता हैवही शुक्रवार के दिन अपने पति कि सुख, समृद्धि , शांति, और दीघार्यु कामना के लिए नवविवाहिताओं के द्वारा श्रद्धा पूर्वक पूजा अर्चना की गई. जहां पंडिताइन महिलाएं कथा की. वहीं बैठकर महादेव और माता गौरी और नाग देवता की पूजा अर्चना की. नव विवाहिताओ का यह अनुष्ठान मधुश्रावणी की पूजा 15 अगस्त को समाप्त होगी.

### घर में घुसकर मारपीट मामले का एक आरोपित गिरफ्तार

**सिंहवाड़ा(एनएसबी)**।सिमरी थाना क्षेत्र के हरपुर लदौर गांव में घर में घुसकर मारपीट,बाईक चोरी मामले का एक आरोपित को सिमरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी हरपुर लदौर निवासी राजीव सहनी बताया गया है। इस मामले मे मामले मे हरपुर लदौर निवासी राकेश कुमार ने थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमे रोहित सहनी, मोहन सहनी, सुमित्रा देवी, राजीव सहनी, सोनल तिवारी तथा रेणु देवी को नामजद किया था। दर्ज आवेदन में आरोप लगाया गया है कि सात जुलाई को उपरोक्त आरोपी हरवे-हथियार से लैस होकर उनके घर पहुंचे। आरोपितों ने बांस का दरवाजा तोड़कर घर में घुसकर मारपीट शुरू कर दी। मोहन सहनी ने देसी कट्टा उनकी कनपटी पर सटा दिया, जबकि रोहित सहनी ने बांस से सिर पर वार कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसने महिला के कपड़े फाड़कर दुष्कर्म का प्रयास घर में रखे बक्से को तोड़कर 30 हजार रुपये नकद लूट लिए तथा उनकी डिस्कवर मोटरसाइकिल भी लेकर फरार होने का भी आरोप लगाया था। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि इस मामले में गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है ।

# आमजनों की समस्याएं सुनीं, त्वरित समाधान हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश

## ऑनलाइन माध्यम से 45 एवं ऑफलाइन माध्यम से 39 आवेदन प्राप्त हुआ



शिकायत लेकर आए लोग

**मधुबनी,एनएसबी)**।जिलाधिकारी, आनंद शर्मा द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में समाहरणालय परिसर में सेवा-संवाद-समाधान अनुश्रवण प्रणाली के तहत ह्यह्यसबका सम्मान-जीवन आसान कार्यक्रम के तहत अपर समाहर्ता,आपदा, संतोष कुमार ने आमजनों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इस जनसंवाद कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों में होने वाली कठिनाइयों को दूर करना तथा प्रशासन और जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना है। कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए दर्जनों लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिनके समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसी क्रम में रहिका प्रखंड के सतलखा पंचायत निवासी नितीश कुमार ने माई भारत पोर्टल पर आपदा मित्र के रूप में पंजीकरण के उपरांत जिला स्तरीय आपदा मित्र प्रशिक्षण एवं बाढ़ सुरक्षा किट उपलब्ध कराने के संबंध में आवेदन दिया। वही जगदेव महतो ने बेनीपट्टी प्रखंड के बलाइन मौजा स्थित वासभूमि का बासगीत पर्चा अपने नाम से निर्गत करने के संबंध में आवेदन दिया। खजौली प्रखंड के रशिदपुर पंचायत निवासी रोशन कुमार झा ने मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के अंतर्गत उद्योग स्थापना के लिए थ्री-फेज विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने की मांग की। विजय चंद्र चौधरी ने बेनीपट्टी प्रखंड के नागवास पंचायत में निजी जमीन पर घर बनाने एवं मारपीट किए जाने की शिकायत की। राजनगर प्रखंड निवासी दुर्गेश कुमार चौपाल ने ट्राई साइकिल उपलब्ध कराने को लेकर आवेदन दिया। फेकनी देवी प्रखंड मजरही कलुआही के द्वारा सरकारी योजना अंतर्गत महादलित एवं भूमिहीन को आवास हेतु सरकारी भूमि आवंटन करने के संबंध में आवेदन दिया। बाबूबरही प्रखंड के तेघरा पंचायत निवासी चुल्हाई यादव ने विपक्षियों द्वारा मारपीट, धमकी एवं प्रताड़ना दिए जाने की शिकायत की।इसके अतिरिक्त कार्यक्रम के तहत विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने कक्षों में उपस्थित होकर जिले भर से आए लोगों की समस्याएं सुनीं तथा उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए। उल्लेखनीय है कि सेवा-संवाद-समाधान अनुश्रवण प्रणाली के तहत ह्यह्यसबका सम्मान-जीवन आसानह्नह्न कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को सम्मानपूर्वक उनकी समस्याओं का समाधान उपलब्ध कराना तथा प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक जन-हितैषी, पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाना है। अपर समाहर्ता ने इस अवसर पर कहा कि प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। ताकि आम नागरिकों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और उन्हें बेहतर प्रशासनिक सेवा प्राप्त हो सके। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों द्वारा बारी-बारी से सभी आवेदकों की शिकायतें सुनी गई तथा उनके त्वरित समाधान के लिए अग्रेतर कार्रवाई शुरू कर दी गई। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायत स्तर पर "सहयोग शिविर" का आयोजन किया जाता है। यह पूरी तरह ऑनलाइन व्यवस्था है, जिसके माध्यम से प्राप्त आवेदनों का निर्धारित अवधि में निष्पादन किया जाता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपनी शिकायतों के समाधान हेतु "सहयोग" पोर्टल पर घर बैठे ऑनलाइन आवेदन करें।

# 71वें विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार में समस्तीपुर मंडल का शानदार प्रदर्शन, 13 दक्षता शील्ड से नवाजा गया

## जयनगर रनिंग रूम को संयुक्त विजेता के रूप में बेस्ट रनिंग रूम शील्ड, नरकटियागंज स्टेशन को स्वच्छता सम्मान

**जयनगर, एनएसबी)**। पूर्व मध्य रेल के 71वें विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार (वीआरएसपी)-2026 में समस्तीपुर मंडल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में कुल 13 दक्षता शील्ड हासिल की हैं। मंडल की इस उपलब्धि से अधिकारियों और कर्मचारियों में उत्साह है। सभी शील्ड मंडल रेल प्रबंधक ज्योति प्रकाश मिश्रा ने संबंधित विभागों के शाखा अधिकारियों के साथ प्राप्त की।एकल श्रेणी में समस्तीपुर मंडल को बेस्ट स्क्रैप डिस्पोजल शील्ड, राजभाषा अंतर मंडलीय दक्षता शील्ड, बेस्ट टीआरडी शील्ड तथा बेस्ट गति शक्ति यूनिट शील्ड प्रदान की गई। ये सम्मान क्रमशः स्क्रैप निस्तारण, राजभाषा हिंदी के प्रभावी क्रियान्वयन, विद्युत कर्षण वितरण प्रणाली के बेहतर अनुरक्षण तथा गति शक्ति परियोजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए मिले हैं।

वहीं संयुक्त श्रेणी में मंडल को सिग्नल एफिशिएंसी शील्ड, लेवल क्रॉसिंग एवं आरओबी/आरयूबी सेफ्टी वर्क्स शील्ड, इंजीनियरिंग एफिशिएंसी शील्ड, मेडिकल एफिशिएंसी शील्ड तथा रेल मदद शील्ड सहित अन्य पुरस्कार प्राप्त हुए। इन सम्मानों से रेलवे के विभिन्न क्षेत्रों में समस्तीपुर मंडल की कार्यकुशलता और सेवा गुणवत्ता को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है।

जयनगर रनिंग रूम को मिला विशेष सम्मान

समस्तीपुर मंडल के अधीन आने वाली इकाइयों ने भी पुरस्कारों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। नरकटियागंज स्टेशन को मध्यम श्रेणी स्टेशन के लिए क्लीनलीनेस शील्ड प्रदान की गई। वहीं जयनगर स्टेशन के रनिंग रूम को संयुक्त विजेता के रूप में बेस्ट रनिंग रूम शील्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान रनिंग स्टाफ के लिए बेहतर सुविधाओं, स्वच्छता एवं रखरखाव के क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों का प्रमाण माना जा रहा है। इस उपलब्धि पर मंडल रेल प्रबंधक ज्योति प्रकाश मिश्रा ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता पूरे मंडल के सामूहिक समर्पण, अनुशासन, टीमवर्क और उत्कृष्ट कार्य संस्कृति का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि समस्तीपुर मंडल भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूर्व मध्य रेल एवं भारतीय रेल की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देता रहेगा।

समस्तीपुर मंडल की यह उपलब्धि राजभाषा, इंजीनियरिंग, विद्युत, चिकित्सा, सिग्नल एवं दूरसंचार, स्क्रैप प्रबंधन, शिकायत निवारण, स्वच्छता और रनिंग स्टाफ सुविधाओं जैसे क्षेत्रों में मंडल की बेहतर कार्यप्रणाली को दर्शाती है। इससे यात्रियों के साथ-साथ रेल कर्मचारियों को भी बेहतर सुविधाएं मिलने की उम्मीद मजबूत हुई है।

# सीमावर्ती युवाओं के लिए 15 दिवसीय भर्ती प्रशिक्षण का समापन, 70 प्रतिभागियों को मिला प्रमाणपत्र




प्रमाण पत्र लेते

**जयनगर एनएसबी)**।18वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), राजनगर द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम 2026-27 के तहत सीमा चौकी झालौन परिसर में आयोजित 15 दिवसीय भर्ती प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन समारोह के साथ सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह प्रशिक्षण 22 जुलाई से 7 अगस्त तक आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का आयोजन कमांडिंग ऑफिसर श्री कोजा राम लोमरोड़ के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। समापन समारोह की शुरूआत द्वितीय कमान अधिकारी ओ. ओकेन्द्र सिंह द्वारा मुख्य अतिथियों का मिथिला की पारंपरिक पाग एवं दुपट्टा भेंट कर स्वागत करने से हुई। इसके बाद लोक गायक अभिमन्यु गुप्ता ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को सांस्कृतिक रंग प्रदान किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों के युवाओं को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, पुलिस सेवाओं एवं अन्य सरकारी नौकरियों की भर्ती प्रक्रिया के लिए शारीरिक, मानसिक एवं लिखित परीक्षा की बेहतर तैयारी कराना था। साथ ही उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करना भी इसका प्रमुख लक्ष्य रहा। प्रशिक्षण में सहोरवा, धुनकी, पिपराही, झालौन, लदनिया, मतनाजी, मरनिया, मोहलिया, लगदी सहित आसपास के सीमावर्ती गांवों के 70 युवक-युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान अभ्यर्थियों को दौड़, शारीरिक दक्षता, शारीरिक मापदंड, लिखित परीक्षा की तैयारी, सामान्य ज्ञान, गणित, रीजनिंग तथा अन्य प्रतियोगी विषयों का विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। समापन अवसर पर एसएसबी एवं ग्राम विकास परिषद, मधुबनी की ओर से सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र तथा सामान्य ज्ञान की पुस्तकें प्रदान की गईं। द्वितीय कमान अधिकारी ओ. ओकेन्द्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि यह प्रशिक्षण युवाओं के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं और भर्ती प्रक्रियाओं में सफलता के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करने में महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने युवाओं से निरंतर अभ्यास और अनुशासन बनाए रखने का आह्वान किया।

समारोह में प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश कुमार, अंचलाधिकारी सौरव कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी आदित्य कुमार, ग्राम विकास परिषद के षष्ठी नाथ झा, समाजसेवी प्रमोद कुमार झा तथा प्रशिक्षक इंजीनियर संतोष कुमार ने भी युवाओं को प्रेरित किया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने 18वीं वाहिनी एसएसबी की इस जनकल्याणकारी पहल की सराहना करते हुए इसे सीमावर्ती क्षेत्र के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

कार्यक्रम के साथ मानव एवं पशु चिकित्सा शिविर भी आयोजित किया गया। इसमें डॉ. बी. बी. सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी (चिकित्सा) तथा डॉ. घनश्याम पटेल, द्वितीय कमान अधिकारी (पशु चिकित्सा) ने जरूरतमंद लोगों एवं किसानों के पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया। इससे स्थानीय ग्रामीणों को भी प्रत्यक्ष लाभ मिला।

# डीआईजी ने किया वार्षिक औपचारिक निरीक्षण, सीमा सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



निरीक्षण करने पहुंचे

**जयनगर एनएसबी)**।सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के क्षेत्रक मुख्यालय पूर्णिया के उप महानिरीक्षक मधुकर अमिताभ ने 5 से 7 अगस्त 2026 तक 18वीं वाहिनी एसएसबी, राजनगर का वार्षिक औपचारिक निरीक्षण किया। तीन दिवसीय निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीमा सुरक्षा, प्रशासनिक व्यवस्था, परिचालन क्षमता तथा जवानों के कल्याण से जुड़े विभिन्न पहलुओं की विस्तार से समीक्षा की।

निरीक्षण के प्रथम दिन 5 अगस्त को उप महानिरीक्षक ने भारत-नेपाल सीमा पर स्थित सीमा चौकी नारी का भ्रमण किया। उन्होंने सीमा क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा सीमा चौकी पर रात्रि विश्राम भी किया। दूसरे दिन 6 अगस्त को सीमा चौकी नारी में सीमावर्ती ग्रामीणों के साथ समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीमा सुरक्षा, आपसी सहयोग तथा सीमावर्ती क्षेत्रों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए ग्रामीणों से सतर्क रहने और सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय बनाए रखने की अपील की गई।

इसके बाद उप महानिरीक्षक का वाहिनी मुख्यालय पहुंचने पर 18वीं वाहिनी के कमांडिंग ऑफिसर कोजा राम लोमरोड़ ने पुष्पगुच्छ एवं खादा भेंट कर स्वागत किया। सम्मान गार्ड द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर कमांडिंग ऑफिसर ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) के माध्यम से वाहिनी के कार्यक्षेत्र, प्रशासनिक व्यवस्था, परिचालन क्षमताओं तथा प्रमुख उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी।

निरीक्षण के दौरान उप महानिरीक्षक ने वाहिनी परिसर में नवनिर्मित जलपान गृह का उद्घाटन किया तथा जवानों के साथ बड़ाखाना में सहभागिता कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने प्रस्तावित वाहिनी मुख्यालय के लिए परिहारपुर स्थित भूमि का निरीक्षण भी किया और अनुमोदित भवन निर्माण योजना (एलओपी) पर अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की।

उप महानिरीक्षक ने सैनिक सम्मेलन के माध्यम से बलकर्मियों को संबोधित करते हुए कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और सीमा सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने का संदेश दिया। उन्होंने जवानों की समस्याओं को भी सुना और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने वाहिनी परिसर, विभिन्न कार्यालयों एवं अभिलेखों का गहन निरीक्षण कर प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा की। तीन दिवसीय निरीक्षण के समापन पर उप महानिरीक्षक ने वाहिनी की कार्यप्रणाली पर संतोष व्यक्त करते हुए सीमा सुरक्षा को और अधिक प्रभावी बनाने, स्थानीय लोगों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा बलकर्मियों के कल्याण और प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निरीक्षण कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### 10 अगस्त को वाट्सन +2 हाई स्कूल, मधुबनी में लगेगा एक दिवसीय नियोजन-सह-मार्गदर्शन मेला

**प्रतिष्ठित कंपनियां करेंगी युवाओं का चयन, रोजगार पाने का सुनहरा अवसर**

**मधुबनी,एनएसबी)**।युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार सरकार तथा निदेशालय नियोजन एवं प्रशिक्षण, बिहार, पटना के निर्देश के आलोक में जिला नियोजनालय, मधुबनी द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए 10 अगस्त 2026 (सोमवार) को प्रातः 10:30 बजे से वाट्सन +2 हाई स्कूल, मधुबनी में एक दिवसीय नियोजन-सह-मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया जाएगा। . सहित अन्य प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी। मेले के माध्यम से बड़ी संख्या में योग्य अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि नियोजन मेले में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थी अपने साथ शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, पासपोर्ट आकार का फोटो, नियोजनालय का निबंधन कार्ड, पहचान पत्र तथा बायोडाटा अवश्य लेकर आएं। नियोजन मेले में प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियोजन मेले में होने वाली भर्ती के लिए संबंधित नियोजक स्वयं उत्तरदायी होंगे। विभाग एवं जिला नियोजनालय केवल सुविधा प्रदाता की भूमिका में कार्य करेंगे। जिला नियोजनालय ने जिले के अधिक से अधिक शिक्षित बेरोजगार युवाओं से इस अवसर का लाभ उठाकर रोजगार प्राप्त करने की अपील की है।

# वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

नवसंदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर पुलिस ने वाहन चोरी कर उनकी खरीद-बिक्री करने वाले एक सक्रिय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि आरोपी की गिरफ्तारी और पूछताछ के बाद जिले में दर्ज वाहन चोरी के कुल छह मामलों का सफल उद्भेदन हुआ है।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दो चोरी की चारपहिया गाड़ियां, एक गैस कटर तथा एक नंबर प्लेट बरामद की है। शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए एसडीपीओ टाउन टू विनीता सिन्हा ने बताया कि 3 अगस्त 2026 को गुप्त सूचना मिली थी कि सदर थाना क्षेत्र के पताही पावरग्रिड के समीप कुछ लोग


वाहन चोर गिरोह के पदार्फाश की जानकारी देती पुलिस अधिकारी।


गिरोह के पास से बरामद की गई चोरी की दो गाड़ियां।

चोरी के वाहनों की खरीद-बिक्री कर रहे हैं। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने तत्काल छापेमारी की, जहां से दो चोरी की गाड़ियां बरामद हुईं। हालांकि पुलिस की भनक लगते ही गिरोह के सदस्य मौके से फरार हो गए। इस संबंध में सदर थाना कांड संख्या 741/26 दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई। उन्होंने बताया कि एसएसपी के निर्देश पर सिटी एसपी के पर्यवेक्षण एवं एसडीपीओ टाउन टू के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें सदर थाना की पुलिस को भी शामिल किया गया। गठित टीम ने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी की।

इसी क्रम में 6 अगस्त 2026 को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वाहन चोरी की खरीद-बिक्री में संलिप्त राजू कुमार, निवासी थाना वैशाली, जिला वैशाली को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुई वाहन चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उसके स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर पुलिस

**दो चोरी की गाड़ियां बरामद, छह मामलों का हुआ खुलासा**

ने जिले के कुल छह वाहन चोरी के मामलों का सफल उद्भेदन करने का दावा किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है। वहीं इस गिरोह से जुड़े अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है। मामले में अग्रेतर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

## 87वीं जयंती पर याद किए गए समाज सेवी व स्वयंसेवक नागेंन्द्रनाथ ओझा



**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** नवयुवक समिति ट्रस्ट व नागरिक मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान मे शुक्रवार को स्थानीय शहीद भगवान लाल स्मारक पुस्तकालय भवन के सभागार म सामाजिक कार्यकर्त्ता एवं विभिन्न संगठनो से जुड़े स्व पंडीत नागेन्द्र नाथ ओझा की 87वीं जयंती समारोह का आयोजन हुआ। इस जयंती समारोह की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष डाक्टर.रमेश कुमार केजरीवाल ने की तथा संचालन मोहन प्रसाद सिंहा ने किया। मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने स्व. नागेन्द्र नाथ ओझा की तस्वीर पर फूल माला अर्पित कर उनके महान व्यक्तित्व को याद किया। मौके पर बकताओं ने कहा कि स्व ओझा श्री नवयुवक समिति ट्रस्ट के आजीवन विभिन्न पदो पर बने रहे। उनके निधन से समाज को अपूरणीय नुकसान हुआ। पंडीत ओझा एक प्रसिद्ध आयुर्वेदिक चिकित्सक भी थे। मौके पर डा जगदीश शर्मा, डा प्रदीप अग्रवाल, वयोश्रेष्ठ हीरालाल गुप्ता, मुन्नी चौधरी, दीनबंधु आजाद, अशोक भारती, अरुण कुमार, समिति के उपाध्यक्ष रणवीर अभिमन्यु, अजय विजेता, अजय कुमार, भगवान लाल सहनी, अंजनी कुमार पाठक सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेस को संगठनात्मक दृष्टिकोण से मजबूत बनाने के लिए सेवादल को बूथ स्तर तक सशक्त बनाना प्राथमिकता : राजेश मिश्रा

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** कांग्रेस की नींव को मजबूत करने में सेवादल की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए सेवादल को पंचायत और बूथ स्तर तक सशक्त बनाना संगठन की प्राथमिकता होगी। यह बातें शुक्रवार को जिला कांग्रेस कार्यालय, तिलक मैदान में आयोजित बैठक के दौरान कांग्रेस सेवादल के मुजफ्फरपुर प्रभारी



कांग्रेस जिला कार्यालय में सेवा दल के प्रभारी का स्वागत करते स्थानीय नेतागण।

राजेश मिश्रा ने कहीं। राजेश मिश्रा ने कहा कि जब जब कांग्रेस का सेवादल कमजोर हुआ, तब तब संगठन भी कमजोर हुआ है। वर्तमान में मुजफ्फरपुर में सेवादल को मजबूत करने की आवश्यकता है। इसके लिए प्रखंड अध्यक्षों, नगर अध्यक्षों और जिला कांग्रेस के सहयोग से जल्द ही प्रखंड, पंचायत और बूथ स्तर तक एक मजबूत एवं सक्रिय सेवादल का गठन किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष पूर्वी अरविंद कुमार मुकुल ने कहा कि युवाओं में प्रशिक्षित नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिए सेवादल को संगठनात्मक रूप से मजबूत करना आवश्यक है। जिला कांग्रेस संगठन इस दिशा में सक्रिय रूप से कार्य करेगा और एक सशक्त सेवादल का निर्माण किया जाएगा। बैठक में फैसल अनवर, विजय कुमार राय, मो आमिर, प्रभात चंद्र, मनोज सिंह एवं मोजक्कीर रहमान सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय स्लिंगशॉट चैंपियनशिप के लिए बिहार टीम उड़ीसा रवाना, कल भुवनेश्वर में होगी प्रतियोगिता

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** एलिट स्लिंगशॉट फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित प्रथम राष्ट्रीय स्लिंगशॉट चैंपियनशिप- 2026 में भाग लेने के लिए बिहार स्लिंगशॉट टीम शुक्रवार को उड़ीसा के लिए रवाना हुई। राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन 9 अगस्त 2026 को डी.एस.वाई.एस. बिल्डिंग, भुवनेश्वर (उड़ीसा) में किया जाएगा, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता से पूर्व खिलाड़ियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर अरुणादित्य ट्रस्ट के सौजन्य से किलकारी बाल भवन, मुजफ्फरपुर



में आयोजित किया गया। शिविर में खिलाड़ियों को स्लिंगशॉट खेल की तकनीकी बारीकियों, लक्ष्य साधने की विधि तथा प्रतियोगिता संबंधी विशेष प्रशिक्षण दिया गया। राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित बिहार टीम में सोहन राज, अभिषेक कुमार, आरव सिंह, आकाश कुमार, लक्षित झा, विशाल कुमार, शिवम राज, अर्चित सिन्हा, मयंक कुमार, अनिरुद्ध कुमार, गौतम कुमार, शुभम कुमार, ईशा, रौशनी कुमारी, वान्या एवं खुशी कुमारी शामिल हैं। टीम के प्रशिक्षक कृष्णा नंदन कुमार एवं दल प्रबंधक कायनात आफरीन खिलाड़ियों का नेतृत्व करेंगे। टीम के प्रस्थान के अवसर पर अरुणादित्य ट्रस्ट के सचिव कुमार आदित्य ने सभी खिलाड़ियों एवं दल के सदस्यों को जर्सी, पैंट एवं लोअर प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बिहार की टीम राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य का गौरव बढ़ाएगी। इस अवसर पर एलिट स्लिंगशॉट एसोसिएशन ऑफ बिहार के सचिव विवेक वैभव, अध्यक्ष प्रशांत कुमार, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार सिन्हा, राजीव कुमार सिन्हा, प्रमंडल कार्यक्रम समन्वयक पूनम कुमारी तथा गुलशन कुमार सहित अनेक खेल प्रेमी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने खिलाड़ियों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएँ देते हुए बेहतर प्रदर्शन की कामना की।

### श्रावणी मेला ऐप रील प्रतियोगिता के साप्ताहिक विजेताओं को नगर आयुक्त ने किया सम्मानित

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिला प्रशासन, नगर निगम एवं मुजफ्फरपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा श्रावणी मेला 2026 के दौरान श्रावणी मेला ऐप के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से आयोजित श्रावणी मेला ऐप रील प्रतियोगिता के प्रथम सप्ताह के विजेताओं को शुक्रवार को आईसीसीसी भवन स्थित मुजफ्फरपुर स्मार्ट सिटी कार्यालय में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त सह प्रबंध निदेशक, मुजफ्फरपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ऋतुराज प्रताप सिंह ने विजेता कंटेंट क्रिएटर्स को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में सोशल मीडिया पर बेहतर व्यूज, लाइक्स, शेयर एवं ओवरऑल एंगेजमेंट के आधार पर मुजफ्फरपुर के स्थानीय कंटेंट क्रिएटर्स मनीष श्रीवास्तव, राहुल कुमार एवं नीतीश कुमार को इस सप्ताह का "वीकली विनर" घोषित किया गया।

तीनों को श्रावणी मेला ऐप के प्रचार-प्रसार में उत्कृष्ट डिजिटल योगदान के लिए सम्मानित किया गया। नगर आयुक्त ने कहा कि आज के समय में सोशल मीडिया जनजागरूकता का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। स्थानीय कंटेंट क्रिएटर्स की सकारात्मक भागीदारी से सरकारी योजनाओं एवं जनहित से जुड़े अभियानों का संदेश कम समय में बड़ी संख्या में लोगों तक पहुँचाया जा सकता है। उन्होंने सभी युवाओं एवं कंटेंट क्रिएटर्स से श्रावणी मेला ऐप का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार करने तथा श्रद्धालुओं को ऐप डाउनलोड करने के लिए प्रेरित करने की अपील की। उन्होंने बताया कि श्रावणी मेला ऐप रील प्रतियोगिता पूरे सावन माह तक आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता के समापन पर सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमशः 5,000, 3,000 एवं 2,000 की नकद पुरस्कार राशि तथा प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त प्रतियोगिता के दौरान प्रत्येक सप्ताह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का चयन "वीकली विनर" के रूप में किया जाएगा तथा उन्हें नगर आयुक्त द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

## संगीत जगत से जुड़े लोगों ने नम आंखों से दी लोकप्रिय संगीतज्ञ निर्मल खन्ना को श्रद्धांजलि

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** गुरुकुल परिवार के तत्वावधान में गुरुवार की संध्या स्थानीय स्टेशन रोड स्थित होटल एंबेसी में प्रख्यात संगीतज्ञ एवं गुरुकुल परिवार के प्रेरणास्त्रोत स्वर्गीय निर्मल खन्ना की स्मृति में भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिकों, संगीत प्रेमियों एवं गुरुकुल परिवार के सदस्यों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना के साथ हुआ।


श्रद्धांजलि अर्पित करते गुरुकुल परिवार के सदस्य।

वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय निर्मल खन्ना केवल एक उत्कृष्ट संगीतज्ञ ही नहीं, बल्कि एक आदर्श गुरु, कुशल मार्गदर्शक और प्रेरणास्त्रोत थे। उन्होंने संगीत साधना के माध्यम से असंख्य विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया तथा उनमें अनुशासन, समर्पण और भारतीय संगीत के प्रति गहरी निष्ठा का भाव जागृत किया। गुरुकुल परिवार के सदस्यों ने कहा कि आज वे जिस मुकाम पर हैं, उसमें गुरु निर्मल खन्ना की शिक्षा, मार्गदर्शन और प्रेरणा का अमूल्य योगदान है। इस अवसर पर निर्मल खन्ना के बड़े भाई विमल खन्ना सहित गुरुकुल परिवार के सदस्य एवं शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि सभा में डॉ. हरिनारायण भारद्वाज, अजीत अग्रवाल, सुधीर कुमार सिन्हा, पंकज धीर, डॉ भानु शंकर, प्रवीर साहू, डॉ शैलेन्द्र कुमार, डॉ सलभ कुमार, रूपा सिन्हा, डॉ शशि चौधरी, डॉ पल्लवी सहाय, सीमा जायसवाल, रेखा सिंह, अलका अग्रवाल, वंदना विजय लक्ष्मी, रीता पाराशर, नित्य घोष, नवीन कुमार, बंटी सिंह बाबला तथा राम जी साउंड सहित गुरुकुल परिवार के अनेक सदस्य एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## 22 कुख्यातों की जमानत निरस्त कराने का न्यायालय को प्रस्ताव भेज रही पुलिस

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** प्रदेश में लगातार हो रहे आपराधिक घटनाओ पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस मुख्यालय और तिरहुत रेंज के डीआईजी चंदन कुशवाहा के निर्देश पर मुजफ्फरपुर पुलिस कप्तान कांतेश कुमार मिश्रा एक्शन मोड में आ गए हैं। हाल ही में जेल से बाहर आकर फिर से आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने वाले शहर के 22 कुख्यात अपराधियों को चिन्हित किया गया है। पुलिस अब इन सभी अपराधियों की जमानत रद्द कराने के लिए न्यायालय को प्रस्ताव भेज रही है।

पुलिस समीक्षा में यह बात सामने आई है कि बड़े और जघन्य आपराधिक मामलों में जेल गए कई कुख्यात अपराधी हाल ही के दिनों में न्यायालय से जमानत मिलने के बाद बाहर आए थे। हालांकि, बाहर आने के बाद उन्होंने सुधरने के बजाय दोबारा संगीन आपराधिक वारदातों को अंजाम देना शुरू कर दिया। इसी को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने ऐसे अपराधियों को चिन्हित कर वापस जेल की सलाखों के पीछे भेजने की कवायद शुरू कर दी है। प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत सबसे पहले नगर थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दो चिन्हित कुख्यात अपराधियों की जमानत निरस्त करने का औपचारिक प्रस्ताव न्यायालय को भेज दिया है। शेष 20 अन्य कुख्यात अपराधियों के खिलाफ भी कागजी प्रक्रिया पूरी की जा रही है, जिनका प्रस्ताव भी बहुत जल्द सक्षम न्यायालय में दाखिल कर दिया जाएगा। मामले की जानकारी देते हुए एसएसपी कांतेश


न्यायलय को प्रस्ताव भेजनें की जानकारी देते एसएसपी।

कुमार मिश्रा ने बताया कि डीआईजी और पुलिस मुख्यालय के स्पष्ट निर्देशों के आलोक में 22 ऐसे गंभीर अपराधियों की सूची तैयार की गई है, जो जमानत मिलने के बाद फिर से अपराध में शामिल पाए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर थाने से दो प्रस्ताव भेजे जा चुके हैं और बाकी 20 अपराधियों की जमानत निरस्त कराने हेतु शीघ्र ही न्यायालय में आवेदन दाखिल किया जाएगा। मुजफ्फरपुर पुलिस की इस त्वरित और सख्त कार्रवाई से जिले के पेशेवर अपराधियों और उनके गिरोहों में हड़कंप मच गया है। पुलिस का मानना है कि बार-बार अपराध करने वाले तत्वों की जमानत रद्द होने से न सिर्फ शहर में कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहतर होगी, बल्कि आपराधिक वारदातों पर भी नकेल कसी जा सकेगी।

## पीएमश्री विद्यालय घोषित कर बालिका विद्यालय को यहां समायोजित किए जाने पर फूटा नौनिहालों का गुस्सा

**पीएम श्री योजना की पोल खोलती सड़क पर उतरीं छात्राओं ने तीन घंटे तक किया हाइवे जाम, मुखिया के घर का घेराव कर माँगा न्याय**

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** शिक्षा व्यवस्था की पोल खोलती एक तस्वीर सामने आई है, जहां बदइंतजामी और नाकामी से आजिज आकर स्कूली छात्राएं सड़क पर उतर गईं। गुरुवार को पताही नवरात्र उच्च विद्यालय की व्यवस्था के खिलाफ उग्र प्रदर्शन करते हुए बालिका विद्यालय की छात्राओं ने मुजफ्फरपुर-छपरा हाईवे को जाम कर दिया और शिक्षा विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मामला तब गरमाया जब बिना व्यवस्था दुरुस्त किए शिक्षा विभाग ने पताहीं हाइस्कूल को 'पीएम श्री विद्यालय' घोषित कर गांव के बालिका विद्यालय का इसमें समायोजन कर दिया।



चौकाने वाली बात यह कि पताहीं हाइस्कूल ( वर्तमान का पीएम श्री विद्यालय) के महज 7 कमरों में पहले से ही 1100 छात्र के नाम दर्ज थे। वही बालिका विद्यालय का इस विद्यालय में समायोजन के बाद करीब 300 और बच्चीयां इस विद्यालय में आ गई, जिससे पीएम श्री विद्यालय के बच्चो की कुल संख्या 1400 के पार पहुंच गई। गुरुवार को जब सभी बच्चे विद्यालय पहुँचे तो उन्हें बैठने के लिए न तो पर्याप्त डेस्क बेंच थे, न क्लास रूम था। न पेयजल की व्यवस्था थी और न पर्याप्त शौचालय की व्यवस्था की गई थी। यह स्थित देखते ही विद्यालय के सभी छात्र छात्राएं आक्रोशित हो सड़क पर उतर आए और मुजफ्फरपुर छपरा हाइवे को जामकर तीन घंटे तक सड़क पर बवाल काटा। सड़क पर उतरे नौनीहालों का प्रशासन और शिक्षा विभाग से यह सीधा सवाल था कि जब

नए पीएम श्री विद्यालय में न तो बैठने के लिए डेस्क-बेंच हैं, न पीने का पानी और न ही शौचालय की व्यवस्था है। जब बुनियादी सहूलियतें ही गायब हैं, तो आखिर बच्चे शिक्षा हासिल करने कहां बैठें? वहीं घंटो प्रदर्शन के दौरान कड़ाके की धूप और गर्मी की तपीस के कारण सड़क पर हीं मूर्छित हो गई। सड़क पर उतरे बच्चों ने इस दौरान पंचायत के मुखिया के घर का भी घेराव किया और व्यवस्था पर सवाल उठाये। इस मामले में हैरानी की बात यह कि घंटो हुए बच्चों के इस बवाल के बाद भी न तो शिक्षा विभाग का कोई पदाधिकारी मौके पर पहुंचा और न हीं जिला प्रशासन का कोई प्रतिनिधि।

वही बच्चों के गुस्से को देखते हुए विद्यालय के प्रिंसिपल अरविंद कुमार सिंह ने भी स्वीकार किया कि उन्होंने विद्यालय में कमियों को लेकर कई बार शिक्षा विभाग को पत्र लिखा, लेकिन नतीजा शून्य रहा। वही लगभग तीन घंटे तक चले इस चक्काजाम से हाईवे पर अफरा-तफरी मची रही। अंततः स्थानीय ग्रामीणों और स्थानीय मुखिया संजय ठाकुर के हस्तक्षेप और समझाने-बुझाने के बाद बच्चियां शांत हुईं और जाम हटाया गया। शिक्षा विभाग की इस लापरवाही से क्षेत्र के अभिभावकों और बच्चों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। वही व्यवस्था की कमियाँ को लेकर आक्रोशित पीएम श्री विद्यालय पताहीं के बच्चो का कहना है कि जबतक जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग विद्यालय में बढ़े छात्र छात्राओं के लिए पर्याप्त सुविधाओं और मुलभुत आवश्यकता को दुरुस्त नहीं करता, तबतक बच्चों का यह रोशपूर्ण आंदोलन नहीं थमेगा।

## पीएम श्री स्कूल योजना के नाम पर मध्य विद्यालयों के संविलयन (मर्जर) की नीति पर रोक लगाए सरकार : एआईडीएसओ

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन बिहार राज्य परिषद के सचिव पवन कुमार ने कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई पीएम श्री स्कूल योजना के अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय तथा राज्य/स्थानीय निकायों के विद्यालयों का चयन कर उनके आधारभूत ढाँचे एवं शैक्षणिक व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की बात कही गई है। लेकिन शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए केवल कुछ चुनिंदा विद्यालयों को विकसित करना पर्याप्त नहीं है। सरकार को सभी सरकारी विद्यालयों में समान रूप से आधारभूत एवं शैक्षणिक सुविधाएँ उपलब्ध करानी चाहिए। केवल कुछ गिने-चुने विद्यालयों को विशेष सुविधाएँ उपलब्ध कराने की नीति सरकार के भेदभावपूर्ण रवैये को प्रदर्शित करती है।

पवन कुमार ने कहा कि बिहार में पीएम श्री स्कूल के रूप में चयनित किए गए अनेक राजकीय उच्च एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अभी तक अपेक्षित सुविधाएँ बहाल नहीं हो पाई हैं। कई विद्यालयों की वर्तमान स्थिति ऐसी है कि वहाँ पहले से नामांकित विद्यार्थियों के पठन-पाठन के लिए ही पर्याप्त मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध नहीं हैं। ऐसी स्थिति में इन विद्यालयों में आसपास के मध्य विद्यालयों की कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों का संविलियन (मर्जर) किया जाना गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि मध्य विद्यालयों के संविलियन के कारण विद्यार्थियों के सामने अनेक शैक्षणिक एवं व्यावहारिक समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं।

विशेष रूप से मध्य विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को अपने निकट स्थित विद्यालय को छोड़कर दूर स्थित पीएम श्री विद्यालय में जाने के लिए विवश होना पड़ रहा है। इससे उनकी नियमित पढ़ाई प्रभावित होने के साथ-साथ आवागमन और सुरक्षा संबंधी समस्याएँ भी उत्पन्न हो रही हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जिन पीएम श्री विद्यालयों में पहले से नामांकित बच्चों के लिए ही पर्याप्त आधारभूत सुविधाएँ उपलब्ध नहीं हैं, वहाँ संविलियन किए गए मध्य विद्यालयों के अतिरिक्त विद्यार्थियों के लिए आवश्यक शैक्षणिक एवं भौतिक व्यवस्था कैसे सुनिश्चित की जाएगी?

उन्होंने केंद्र एवं बिहार सरकार से मांग की कि पीएम श्री योजना के अंतर्गत चयनित विद्यालयों सहित सभी सरकारी विद्यालयों में तत्काल मूलभूत सुविधाएँ सुनिश्चित की जाएँ, मध्य विद्यालयों के संविलियन एवं उन्हें समाप्त करने की नीति पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा सरकारी शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करने एवं शिक्षा के निजीकरण को बढ़ावा देने वाली नीतियों को बंद किया जाए।

**विकसित भारत GRAMG अधिनियम, 2025 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर दो दिवसीय पंच सम्मेलन का शुभारंभ**

## विकसित भारत के निर्माण में ग्राम पंचायतों की भूमिका अहम : डीडीसी

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** ग्रामीण विकास विभाग बिहार के निदेर्शानुसार विकसित भारत GRAMG अधिनियम, 2025 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं पंचायत राज संस्थाओं को सशक्त एवं सक्षम बनाने के उद्देश्य से जिला ग्रामीण विकास अभिकरण मुजफ्फरपुर के सभागार में शुक्रवार दो दिवसीय पंच सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उप विकास आयुक्त, द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में ग्राम पंचायतों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।



दो दिवसीय पंच सम्मेलन को संबोधित करते डीडीसी।

पंचायत प्रतिनिधि सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने की सबसे सशक्त कड़ी हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत GRAMG अधिनियम, 2025 के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में समावेशी विकास, सुशासन, जनभागीदारी तथा सतत आजीविका को नई गति मिलेगी। उप विकास आयुक्त ने पंचायत प्रतिनिधियों से योजनाओं के पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन, सामाजिक सहभागिता तथा जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उन्होंने विकसित भारत GRAMG योजना के अंतर्गत स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन, आजीविका संवर्धन एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने से संबंधित विभिन्न प्रावधानों एवं रणनीतियों पर भी विस्तार से जानकारी दी तथा इस दिशा में पंचायतों की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सम्मेलन में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए पंचायत राज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों, जिनमें मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधि शामिल थे, को विकसित भारत GRAMG योजना के उद्देश्यों, विभिन्न प्रावधानों, अपेक्षित दायित्वों, कार्ययोजना एवं प्रभावी क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान मास्टर ट्रेनर के रूप में नामित प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारियों एवं अनुभवी मुखिया प्रतिनिधियों ने विभिन्न प्रशिक्षण मॉड्यूल पर क्रमबद्ध एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया। प्रतिभागियों को ग्राम पंचायत स्तर पर योजना के सफल क्रियान्वयन, जनसहभागिता बढ़ाने, अभिलेख संधारण पारदर्शिता, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा प्रभावी निगरानी तंत्र से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं से भी अवगत कराया गया।

दो दिवसीय सम्मेलन का उद्देश्य पंचायत प्रतिनिधियों की क्षमता का विकास करते हुए उन्हें विकसित भारत GRAMG अधिनियम, 2025 के प्रावधानों से पूर्णतः परिचित कराना तथा ग्राम स्तर पर योजनाओं के प्रभावी, पारदर्शी एवं परिणामोन्मुखी क्रियान्वयन के लिए सक्षम बनाना है। इस अवसर पर जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के निदेशक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए बड़ी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## बायोमैट्रिक हाजिरी का चिकित्सकों ने किया विरोध, भाषा की जिला कमेटी का हुआ पुनर्गठन

# भाषा के जिलाध्यक्ष चुने गए सिविल सर्जन

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सदर अस्पताल परिसर में शुक्रवार को बिहार स्वास्थ्य सेवा संघ (भाषा) के बैनर तले जिले के चिकित्सकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सदर अस्पताल के अलावा जिले के सभी पीएचसी, सीएचसी तथा विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों के चिकित्सकों ने भाग लिया।

बैठक के दौरान चिकित्सकों ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा लागू की जा रही बायोमैट्रिक हाजिरी व्यवस्था पर अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए इसका विरोध किया। चिकित्सकों ने कहा कि इस व्यवस्था से संबंधित कई व्यावहारिक



बिहार स्वास्थ्य सेवा संघ (भाषा) की बैठक में शामिल जिले के चिकित्सक।

समस्याएं हैं, जिन पर विभाग को गंभीरता से विचार करना चाहिए। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से भाषा की जिला कमेटी का पुनर्गठन भी

**सर्वसम्मति से विभिन्न पदों पर जिला कमेटी की नई कार्यकारिणी का गठन**

किया गया। सर्वसम्मति से सिविल सर्जन सीतामढ़ी को जिला अध्यक्ष चुना गया। वहीं, डॉ. एसपी झा एवं डॉ. कन्हैया कुमार को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। सचिव पद पर डॉ. मो. अमजद का चयन किया गया, जबकि डॉ. राहुल कुमार को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा संयुक्त सचिव पद के लिए डॉ. नीलाभ, डॉ. सौरव कुमार तथा डॉ. राजीव कुमार को मनोनीत किया गया।

बैठक में उपस्थित चिकित्सकों ने नवगठित कमेटी को बधाई देते हुए संगठन के माध्यम से चिकित्सकों की समस्याओं के समाधान और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। साथ ही विभाग से चिकित्सकों की मांगों पर सकारात्मक पहल करने की भी अपील की गई।

## हथौड़ी में नाबालिग किशोरी अचेत अवस्था में मिली, दुष्कर्म की आशंका

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** हथौड़ी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग किशोरी अपने घर से करीब 300 मीटर की दूरी पर अचेत अवस्था में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जुट गए और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई।

**जांच में जुटी पुलिस**

सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों की मदद से किशोरी को इलाज के लिए श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसकेएमसीएच) भेजा। अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया है। स्थानीय लोगों ने किशोरी के साथ दुष्कर्म की आशंका जताई है। हालांकि, पुलिस ने कहा है कि घटना की पुष्टि मेडिकल जांच रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। इसी उद्देश्य से किशोरी का चिकित्सकीय परीक्षण कराया जा रहा है।

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। संदिग्धों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी भी जारी है। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया है कि मामले में दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### 10 अगस्त को एमडीओ की प्रेस वार्ता, मदरसा व संस्कृत विद्यालय शिक्षकों के मुद्दों पर होगी चर्चा

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** मदरसा डेवलपमेंट ऑगेनाईजेशन (एमडीओ) बिहार की ओर से 10 अगस्त को सुबह 11 बजे आईएमए हॉल, गांधी मैदान, पटना में प्रेस वार्ता आयोजित की जाएगी। इसमें सहायता प्राप्त मदरसा एवं संस्कृत विद्यालयों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होगी। संगठन ने बताया कि शिक्षकों के छह माह से लंबित वेतन भुगतान, शिक्षा व्यवस्था से जुड़े अन्य विषयों तथा आगे की रणनीति को प्रमुखता से रखा जाएगा। एमडीओ के महासचिव महताब आलम ने कहा कि प्रेस वार्ता का उद्देश्य मदरसा एवं संस्कृत विद्यालय के शिक्षकों की समस्याओं को सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से रखना है। संगठन को उम्मीद है कि शिक्षकों की जायज मांगों पर सकारात्मक पहल होगी। प्रदेश प्रवक्ता मनाजेरुल इस्लाम ने कहा कि राज्यभर के शिक्षकों की समस्याओं को मजबूती से उठाया जाएगा और मीडिया के माध्यम से वास्तविक स्थिति सरकार तक पहुंचाई जाएगी। कोऑर्डिनेटर मो शफी अंसारी ने सभी मदरसा एवं संस्कृत विद्यालय के शिक्षकों, संगठन के पदाधिकारियों तथा मीडिया प्रतिनिधियों से निर्धारित समय पर कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक भागीदारी से शिक्षकों की आवाज और मजबूत होगी। संगठन के पदाधिकारी राशिद जमाल, अल्ताफ हुसैन, मुंबशीर आलम, फारूक नदवी, अशरफ रहमानी, मो. अजमल, मो. जाहिद हुसैन, गुफरान राज, परवेज आलम, रिजवानुल हक, तालिब जिया, जियाउर्रहमान कासमी तथा संस्कृत विद्यालय संघ के पदाधिकारी अनिल झा, रमन कुमार सिंह, संजीव झा, मनोज भारती और पूनम देवी ने भी प्रेस वार्ता को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के लंबित वेतन, शैक्षणिक समस्याओं एवं अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

### मुजफ्फरपुर कच्ची-पक्की ओपी प्रभारी लाइन हाजिर, कुमारी पुष्पा को मिली नई जिम्मेदारी

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों के समयबद्ध निष्पादन और प्रशासनिक कार्यों में लापरवाही को लेकर मुजफ्फरपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। कच्ची-पक्की ओपी प्रभारी अरविंद कुमार को उनके पद से हटाकर लाइन हाजिर करते हुए पुलिस केंद्र, मुजफ्फरपुर भेज दिया गया है। वहीं, पारू थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक कुमारी पुष्पा को कच्ची-पक्की ओपी का नया प्रभारी बनाया गया है। एसएसपी कार्यालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार कच्ची-पक्की ओपी के कार्यों और अपराध नियंत्रण की समीक्षा के दौरान अरविंद कुमार का कार्य निष्पादन संतोषजनक नहीं पाया गया। समीक्षा में यह भी सामने आया कि उन्होंने अपराध नियंत्रण, लंबित कांडों के समयबद्ध निष्पादन, गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों के निर्वहन में अपेक्षित सक्रियता नहीं दिखाई। जांच में यह भी पाया गया कि जिला स्तर से समय-समय पर जारी निदेशों के अनुपालन में भी शिथिलता बरती गई। इसे प्रशासनिक जिम्मेदारियों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही मानते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई का प्रस्ताव तैयार किया गया। पुलिस उपमहानिरीक्षक (तिरहुत क्षेत्र) चंदन कुमार कुशवाहा के अनुमोदन के बाद अरविंद कुमार को कच्ची-पक्की ओपी के प्रभारी पद से हटाकर पुलिस केंद्र, मुजफ्फरपुर में योगदान देने का आदेश जारी किया गया। पुलिस विभाग ने स्पष्ट किया है कि अपराध नियंत्रण, अनुसंधान और विधि-व्यवस्था के मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बेहतर पुलिसिंग और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए भविष्य में भी ऐसे अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### मुजफ्फरपुर में महिला कांस्टेबल से पिस्टल की नोक पर डेढ़ लाख की सोने की चेन लूटी, विरोध करने पर बदमाशों ने की फायरिंग

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** मुजफ्फरपुर में अपराधियों के बढ़ते दुस्साहस का एक और मामला सामने आया है। शुक्रवार शाम करीब 7:40 बजे बीएमपी-6 में तैनात महिला कांस्टेबल नेहा से पिस्टल की नोक पर करीब डेढ़ लाख रुपये मूल्य की सोने की चेन लूट ली गई। विरोध करने पर बदमाशों ने दहशत फैलाने के लिए फायरिंग भी की और मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, महिला कांस्टेबल नेहा सब्जी खरीदकर स्कूटी से अपने घर लौट रही थीं। जैसे ही वह न्यू दुगार्पुरी कॉलोनी स्थित बीएमपी-6 मेन रोड से गली में मुड़ीं, काले रंग की पल्सर बाइक पर सवार दो अपराधियों ने उनकी स्कूटी के सामने बाइक लगाकर रास्ता रोक दिया। इसके बाद बदमाशों ने पिस्टल दिखाकर उनके गले से करीब एक भर वजनी सोने की चेन छीन ली। महिला कांस्टेबल ने हिम्मत दिखाते हुए बदमाशों का विरोध किया और उन्हें पकड़ने की कोशिश की, लेकिन आरोपी भागते समय एक राउंड फायरिंग करते हुए फरार हो गए। गोली चलने की आवाज से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने भी तेज रफ्तार बाइक से भागते बदमाशों और फायरिंग की पुष्टि की है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस बदमाशों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी में जुटी हुई है। दिनदहाड़े पुलिसकर्मी को निशाना बनाए जाने की इस घटना ने शहर की कानून-व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### एसकेएमसीएच की व्यवस्था पर सवालः गंभीर बीमार पत्नी को पीठ पर लादकर डॉक्टर के पास पहुंचा पति

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** उत्तर बिहार के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े करने वाली एक मार्मिक घटना सामने आई है। अस्पताल में स्ट्रेचर और आपातकालीन सुविधाओं के दावों के बीच एक लाचार पति अपनी गंभीर रूप से बीमार पत्नी को पीठ पर उठाकर डॉक्टर के पास पहुंचने को मजबूर हो गया। इस घटना ने अस्पताल में मरीजों को मिलने वाली बुनियादी सुविधाओं और व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मीनापुर प्रखंड निवासी शकल साह अपनी पत्नी पार्वती देवी का इलाज कराने एसकेएमसीएच पहुंचे थे। उनकी पत्नी की तबीयत काफी खराब थी। शकल साह का आरोप है कि अस्पताल पहुंचने के बाद उन्होंने कई बार ट्रॉलीमैन और स्वास्थ्यकर्मियों से स्ट्रेचर उपलब्ध कराने की मांग की, लेकिन काफी देर तक उन्हें कोई सहायता नहीं मिली। इस दौरान महिला दर्द से कराहती रही और उसकी हालत लगातार बिगड़ती चली गई। जब काफी देर तक कोई मदद नहीं मिली तो शकल साह ने अपनी पत्नी को पीठ पर उठाया और डॉक्टर के चेंबर तक लेकर पहुंचे। अस्पताल परिसर में मौजूद लोगों ने यह दृश्य देखा तो हर कोई हैरान रह गया।

## सम्राट चौधरी आज सीतामढ़ी दौरे पर

# बखरी में विकास योजनाओं का शुभारंभ करेंगे मुख्यमंत्री

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार के माननीय मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी शनिवार, 08 अगस्त 2026 को सीतामढ़ी जिले के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री पुनौरा धाम में माता सीता के दर्शन एवं पूजा-अर्चना करेंगे। इसके बाद वे राघोपुर बखरी स्थित मत्स्य बीज प्रक्षेत्र (ब्रूड बैंक) पहुंचकर विभिन्न विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे।

**पुनौरा धाम में करेंगे पूजा-अर्चना**

आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री पूर्वाह्न 11:10 बजे पटना स्टेट हैंगर से हेलीकॉप्टर द्वारा सीतामढ़ी जिले के राघोपुर बखरी हेलिपैड के लिए प्रस्थान करेंगे। 11:35 बजे हेलिपैड पहुंचने के बाद सड़क मार्ग से पुनौरा धाम मंदिर परिसर जाएंगे। मुख्यमंत्री 11:40 बजे पुनौरा धाम पहुंचकर माता सीता मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे तथा मंदिर परिसर का अवलोकन करेंगे। इसके उपरांत 12:40 बजे सड़क मार्ग से राघोपुर बखरी स्थित मत्स्य बीज प्रक्षेत्र (ब्रूड बैंक) के लिए रवाना होंगे।

12:45 बजे मुख्यमंत्री मत्स्य बीज प्रक्षेत्र पहुंचकर वहां नवनिर्मित हैचरी में अंडा एवं बीज उत्पादन प्रक्रिया का निरीक्षण करेंगे। साथ ही ब्रूड बैंक के तालाबों का अवलोकन करेंगे। इस दौरान स्थानीय लाभुकों के बीच ऑक्सीजन युक्त बैग के साथ स्पॉन का वितरण भी किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉलों का निरीक्षण किया जाएगा। मुख्यमंत्री जिले की विभिन्न योजनाओं का सामूहिक रूप से शिलान्यास एवं उद्घाटन भी करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री दोपहर 1:20 बजे राघोपुर बखरी हेलिपैड के लिए प्रस्थान करेंगे तथा 1:25 बजे हेलीकॉप्टर से पटना रवाना हो जाएंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है तथा कार्यक्रम स्थलों पर प्रशासनिक अधिकारियों की लगातार निगरानी जारी है।

## सुरसंड निवासी वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मनोज असम में श्रेष्ठ वैज्ञानिक पुरस्कार 2026 से हुए सम्मानित

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सुरसंड प्रखंड के मैदान गाँव निवासी एवं राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केंद्र, दरभंगा के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मनोज कुमार को गुवाहाटी विश्वविद्यालय, असम में आयोजित पाँचवीं बायोटिक साइंस कांग्रेस-2026 एवं विज्ञान और नवाचार के माध्यम से स्वस्थ एवं सतत भविष्य विषयक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में श्रेष्ठ वैज्ञानिक पुरस्कार-2026 से सम्मानित किया गया है।

डॉ. कुमार को यह सम्मान सोसाइटी फॉर बायोटिक एंड एनवायर्नमेंटल रिसर्च द्वारा मखाना अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। साथ ही, पूर्वोत्तर भारत में कृषकों की आजीविका एवं सतत विकास को बढ़ावा देने में सुपरफूड मखाना की भूमिका विषय पर प्रस्तुत शोध-पत्र के लिए उन्हें श्रेष्ठ शोध प्रस्तुति पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।

डॉ. मनोज कुमार मखाना पोषण एवं गुणवत्ता सुधार, सूक्ष्म पोषक तत्व प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन तथा प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में निरंतर शोधरत रहे हैं। उन्होंने भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली से स्वर्ण पदक के साथ पीएचडी की है तथा एआरएस और आईसीएआर-जेआरएफ परीक्षाओं में अखिल भारतीय प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्हें पूर्व में जवाहरलाल नेहरू पुरस्कार, डॉ. एसपी रायचौधरी स्वर्ण पदक, धीरू मोरारजी स्मृति पुरस्कार, उत्कृष्ट वैज्ञानिक पुरस्कार, श्रेष्ठ युवा वैज्ञानिक पुरस्कार, रिसर्च एक्सीलेंस अवॉर्ड, बिहारी हीरो अवार्ड, मिथिला रत्न सम्मान तथा इंदिरा गाँधी सद्भावना पुरस्कार सहित अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। इस



वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मनोज कुमार।

अवसर पर डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि विज्ञान वही है जो मानवता के काम आए। वैज्ञानिक अनुसंधान की वास्तविक सार्थकता तभी है, जब उसका लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुँचे। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक अनुसंधान और उसके प्रभावी प्रसार के माध्यम से मिथिला क्षेत्र की आर्थिक उन्नति में योगदान देना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। खुशी है कि मखाना अनुसंधान एवं प्रसार के माध्यम से मिथिला सहित पूरे बिहार को वैश्विक पहचान मिली है।

डॉ. कुमार की इस उपलब्धि पर स्थानीय शिक्षाविदों एवं समाजसेवियों ने बधाई देते हुए इसे सीतामढ़ी सहित समूचे मिथिलांचल के लिए गौरव का विषय बताया।

## एनएच-27 पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को कुचला, मौके पर मौत

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले के बेनीबाद थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना सियारी पुल के समीप एनएच-27 पर हुई, जहां अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को कुचल दिया। मृतक की पहचान बेनीबाद थाना क्षेत्र के पिरोछा गांव निवासी ईश्वर यादव के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही बेनीबाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। बेनीबाद थाना प्रभारी राजकुमार गौतम ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटनास्थल से क्षतिग्रस्त बाइक को भी जब्त कर लिया गया है।

## बैरगनिया में 4 किलो गांजा व हथियार के साथ दो धराये

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** एसएसबी 20वीं वाहिनी एवं एसटीएफ सीतामढ़ी की संयुक्त करवाई में एक बाइक सवार दो युवकों को 4 किलों गांजा,एक देशी कट्टा, चार जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर थाना को सुपुर्द किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि ई समवाय बसबिटा के निरीक्षक परमेन्द्र कुमार के नेतृत्व में जवानों की टीम बसबीटा से ढेंग के लिए स्पेशल बाइक चेकिंग के लिए निकली और एसटीएफ टीम को भी सूचना दी तथा ढेंग के पास पहुँचा तो देखा कि दो बाइक सवार टीम को देखकर बैरगनिया के लक्ष्मीपुर बीओपी एसएसबी कैम्प (बंशी चाचा सेतु सड़क पुल) की ओर भाग रहा है तभी बीओपी के असिस्टेंट कमांडेंट हिमांशु कुमार को सूचना दी फलतः उन्होंने उधर भी बाइक चेकिंग शुरू कर दी तो दोनों बाइक सवार वहां पहुँचकर चेकिंग देखी और बाइक को धीरे कर बाइक को मोड़कर भागने की कोशिश की तभी बसबीटा की टीम एसटीएफ के साथ पहुँचकर पकड़ लिया।बिना नम्बर की बाइक के साथ पकड़े गए युवकों के पास से 4 किलों गांजा जैसा पदार्थ, एक देशी कट्टा, चार जिंदा कारतूस बरामद किया और पूछताछ पर एक ने बताया कि उसके चचेरे भाई अंबुज कुमार ने उक्त समान को बैरगनिया में किसी अज्ञात व्यक्ति को देने के लिए दिया था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पकड़े गए दोनों युवक क्रमशः मेजरगंज थाना क्षेत्र के सिजुआ गांव निवासी सत्यनारायण राय के पुत्र शिवम कुमार एवं बेलवा गांव निवासी शिव प्रसाद राय के पुत्र राहुल कुमार है जबकि अंबुज भी बेलवापरी गांव के बच्चा प्रसाद यादव का पुत्र है। निरीक्षक ने लिखित आवेदन के साथ पकड़े गए दोनों युवकों को जप्त आर्म्स, कारतूस, गांजा, बाइक के साथ बैरगनिया थाना को सुपुर्द कर दिया। फलस्वरूप थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार गिरी ने एफआईआर दर्ज कर दोनों को सीतामढ़ी न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



गिरफ्तारी की जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

## सरकार जमीन छीनने की जगह हर गांव को सीतापुरम प्रोजेक्ट बनाये

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** भूमि बचाओ संघर्ष समिति (सेटेलाईट सीतापुरम प्रोजेक्ट सीतामढी) के तत्वावधान में रीगा प्रखंड के उसरहिया बाजार पर एक आम सभा सांखी निवासी समाजसेवी राम विवेक सिंह की अध्यक्षता में हुई। सभा को संबोधित करते हुए संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा उतर बिहार के संयोजक तथा भूमि बचाओ संघर्ष समिति के सदस्य डा.आनन्द किशोर ने कहा कि सेटेलाईट प्रोजेक्ट के खिलाफ 12 जिलों के किसान-मजदूर सडकों पर हैं, परन्तु अलोकतांत्रिक सरकार कारपोरेट हित मेंअपने किसानो से बात करने के वजाए रोज रोज जमीन लूट तथा भूमि अधिग्रहण की योजना बना रही है। सरकार जमीन छीनने की जगह गांधी, जयप्रकाश तथा लोहिया के गांव तथा खेत बचाने उसे समृद्ध करने की योजना के तहत सभी गांवों को सीतापुरम बनाने का प्रोजेक्ट बनाये अन्यथा भारी आन्दोलन का सामना करना होगा। डा.किशोर ने 9 अगस्त के महापंचायत में पुनौरा पंहुचने की अपील की।

सभा मे उसरहिया, सांखी, मारर, मठबा के किसान-मजदूरों ने गांव तथा जमीन बचाने हेतू हाथ उठाकर संघर्ष तेज करने तथा 9 अगस्त के किसान महापंचायत में पुनौरा पंहुचने का संकल्प व्यक्त किया।

सभा को वरिष्ठ वामपंथी नेता योगेन्द्र प्रसाद यादव, रामसागर ठाकुर, प्रगतिशील किसान संगठन के अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह, प्रेमचन्द्र सिंह, अश्विनी कुमार मिश्र, पारसनाथ सिंह, संजीव कुमार चौधरी, प्रमोद यादव, रामरेखा मिश्र, शशिभूषण झा, उमाशंकर राय, लक्ष्मण राय, कौशल कुमार ने भी संबोधित किया तथा कहा कि हम अपनी बाप-दादा की तथा गाढी कमाई की जमीन बचाने के लिए संघर्ष करेंगे तथा सहयोग हेतू जनप्रतिनिधियों पर भी दबाव बनायेंगे।



रीगा प्रखंड के उसरहिया बाजार पर एक आम सभा में शामिल लोग।

## रघई घाट पर नदी किनारे मिला विवाहिता का शव, दो दिनों से थी लापता

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** सिवाईपट्टी थाना क्षेत्र के रघई घाट पर शुक्रवार की सुबह नदी किनारे एक विवाहिता का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतका की पहचान टेंगरारी धपहर गांव निवासी राजू सहनी की 29 वर्षीय पत्नी सुमित्रा देवी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, सुमित्रा देवी पिछले दो दिनों से रहस्यमय परिस्थितियों में घर से लापता थीं। परिवार के लोग लगातार उनकी तलाश कर रहे थे, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया था।

बताया जाता है कि शुक्रवार सुबह कुछ ग्रामीण रघई घाट की ओर गए थे। इसी दौरान उन्होंने नदी किनारे पानी में एक महिला का शव देखा। सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और देखते ही देखते घटनास्थल पर भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर पहुंचे परिजनों ने कपड़ों और हुलिए के आधार पर शव की पहचान सुमित्रा देवी के रूप में की। पहचान होते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

सिवाईपट्टी थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। साथ ही परिजनों और स्थानीय लोगों से पूछताछ कर मामले की जांच की जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका स्पष्ट खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

## किसान महापंचायत पुनौरा की तैयारी समिति तथा भूमि बचाओ संघर्ष समिति की बैठक संपन्न

# सीतापुरम प्रोजेक्ट को उच्च न्यायालय में भी लड़ने पर विचार

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** अगस्त क्रांति दिवस पर 9 अगस्त को आयोजित किसान महापंचायत पुनौरा की तैयारी समिति तथा भूमि बचाओ संघर्ष समिति की कोर कमेटी के सदस्यों की बैठक समिति कार्यालय पुनौरा में संयोजक संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में समिति के संरक्षक बैधनाथ हाथी ने महापंचायत की तैयारी रिपोर्ट दी तथा कहा कि सभी प्रभावित गांवों में 45 प्रतिशत जमीन छीनने तथा लौक डाउन को लेकर भारी गुस्सा है। हजारों किसान महापंचायत में जुटेंगे।

समिति के सदस्य डा.आनन्द किशोर ने कहा कि पटना जिला सेटेलाईट



संघर्ष समिति की कोर कमेटी की बैठक में शामिल सदस्य।

सीटी विरोधी आंदोलन के नेता तथा संयुक्त किसान मोर्चा के नेता भी महापंचायत में शामिल होने पर सहमति दी है। बैठक में कहा गया कि पंचायत मेंआये किसानों से विमर्श कर आगे बडे आंदोलन तथा पटना उंच्च न्यायालय में भी इस मामले को बढाने पर निर्णय लिया जायगा। बैठक में तय किया गया कि महापंचायत के बाद किसान तथा समिति

**सीता माता मंदिर में प्रार्थना कर सेटेलाइट प्रोजेक्ट वापसी हेतू सीएम के लिए सदबुद्धि की मांग करेंगे किसान**

के सदस्य पुनौरा धाम में माता जानकी का दर्शन कर मांग करेंगे कि सीता मैया बिहार सरकार तथा मुख्यमंत्री को सदबुद्धि दें कि सीतापुरम प्रोजेक्ट वापस लेकर यहां के किसान-मजदूरों का जमीन तथा जीवन बंचाये। बैठक में प्रभावित गांवों के किसान- मजदूरों से 9अगस्त को बडी संख्या में पुनौरा पंहुचने की भी अपील की गई।

बैठक में रामसागर ठाकुर, प्रेमचन्द्र सिंह, मो. अनबर अली, नवीन कुमार सिंह, धीरज कुमार सिंह,जितेन्द्र हाथी, टिंकू प्रसाद, हरिओम सिंह, गुड्डु हाथी, लालबाबू साह, अरविन्द कुमार, बिकाउ महतो, शिबजी महतो, अयूब अंसारी, राजीव कुमार सहित अन्य सदस्यों ने अपना विचार रखा तथा सेटेलाइट प्रोजेक्ट वापसी तक संघर्ष तेज करने की अपील की।

## सम्पादकीय

## आखिर कब जागेगी सरकारी स्कूलों की संगीत शिक्षा

शिक्षा केवल अक्षरज्ञान नहीं है। शिक्षा वह प्रक्रिया है जो मनुष्य के भीतर छिपे विचारों को दिशा देती है, संवेदनाओं को विस्तार देती है और व्यक्तित्व को पूर्णता प्रदान करती है। यदि विद्यालय केवल परीक्षा पास कराने की मशीन बन जाएं और बच्चों के भीतर छिपे कलाकार, गायक, वादक, चित्रकार, कवि और सृजनकर्ता को पहचानने का अवसर ही न मिले, तो ऐसी शिक्षा अधूरी ही नहीं, बल्कि भविष्य के साथ अन्याय भी है। एक विकसित राष्ट्र वही होता है, जहाँ विज्ञान और तकनीक के साथ कला, साहित्य, संगीत और संस्कृति भी समान सम्मान पाते हैं। इसलिए जब सरकार ने विद्यालयों में संगीत शिक्षा को नई ऊर्जा देने के उद्देश्य से करोड़ों रुपये की लागत से वाद्य यंत्र उपलब्ध कराए, तब यह केवल एक सरकारी योजना नहीं थी, बल्कि बच्चों के सपनों को स्वर देने का संकल्प था।

किन्तु आज यह संकल्प एक कड़वी सच्चाई के सामने खड़ा दिखाई देता है। बिहार के 72000 प्रारंभिक विद्यालयों और 12,434 उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में भेजे गए हारमोनियम, तबला, ढोलक, की-बोर्ड, बांसुरी, दफली, करताल, झाल, मंजीरा, पीए सिस्टम तथा अन्य वाद्य यंत्र अधिकांश स्थानों पर या तो अलमारियों में बंद हैं, या फिर उनके ऊपर धूल की मोटी परत जम चुकी है। कई विद्यालयों में तो इन उपकरणों के डिब्बे तक नहीं खुले। जिन वाद्य यंत्रों से बच्चों के जीवन में संगीत की लहरियां गूंजनी थीं, वे स्वयं खामोशी की कैद में हैं। यह दृश्य केवल निष्क्रिय उपकरणों का नहीं, बल्कि दम तोड़ती उम्मीदों, बिखरते सपनों और अधूरी योजनाओं का प्रतीक बन चुका है।

इस योजना की परिकल्पना अत्यंत दूरदर्शी थी। विद्यालयों में सप्ताह में तीन दिन संगीत शिक्षा, प्रतिदिन चेतना सत्र में सामूहिक गायन, लोकगीतों और लोकवाद्यों से बच्चों का परिचय, सांस्कृतिक चेतना का विकास, विशेष रूप से बालिकाओं की सहभागिता बढ़ाना तथा विद्यालयों को केवल पढ़ाई का केंद्र नहीं, बल्कि संस्रति और सृजन का केंद्र बनाना इसका मूल उद्देश्य था। चयनित मॉडल विद्यालयों को आधुनिक बैंड उपकरण तक उपलब्ध कराए गए ताकि राष्ट्रीय पर्वो, सांस्कृतिक आयोजनों और विद्यालयी कार्यक्रमों में बच्चों की प्रतिभा निखर सके। यदि यह योजना पूरी गंभीरता से लागू होती, तो सरकारी विद्यालयों की तस्वीर ही बदल सकती थी।

लेकिन किसी भी योजना की सफलता केवल संसाधनों पर नहीं, बल्कि उन संसाधनों को उपयोगी बनाने वाली व्यवस्था पर निर्भर करती है। यहीं सबसे बड़ी चूक हुई। वाद्य यंत्र तो पहुंच गए, लेकिन संगीत शिक्षक नहीं पहुंचे। विद्यालयों में संगीत कक्ष बनाने के निर्देश दिए गए, पर उनमें संगीत सिखाने वाला कोई नहीं था। परिणाम यह हुआ कि करोड़ों रुपये के उपकरण निरीक्षण की वस्तु बनकर रह गए। यह स्थिति केवल संगीत शिक्षा की विफलता नहीं, बल्कि प्रशासनिक योजना निर्माण और क्रियान्वयन के बीच मौजूद गहरे अंतर को भी उजागर करती है।

प्रश्न यह है कि क्या किसी अस्पताल में आधुनिक मशीनें रख देने मात्र से इलाज हो जाएगा, यदि वहां विशेषज्ञ चिकित्सक न हों क्या विज्ञान प्रयोगशाला बिना विज्ञान शिक्षक के विज्ञान सिखा सकती है क्या कंप्यूटर लैब बिना प्रशिक्षक के डिजिटल शिक्षा दे सकती है यदि उत्तर नहीं है, तो फिर संगीत शिक्षक के बिना संगीत शिक्षा कैसे संभव हो सकती थी यही वह मूल प्रश्न है, जिसका उत्तर व्यवस्था को देना होगा।

संगीत को अक्सर केवल मनोरंजन समझ लिया जाता है, जबकि वास्तविकता इससे कहीं अधिक व्यापक है। संगीत अनुशासन सिखाता है, सामूहिकता सिखाता है, धैर्य सिखाता है, संवेदनशीलता सिखाता है और मनुष्य को भीतर से संतुलित बनाता है। विश्व के अनेक शोध बताते हैं कि संगीत सीखने वाले बच्चों की एकाग्रता, स्मरण शक्ति, रचनात्मक क्षमता, भावनात्मक संतुलन तथा आत्मविश्वास सामान्यतः अधिक विकसित होता है। संगीत तनाव को कम करता है, मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाता है और बच्चों के भीतर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। ऐसे समय में जब नई पीढ़ी मोबाइल, इंटरनेट और डिजिटल व्याकुलता के बीच अपना बचपन खो रही है, संगीत उन्हें मानसिक संतुलन और सांसतिक जुड़ाव प्रदान कर सकता है।

# कार डीलरों की मनमानी : कानून हैं, पर राहत कहाँ



रजनीश कपूर

भारत में नई कार खरीदना आज भी कई उपभोक्ताओं के लिए खुशी का पल होने के बजाय तनाव और दबाव का अनुभव बन जाता है। शोरूम में कदम रखते ही डीलर की तरफ से अनावश्यक एक्सेसरीज पैकेज, एक्सटेंडेड वारंटी, और खासकर बीमा खरीदने का दबाव शुरू हो जाता है। कई बार तो यह दबाव इतना बढ़ जाता है कि ग्राहक या तो अनचाही चीजें खरीदने को मजबूर हो जाता है या फिर डीलर डिलीवरी में देरी या बुकिंग रद्द करने की धमकी देता है। यह प्रथा न केवल उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि बाजार की निष्पक्षता पर भी सवाल खड़ा करती है।

सवाल है कि कार डीलर अनावश्यक सामान क्यों थोपते हैं, मुख्य कारण लाभ का मार्जिन है। नई कार बेचने पर डीलर का मुनाफा आमतौर पर चार से सात प्रतिशत के आसपास रहता है, जबकि मोटर इंश्योरेंस बेचने पर कमीशन उन्नीस से बाईस प्रतिशत तक या उससे भी अधिक हो सकता है। एक्सेसरीज, जैसे सीट कवर, मैट, परफ्यूम, क्रोम गार्निश या म्यूजिक सिस्टम पर भी अच्छा मार्जिन मिलता है। इसलिए डीलर कार की बिक्री को इन अतिरिक्त उत्पादों से जोड़ देते हैं। कई मामलों में वे बुकिंग या डिलीवरी को इन खरीदारी से सशर्त बना देते हैं। यह व्यवहार बाजार की प्रतिस्पर्धा को कम करता है और उपभोक्ता की पसंद की स्वतंत्रता छीन लेता है।

बीमा के मामले में स्थिति और गंभीर है। मोटर वाहन अधिनियम के तहत हर वाहन का थर्ड-पार्टी बीमा अनिवार्य है, लेकिन यह बीमा किसी भी अधित बीमा कंपनी से लिया जा सकता है। डीलर से लेना अनिवार्य नहीं है। फिर भी डीलर अक्सर यह कहते हैं कि उनके पास से बीमा नहीं लिया तो डिलीवरी नहीं होगी या कैशलेस क्लेम सुविधा नहीं मिलेगी। यह दावा सरासर गलत है।

भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण ने 2017 में मोटर इंश्योरेंस सर्विस प्रोवाइडर दिशानिर्देश जारी किए थे। इन दिशानिर्देशों के कोड ऑफ कंडक्ट में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि एमआईएसपी ग्राहक को विभिन्न बीमा कंपनियों के विकल्प पेश करे। वह किसी विशेष बीमाकर्ता या मध्यस्थ से बीमा खरीदने के लिए मजबूर नहीं कर सकता, न ही ग्राहक के अधिकारों को सीमित कर सकता है।

आईआरडीएआई ने कई मौकों पर इस तरह की प्रथाओं के खिलाफ कार्रवाई भी की है। उदाहरण के लिए, मारुति इंश्योरेंस ब्रोकिंग लिमिटेड पर तीन करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया था क्योंकि उन्होंने उन पलिसीधारकों को कैशलेस सुविधा से वंचित करने की कोशिश की थी जिन्होंने उनके जरिए बीमा नहीं लिया था।

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 भी ग्राहकों को इस मामले में मजबूत ढाल प्रदान करता है। अधिनियम की धारा 2(47) में अनुचित व्यापार व्यवहार को परिभाषित किया गया है, जिसमें भ्रामक तरीके, जबरदस्ती बिक्री और विकल्पों को सीमित करना शामिल है। ऐसे में सेवा में कमी (डिफिशिएंसी इन सर्विस) के तहत भी शिकायत दर्ज की जा सकती है। जिला, राज्य और राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ऐसे मामलों में राहत दे सकते हैं।

कई उपभोक्ता मंचों ने डीलरों की मनमानी को अनुचित व्यापार व्यवहार मानते हुए मुआवजा और रिफंड के आदेश दिए हैं।

> उपभोक्ताओं को जागरूक होना चाहिए, बीमा ऑनलाइन या स्वतंत्र एजेंट से तुलना करके ही खरीदें, जब एक्सेसरीज बाजार से सस्ते दामों पर उपलब्ध हैं तो डीलर के दबाव में क्यों आएँ ऐसे में ग्राहकों को चाहिए कि दबाव पड़ने पर कार निर्माता की कस्टमर केयर तथा उपभोक्ता हेल्पलाइन (1915) पर शिकायत दर्ज करें।

उल्लेखनीय है कि उपभोक्ता आयोग नियमित रूप से ऐसे मामलों को सुनते हैं और राहत देते हैं। आरटीओ विभागों ने भी समय-समय पर डीलरों को चेतावनी जारी की है कि वे बीमा चुनने का अधिकार ग्राहक को ही दें। ग्राहकों पर डीलर द्वारा किसी भी तरह का दबाव गैर-कानूनी है।

लेकिन ऐसा क्या कारण है कि इन सभी कानूनों के बावजूद ग्राहक डीलर के दबाव में आ जाते हैं । देखा जाए तो इसके कई कारण हैं।

पहला, जागरूकता की कमी। ज्यादातर खरीदार यह नहीं जानते कि बीमा और एक्सेसरीज उनकी स्वतंत्र पसंद है।

दूसरा, समय का दबाव। नई कार का इंतजार करने वाले परिवार या व्यवसायिक जरूरत वाले व्यक्ति डिलीवरी में देरी नहीं चाहते।

तीसरा, डीलर की रणनीति। वे कभी-कभी 'स्पेशल अफर' या 'फ्री सर्विस पैकेज' का लालच देते हैं, जो केवल उनके जरिए बीमा लेने पर ही उपलब्ध होता है।

चौथा, शिकायत प्रक्रिया की जटिलता। उपभोक्ता आयोग में मामला दर्ज करने में समय और प्रयास लगता है, जबकि कार तुरंत चाहिए होती है। परिणामस्वरूप, कई ग्राहक चुपचाप ऐसे अनावश्यक और अतिरिक्त खर्च स्वीकार कर लेते हैं।

देखा जाए तो स्थिति दोनों तरफ की एक जैसी ही है। डीलर के पक्ष से देखा जाए तो वे व्यवसाय करते हैं और अतिरिक्त राजस्व के स्रोत तलाशते हैं। कार बिक्री का मार्जिन कम होने और प्रतिस्पर्धा बढ़ने से वे बीमा और एक्सेसरीज पर निर्भर हो गए हैं। एमआईएसपी व्यवस्था ने उन्हें वैध रूप से बीमा बेचने का अधिकार दिया, लेकिन कइयों ने इसका दुरुपयोग किया।

उपभोक्ता के पक्ष से यह स्पष्ट शोषण है। ग्राहक की पसंद की आजादी छीनना, गलत सूचना देना और दबाव बनाना न तो नैतिक है और न ही कानूनी।

ऐसे में समाधान के लिए कई कदम जरूरी हैं। आईआरडीएआई को एमआईएसपी को पूर्ण नियामक दायरे में लाना चाहिए और उल्लंघन पर सीधे जुर्माना लगाने का प्रावधान करना चाहिए। निर्माता कंपनियों को अपने डीलर नेटवर्क पर सख्त निगरानी रखनी चाहिए और शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए।

उपभोक्ताओं को जागरूक होना चाहिए, बीमा ऑनलाइन या स्वतंत्र एजेंट से तुलना करके ही खरीदें, जब एक्सेसरीज बाजार से सस्ते दामों पर उपलब्ध हैं तो डीलर के दबाव में क्यों आएँ ऐसे में ग्राहकों को चाहिए कि दबाव पड़ने पर कार निर्माता की कस्टमर केयर तथा उपभोक्ता हेल्पलाइन (1915) पर शिकायत दर्ज करें। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) भी इस प्रथा को अनुचित व्यापार व्यवहार के रूप में जांच सकता है।


कार खरीदना जीवन का महत्वपूर्ण निर्णय है। डीलर की मनमानी को रोकने के लिए कानून मौजूद हैं, लेकिन उनका प्रभावी क्रियान्वयन और उपभोक्ता जागरूकता दोनों जरूरी हैं। जब तक खरीदार अपने अधिकारों के प्रति सचेत नहीं होंगे और नियामक सख्ती नहीं बरतेंगे, तब तक यह दबाव जारी रहेगा। निष्पक्ष बाजार तभी बनेगा जब व्यापारिक हित और उपभोक्ता अधिकार संतुलित होंगे।

*लेखक दिल्ली स्थित कालचक्र समाचार ब्यूरो के संपादक हैं।*
*(ये लेखक के निजी विचार हैं।)*

## एसआरके म्यूजिक की भोजपुरी फिल्में अब जियोहॉटस्टार पर, डिजिटल दुनिया में भोजपुरी सिनेमा का बढ़ा दायरा

**भोजपुरी सिनेमा** के लिए यह गर्व का क्षण है। देश की अग्रणी म्यूजिक और फिल्म निर्माण कंपनी एसआरके म्यूजिक प्राइवेट लिमिटेड की भोजपुरी फिल्में अब देश के प्रमुख ओटीटी प्लेटफॉर्म जियोहॉटस्टार पर उपलब्ध हैं। इससे भोजपुरी फिल्मों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर करोड़ों दर्शकों तक पहुंचने का नया माध्यम मिला है। हाल के वर्षो में जियोहॉटस्टार ने भोजपुरी कंटेंट को भी अपने प्लेटफर्म पर प्रमुखता से स्थान दिया है।

एसआरके म्यूजिक के विशाल फिल्म कैटलॉग में पारिवारिक, सामाजिक, रोमांटिक, एक्शन, कॉमेडी और सस्पेंस से भरपूर कई बेहतरीन फिल्में शामिल हैं। जियोहॉटस्टार पर उपलब्ध प्रमुख फिल्मों में सास की सौतन, ससुराल गेंदा




फूल, मेहमान, सास बहू यमराज, श्री 420, राज, रंग दे बसंती, रिश्ते और मंडप जैसी चर्चित फिल्में दर्शकों का भरपूर मनोरंजन कर रही हैं। इनमें हर वर्ग के दर्शकों के लिए अलग-अलग विषयों पर आधारित कहानियां देखने को मिलती हैं।

डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भोजपुरी फिल्मों की बढ़ती लोकप्रियता यह साबित करती है कि अब क्षेत्रीय सिनेमा की पहुंच सीमित नहीं रही। भारत के साथ-साथ विदेशों में रहने वाले भोजपुरी भाषी दर्शक भी अपनी पसंदीदा फिल्मों का आनंद आसानी से ले पा रहे हैं। ओटीटी के विस्तार ने भोजपुरी सिनेमा को नई पहचान और बड़ा बाजार उपलब्ध कराया है।

एसआरके म्यूजिक प्राइवेट लिमिटेड लंबे समय से भोजपुरी संगीत और सिनेमा के क्षेत्र में गुणवत्ता और मनोरंजन का पर्याय रहा है। अब एक साथ इतनी फिल्मों का जियोहॉटस्टार पर उपलब्ध होना कंपनी की मजबूत डिजिटल मौजूदगी और भोजपुरी सिनेमा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भोजपुरी फिल्मों के शौकीनों के लिए जियोहॉटस्टार अब एक ऐसा मंच बन चुका है, जहां उन्हें मनोरंजन की भरपूर दुनिया एक ही जगह पर मिल रही है।

# एलआईसी म्यूचुअल फंड ने मुजफ्फरपुर में मजबूत की अपनी मौजूदगी

### नई शाखा से मुजफ्फरपुर और आसपास के जिलों में निवेशकों तक पहुंच और सहभागिता बढ़ेगी

**भारत के सबसे भरोसेमंद** म्यूचुअल फंड घरानों में एक एलआईसी म्यूचुअल फंड (एलआईसी एमएफ) ने मुजफ्फरपुर में अपनी नई शाखा खोलने की घोषणा की है । इसके साथ ही कंपनी ने बिहार में अपनी जमीनी मौजूदगी को और मजबूत किया है तथा उभरते बाजारों के निवेशकों के लिए म्यूचुअल फंड निवेश को अधिक सुलभ बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाया है।

शाखा का उद्घाटन एलआईसी म्यूचुअल फंड एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि कुमार झा ने किया।



शाखा का उद्घाटन एलआईसी म्यूचुअल फंड एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि कुमार झा ने किया।

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के ताजा भौगोलिक आंकड़ों के अनुसार, बिहार में बाजार से जुड़े निवेश उत्पादों में निवेशकों की भागीदारी लगातार बढ़ रही है । राज्य के औसत म्यूचुअल फंड एयूएम में इक्विटी योजनाओं की हिस्सेदारी 81 प्रतिशत है । इक्विटी आधारित निवेश के प्रति इस मजबूत रुझान से बाजार से जुड़े निवेश के विकल्पों में बढ़ती रुचि का पता चलता है । यह राज्य में म्यूचुअल फंड निवेश की पहुंच को और व्यापक बनाने का अवसर प्रदान करता है।

एलआईसी म्यूचुअल फंड एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि कुमार झा ने इस अवसर पर कहा, "मुजफ्फरपुर शाखा का उद्घाटन बिहार में एलआईसी म्यूचुअल फंड की मौजूदगी को मजबूत करने और टियर-3 शहरों के निवेशकों तक म्यूचुअल फंड निवेश को पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उत्तर बिहार का एक महत्वपूर्ण व्यावसायिक केंद्र होने के कारण मुजफ्फरपुर निवेशकों की भागीदारी और जागरूकता बढ़ाने के लिए एक बड़ा अवसर प्रदान करता है।

इस क्षेत्र में एलआईसी एमएफ के 9,979 निवेशक और 527 म्यूचुअल फंड वितरकों का नेटवर्क है, जो निवेशकों और वितरण साझेदारों के साथ हमारी सहभागिता को और मजबूत करने के लिए एक मजबूत आधार उपलब्ध कराता है। हमारा प्रयास जमीनी स्तर पर अपनी मौजूदगी और डिजिटल पहलों के माध्यम से निवेश को अधिक सरल और सुलभ बनाना है । साथ ही हम अधिक से अधिक निवेशकों को जल्द निवेश शुरू करने, नियमित निवेश करने और दीर्घकालिक संपत्ति सृजन के लिए प्रेरित करना चाहते हैं।"

# सैमसंग ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर विजन एआई टीवी डील्स की घोषणा की

### सैमसंग के बिग सेलिब्रेशन, बिगर स्क्रीन, बिगेस्ट इमोशंस कैम्पेन के तहत प्रीमियम टीवी रेंज पर शानदार ऑफर्स का लाभ उठाएं

**सैमसंग इंडिया** ने अपने नवीनतम विजन एआई तकनीक से लैस बड़े स्क्रीन वाले टीवी को बढ़ावा देने के लिए बिग सेलिब्रेशन, बिगर स्क्रीन, बिगेस्ट इमोशंस नाम से एक विशेष कैम्पेन शुरू किया है। यह देशव्यापी कैम्पेन ग्राहकों को प्रीमियम टेलीविजन में अपग्रेड करने के लिए प्रोत्साहित करता है, ताकि उन्हें ज्यादा स्मार्ट, पर्सनलाइज्ड और शानदार होम एंटरटेनमेंट का अनुभव मिल सके।

इस कैम्पेन का मुख्य आकर्षण सैमसंग की अत्याधुनिक विजन एआई तकनीक है। यह तकनीक बिक्सबी, परप्लेक्सिटी और माइक्रोसफ्ट को-पायलट जैसे एआई प्लेटफर्म्स के साथ मिलकर ग्राहकों को उनकी पसंद के हिसाब से टीवी देखने का ज्यादा पर्सनलाइज्ड और स्मार्ट अनुभव देती है। ये सुविधाएं सैमसंग के नवीनतम माइक्रो आरजीबी, ओएलईडी, नियो क्यूएलईडी, मिनी एलईडी और क्रिस्टल यूएचडी टीवी मॉडल्स में उपलब्ध हैं, जो सिनेमा, खेल और रोजमर्रा के मनोरंजन का अनुभव सीधे ग्राहकों के लिविंग रूम तक पहुंचाते हैं।

चयनित सैमसंग विजन एआई बिग टीवी पर ग्राहकों को कई आकर्षक ऑफर्स का लाभ मिलेगा। इनमें 1,02,990 रुपये तक का मुफ्त साउंडबार, 5,29,990 रुपये तक का मुफ्त टीवी, 20 प्रतिशत तक कैशबैक, जीरो डाउन पेमेंट और 36 महीने तक की आसान ईएमआई जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इसके अलावा, इस कैम्पेन के तहत ग्राहकों को सैमसंग टीवी प्लस, सैमसंग केयर, सैमसंग फिनांस, सैमसंग साउंड और सैमसंग आर्ट जैसी वैल्यू-ऐडेड सेवाओं का लाभ भी मिलेगा। साथ ही, इन टीवी के लिए सात वर्षो तक ऑपरेटिंग सिस्टम अपग्रेड की सुविधा भी दी जाएगी।

विजन एआई तकनीक से लैस सैमसंग के टीवी देशभर में सैमसंग के रिटेल स्टोर्स, फ्लिपकार्ट और आमेजन पर उपलब्ध हैं। इस अभियान के जरिए सैमसंग का लक्ष्य स्मार्ट एआई फीचर्स, बड़े स्क्रीन और आकर्षक त्योहारी अफर्स को साथ लाकर प्रीमियम होम एंटरटेनमेंट को भारत भर के ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों तक पहुंचाना है।

## प्रवचन

# गुणाक्षर न्याय से भी जीवों का उद्धार : जीयर स्वामी

> गुप्त कार्यो का भी चित्र अंकित करते हैं चित्रगुप्त
>
> धैर्य रूपी मित्र का कभी न छोड़ें साथ
>
> कर्मफल निर्धारण में काल स्वतंत्र नहीं

कभी-कभी जीव से संयोगवश भी अच्छे कार्य हो जाते है, जिसका कारण और परिणाम का उसे पता नहीं होता। ऐसे सत्कर्मो के गुणाक्षर न्याय जीव को परमात्मा के करीब लाकर उद्धार कर देते हैं। मनुष्य को कभी अपने धैर्य रुपी मित्र का साथ नहीं छोड़ना चाहिए। उपरोक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने चंदवा में आयोजित चातुर्मास्य ज्ञान-यज्ञ में प्रवचन करते हुए कहीं।

श्री जीयर स्वामी ने कहा कि मनुष्य द्वारा किये गये कर्मो की अनुकूलता एवं प्रतिकूलता के अनुरूप ही काल द्वारा फल तय किया जाता है, जिसे अदृष्ट या अपूर्व कहा जाता है। काल स्वतंत्र नहीं है। वह कर्मो की गणना के फलाफल से संचालित होता है। जैसे न्यायाधीश आरोपित व्यक्ति को साक्ष्यों के आधार पर दंड या रिहाई का निर्णय देते हैं। उसी तरह काल भी चित्रगुप्त द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर ही निर्णय लेता है। स्वामी जी ने एक पौराणिक कथा के माध्यम से कालचक्र की व्याख्या की। एक साध्वी के एकलौते पुत्र को सर्प ने डंस लिया। साध्वी की रोने की आवाज पर एक सपेरा आ गया। मृत्यु का कारण जानकर वह सांप को पकड़ लाया। सर्प ने कहा कि मेरा दोष नहीं, मैंने काल देव की आज्ञा पालन की। वहाँ काल देव पहुँचे। उन्होंने कहा कि मैं मृत्यु देवता की आज्ञा मानता हूँ। मृत्युदेव पहुँचकर अपने को यमराज के अधीन बताया। यमराज बोले कि मैं चित्रगुप्त के आदेशानुसार कार्य करता हूँ। चित्रगुप्त बोले कि जीव जैसा कर्म करता है, उसका गुप्त चित्र मेरे पास रहता है। जीव अंधेरा, उजाला अथवा गुप्त स्थान में भी कोई कार्य करता है, तो उसका चित्र और प्रमाण मेरे पास अंकित हो जाता है। उसी के आधार पर मैं फल का प्रावधान करता हूँ। मनुष्य अपने कर्मो के अनुसार ही सुख-दुख, लाभ-हानि और यश-अपयश रूपी फल पाता है। दुनिया की ऑखों से कुकृत्य भले ही न देखा जाय, चित्रगुप्त भगवान जीवों के गलत कार्यो को देखते हैं और उसके परिणाम को भी तय करते हैं। अतः मनुष्य अपने को बुरे कार्यो से दूर रखे, यही एकमात्र सद्गति का उपाय है।

गुणाक्षर न्याय की चर्चा करते हुए स्वामी जी ने कहा कि सिर्फ प्रत्यक्ष कर्मो का ही फलाफल ईश्वर नहीं देते। बल्कि कुछ ऐसे भी कार्य होते



श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी।

हैं, जिसे जीव अनजाने या संयोगवश कर देता है। उन कर्मो का फल अप्रत्याशित रुप से प्राप्त होता है। वैसे ही कर्मो के प्रतिफल को गुणाक्षर न्याय माना गया हैं।

स्वामी जी ने कहा कि सिर्फ ब्राह्मणों की हत्या से ही ब्रह्म हत्या का दोष नहीं लगता। ईश्वर की स्तुति करते हुए व्यक्ति की हत्या या मॉ का स्तनपान कर रहे शिशु को झटके से खींच देने आदि पर भी ब्रह्म हत्या का दोष लगता है। स्वामी जी ने कहा कि वृत्रासुर राक्षस था। लेकिन इन्द्र ने उसकी हत्या तब की, जब वह परमात्मा का ध्यान कर रहा था। इसीलिये इन्द्र को ब्रह्म हत्या का दोष लगा। इस दोष के कारण उन्हें क्षय रोग हो गया और शरीर से दुर्गंध आने लगी। इस दोष से मुक्ति के लिये वे मान सरोवर में जल के भीतर तपस्या करने चले गये। ब्रह्महत्या का अर्थ होता है निकृष्टतम अपराध। अबोधजीव एवं ईश्वर में तल्लीन भक्तों को कष्ट पहुँचाना ब्रह्महत्या ही है।

*'सान्निध्य का संस्मरण' पुस्तक से साभार*

# स्टार प्लस और जियोहॉटस्टार लेकर आ रहे फैमिली गेम शो 'इंडिया के टॉप 1 प्रतिशत', जिसे होस्ट करेंगे अनिल कपूर

### प्रीमियर 5 सितम्बर से

**इस फेस्टिव** सीजन में स्टार प्लस और जियोहॉटस्टार लेकर आ रहे हैं इंडिया का सबसे बड़ा फैमिली गेम शो इंडिया के टॉप 1 प्रतिशत, जिसका प्रीमियर होगा 5 सितम्बर को।

दुनिया भर में नीदरलैंड्स, जर्मनी, स्पेन, ग्रीस, ऑस्ट्रेलिया, इजराइल, तुर्की, यूक्रेन, मैक्सिको और अमेरिका जैसे देशों में दर्शकों का दिल जीतने के बाद, इंटरनेशनल फर्मेट द 1प्रतिशत क्लब अब इंडिया में अपने लंबे समय से इंतजार किए जा रहे डेब्यू के साथ आ रहा है इंडिया के टॉप 1 प्रतिशत के रूप में।

बॉलीवुड आइकन और इंडिया के सबसे बड़े 'कमन मैन' अनिल कपूर इस शो को होस्ट करेंगे। यह शो क्विज जॉनर को एक नया और ताजा अंदाज देता है, जहाँ बात सिर्फ इस बात की नहीं होती कि आप कितना जानते हैं, बल्कि इस बात की होती है कि आप कैसे सोचते हैं।

स्टार प्लस ने हाल ही में इस शो को एक शानदार लॉन्च इवेंट में अनवील किया, जिसमें इंडस्ट्री के बड़े नाम और डिग्निटरीज शामिल हुए। इस शाम की भव्यता ने चैनल के सबसे बड़े नन फिक्शन लॉन्च की स्केल को दर्शाया।



पारंपरिक क्विज शो से अलग, इंडिया के टॉप 1 प्रतिशत लॉजिक, ऑब्जर्वेशन और कॉमन सेंस पर आधारित है। हर किसी के लिए डिजाइन किया गया यह फॉर्मेट लोगों को हर उम्र में घर बैठे खेलने का मौका देता है और हर लिविंग रूम को फैमिली गेम नाइट में बदल देता है।

ग्रैंड प्रीमियर से पहले अपनी एक्साइटमेंट शेयर करते हुए अनिल कपूर ने कहा, मैं यह घोषणा करते हुए बेहद उत्साहित हूँ कि इंडिया के टॉप 1 प्रतिशत का प्रीमियर 5 सितम्बर को होगा। शो का इतना शानदार लॉन्च देखना इस घोषणा को और भी खास बना गया है।

उन्होंने कहा, इंडिया के टप 1 प्रतिशत ऐसा शो है, जैसा दर्शकों ने पहले कभी नहीं देखा। यह आपको सरप्राइज करेगा और हर पल सतर्क रखेगा, क्योंकि यहाँ बात इस बात की नहीं है कि आप कितना जानते हैं, बल्कि इस बात की है कि आप कैसे सोचते हैं। हर चैलेंज आपके ऑब्जर्वेशन, लॉजिक, प्रेजेंस ऑफ माइंड और दबाव में शांत रहने की क्षमता को परखता है।

उन्होंने कहा, सबसे अच्छी बात यह है कि घर बैठे हर कोई हर सवाल के साथ खेल सकता है और जान सकता है कि उनका दिमाग कैसे काम करता है। ऐसे पल भी आएँगे, जो आपको हैरान करेंगे, ऐसे पल भी आएँगे, जब आप अपनी पहली इंस्टिंक्ट पर सवाल उठाएँगे और ऐसे पल भी होंगे जो याद दिलाएँगे कि इंटेलिजेंस कई रूपों में होती है। अगर आपको लगता है कि आपके पास इंडिया के टॉप 1 प्रतिशत में शामिल होने की क्षमता है, तो अभी रजिस्टर करें और इस चैलेंज को स्वीकार करें।

देखिए इंडिया के टॉप 1 प्रतिशत, 5 सितम्बर से सिर्फ स्टार प्लस और जियोहॉटस्टार पर।

# 44 प्रकार के यंत्रों पर मिलेगा अनुदान

**राज्य में गन्ना** की खेती करने वाले किसानों को अनुदानित दर पर 44 प्रकार के यंत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके लिए राज्य सरकार ने गन्ना यंत्रीकरण योजना शुरू की है। इस योजना के लिए 1 अगस्त से अनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। विदित हो कि राज्य सरकार द्वारा बिहार में गन्ना की खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गन्ना यंत्रीकरण योजना शुरू किया गया है। ताकि गन्ना की खेती करने वाले किसानों को बुआई से लेकर गन्ना की कटाई तक के लिए कम लागत में आधुनिक यंत्र उपलब्ध कराया जा सके। इस योजना के तहत किसानों को 44 प्रकार के यंत्र अनुदानित दर पर उपलब्ध कराए जाएंगे। गन्ना यंत्रीकरण योजना के तहत यंत्रो की खरीद करने पर सामान्य वर्ग के कृषकों को 40 प्रतिशत एवं अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अत्यंत पिछड़ा वर्ग के षकों को 50 प्रतिशत अथवा यंत्र विशेष के लिए निर्धारित अधिकतम अनुदान देय होगा। साथ ही यंत्र बैंक पर 80 प्रतिशत अधिकतम 8 लाख रुपये तक अनुदान मिलेगा। बताया जाता है कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य गन्ना खेती में श्रमिकों की कमी, बढ़ती मजदूरी दर, कृषि कार्यो के बढ़ते खर्च और आधुनिक यंत्रों के सीमित उपयोग को देखते हुए किसानों की आय बढ़ाने और लागत घटाने के लिए गन्ना खेती में आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने हेतु यह योजना लाई गई है।

दैनिक नवसंदेश

वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश ( डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क निर्माण कार्य को ग्रामीणों ने रोका, सीओ ने पैमाइश कर जमीन चिन्हित करने का दिया आदेश

**तुरकौलिया(एनएसबी)।** जयसिंहपुर पूर्वी पंचायत के कबीरा मठ से दुर्गा चौक पर जाने वाली सड़क पर हो रहे निर्माण कार्य को ग्रामीणों ने रोक लगा दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि करीब पांच सौ फीट सड़क निजी जमीन में बनवाया जा रहा था। जबकि नक्शा में सड़क का जमीन पुरब तरफ है। इसे लेकर मनोज कुमार, मंजूर अंसारी, जाकिर अंसारी, कांति साह, विनोद कुमार, वसीम आलम आदि ने अंचल कार्यालय में आवेदन देकर अतिक्रमण हटाते हुए सड़क का जमीन निकालने को कहा है। आवेदन के आलोक में सीओ प्रभात कुमार ने निर्माण स्थल पर पहुंचकर शुक्रवार को मामले का जायजा लिया है। जहां उन्होंने ने कहा कि जमीन की पैमाइश कराकर नक्शा के हिसाब सड़क का जमीन चिन्हित किया जाएगा। निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न करने वालो के विरोध में सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।सीओ ने अंचल अमीन को तुरंत मापी कर सड़क का जमीन चिन्हित करने के लिए आदेशित किया है। वही ग्रामीणों ने कहा कि सड़क बनने से किसी को कोई परेशानी नही है। लेकिन निजी जमीन पर नही बनाकर सड़क के जमीन पर सड़क बनना चाहिए।

### बाइक सवार अपराधियों ने एक युवक को मारी गोली तीन अपराधी गिरफ्तार

**चकिया(एनएसबी)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कोयला बेलवा गांव के पोखरिया टोला स्थित सेंटर चौक के निकट शुक्रवार को शाम में दो बाइक सवार अपराधियों ने एक युवक को गोली मार दी। जिससे युवक लहूलुहान हो गया। घायल युवक की पहचान पोखरिया टोला निवासी संजय चौरसिया के 22 साल के पुत्र नीतीश कुमार के रूप में बताई गई है। घटना के संबंध में घायल युवक के पिता संजय चौरसिया ने बताया कि मेरा पुत्र नीतीश कुमार शाम में सेंटर चौक से पोखरिया टोला अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में पीछे से दो बाइक पर सवार चार अपराधि आया व उसके साथ मारपीट करने लगा व घसीटते हुए सेंटर चौक लाया। इसी बीच भागने के दौरान अपराधियों ने नीतीश को खदेड़ कर गोली मार दी।अपराधियों द्वारा चलाई गई गोली नीतीश के कंधे के आर-पार कर गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर गंभीर रूप से घायल नीतीश को अनुमंडलीय अस्पताल ले गया। जहां पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे एसकेएमसीएच, मुजफ्फरपुर रेफर कर दिया। घटना को कोयला बेलवा गांव निवासी हरीलाल साह के पुत्र सत्यम कुमार उर्फ राजा सहित चार अपराधियों ने अंजाम दिया है। साथ हीं बताया कि पूर्व से सत्यम के संबंधी से जमीनी विवाद चल रहा है। इस बाबत इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष धर्मप्रकाश कुमार ने बताया कि तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है व तीनों गिरफ्तार अपराधियों से पुछताछ की जा रही है।

### जनता के दरबार में 47 आवेदनों की हुई सुनवाई शीघ्र समाधान का भरोसा

**मोतिहारी(एनएसबी)।** डा. राधाकृष्णन सभागार में शुक्रवार को आयोजित श्जनता के दरबार में जिला प्रशासनश कार्यक्रम में जिले के विभिन्न अंचलों से आए लोगों के कुल 47 आवेदनों पर सुनवाई की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी ने की, जिसमें जिला स्तरीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।सुनवाई के दौरान भूमि विवाद, अतिक्रमण, राजस्व विभाग समेत विभिन्न मामलों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सभी मामलों का विधिसम्मत एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा कि प्राप्त आवेदनों पर शीघ्र कार्रवाई कर समस्याओं का समाधान किया जाएगा।जिलाधिकारी ने प्रभारी पदाधिकारी, जिला जन शिकायत कोषांग को निर्देश दिया कि सभी आवेदनों को आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेजकर उनकी नियमित मनिटरिंग की जाएस कार्यक्रम में अपर समाहर्ता (लोक शिकायत) शैलेन्द्र कुमार भारती, अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) मो़ सिबगतुल्लाह, वरीय उप समाहर्ता विकास कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्रामीण रोजगार और आधारभूत संरचना विकास को मिलेगी नई गति : डीएम

# 125 दिनों की रोजगार गारंटी से ग्रामीणों को मिलेगा अधिक लाभ : डीडीसी

## विकसित भारत-जी राम जी योजना पर पंच सम्मेलन आयोजित, नई ग्रामीण रोजगार गारंटी व्यवस्था की दी गई जानकारी

**मोतिहारी(एनएसबी)।** महात्मा गांधी प्रेक्षा गृह, मोतिहारी में शुक्रवार को जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव की अध्यक्षता में विकसित भारत-जी राम जी योजनान्तर्गत पंच सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी, जिला परिषद् अध्यक्षा श्रीमती ममता राय, उप विकास आयुक्त ड़ प्रदीप कुमार, सहायक समाहर्ता राज ष्ण झा, जिला पंचायत राज पदाधिकारी राम जनम पासवान एवं एनईपी निदेशक ड. कुंदन द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।सम्मेलन में त्रि-स्तरीय पंचायत के जनप्रतिनिधियों, जिनमें सभी जिला परिषद् सदस्य, प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख, पंचायत समिति सदस्य एवं मुखियागण शामिल थे, ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान वीडियो एवं पीपीटी के माध्यम से विकसित भारत-जी राम जी योजना के अंतर्गत नई ग्रामीण रोजगार गारंटी व्यवस्था के विभिन्न प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई।अपने संबोधन में जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने कहा कि वर्ष 2005 में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी



उद्घाटन करते डीएम, डीडीसी व जीप अध्यक्ष।

अधिनियम लागू होने के बाद ग्रामीण परिवारों को पहली बार रोजगार का कानूनी अधिकार प्राप्त हुआ। पिछले लगभग दो दशकों में मनरेगा ने ग्रामीण रोजगार सृजन, आधारभूत संरचना निर्माण तथा प्रवासी श्रमिकों को आजीविका उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।उन्होंने कहा कि नई ग्रामीण रोजगार गारंटी व्यवस्था का उद्देश्य पूर्व की सफल व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार, आधारभूत संरचना विकास, जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, तालाब-पोखरों के जीर्णोद्धार, पौधारोपण, खेल मैदान, विद्यालयों की आधारभूत संरचना तथा अन्य टिकाऊ परिसंपत्तियों के निर्माण को गति देना है। साथ ही कौशल विकास, आजीविका संवर्द्धन एवं आपदा प्रबंधन से जुड़े कार्यो को भी इसमें शामिल किया गया है। वही डीडीसी ड प्रदीप कुमार ने बताया कि षि कार्य प्रभावित न हो, इसके लिए 60 दिनों का ष्लीन पीरियडष निर्धारित किया गया है तथा रोजगार की गारंटी 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है। इससे ग्रामीण श्रमिकों को अधिक रोजगार उपलब्ध होगा और षि कार्यो के लिए श्रमिकों की उपलब्धता भी सुनिश्चित रहेगी। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों से अपील की कि योजना का लाभ प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार तक समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पहुंचाना सुनिश्चित करें तथा नई व्यवस्था का प्रभावी क्रियान्वयन करें।कार्यक्रम के दौरान निदेशक, एनईपी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता तथा ढाका, कल्याणपुर, घोड़ासहन, चिरैया एवं केसरिया के कार्यक्रम पदाधिकारियों ने विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों एवं उसके प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्मेलन का समापन हुआ।

## आईसीएआर-आरसीईआर पटना के कृषि छात्रों ने किया विस्तृत आधारभूत सर्वेक्षण

**पीपराकोठी(एनएसबी)।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्वी अनुसंधान परिसर आईसीएआर-आरसीईआर, पटना के कृषि छात्रों द्वारा पूर्वी चंपारण जिले के बरकुबरा गांव में ग्रामीण षि कार्यानुभव कार्यक्रम के तहत व्यापक आधारभूत सर्वेक्षण (बेसलाइन सर्वे) सफलतापूर्वक संपन्न किया गया़ इस सर्वेक्षण का उद्देश्य गांव की सामाजिक-आर्थिक स्थिति, कृषि व्यवस्था तथा किसानों की आजीविका से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों का संग्रह करना था़ सर्वेक्षण के दौरान छात्र-छात्राओं ने घर-घर जाकर ग्रामीण परिवारों से संपर्क किया और जनसंख्या, शिक्षा स्तर, परिवार के आकार, कृषि विज्ञान केंद्र एवं कृषि प्रसार अधिकारियों से किसानों के जुड़ाव जैसी जानकारियां एकत्रित कीं़ इसके साथ ही परिवारों की आय के प्रमुख स्रोत, सहकारी समितियों में सदस्यता, वित्तीय समावेशन, पशुधन, कृषि यंत्रों तथा घरेलू संसाधनों की उपलब्धता का भी विस्तृत अध्ययन किया गया़ छात्रों ने खरीफ, रबी एवं जायद फसलों की



कार्यक्रम में उपस्थितलोग।

खेती, फसल चक्र, उन्नत बीजों के उपयोग, सिंचाई व्यवस्था, उर्वरक प्रबंधन तथा फसलों में लगने वाले कीट, रोग और खरपतवार नियंत्रण की वर्तमान स्थिति का भी आकलन किया़ इसके अलावा विभिन्न फसलों की उत्पादन लागत, उपज एवं किसानों को होने वाले लाभ-हानि का आर्थिक विश्लेषण भी किया गया। सर्वेक्षण दल के छात्रों ने बताया कि एकत्रित आंकड़ों का उपयोग गांव में आधुनिक षि तकनीकों के प्रसार, कृषि लागत में कमी तथा किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रभावी रणनीति तैयार करने में किया जाएगा. ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए छात्रों को पूरा सहयोग दिया और भविष्य में षि पद्धतियों के सुधार के लिए ऐसे प्रयासों को उपयोगी बताया।

## पत्रकारों पर हमला लोकतंत्र पर प्रहार, दोषियों पर हो सख्त कार्रवाई : अनिरुद्ध पांडेय

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** पटना सिटी में मीडिया कर्मियों के साथ हुई मारपीट की घटना की वरिष्ठ पत्रकार अनिरुद्ध पांडेय ने कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला किसी भी सभ्य समाज के लिए चिंताजनक है और ऐसी घटनाएं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सीधा प्रहार हैं।उन्होंने कहा कि पत्रकार निष्पक्ष होकर समाज के सामने सत्य और तथ्य प्रस्तुत करने का दायित्व निभाते हैं। ऐसे में समाचार संकलन के दौरान उनके साथ हिंसा या दुर्व्यवहार करना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने वाला त्य भी है।वरिष्ठ पत्रकार अनिरुद्ध पांडेय ने सरकार एवं प्रशासन से मांग की कि घटना में शामिल सभी दोषियों की शीघ्र पहचान कर उनके विरुद्ध कड़ी दंडात्मक एवं विधिसम्मत कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी भी पत्रकार को अपने कर्तव्य के निर्वहन के दौरान इस प्रकार की हिंसा का सामना न करना पड़े।उन्होंने कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी है। यदि समाचार संकलन के दौरान पत्रकार स्वयं असुरक्षित महसूस करेंगे, तो निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता प्रभावित होगी, जो लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है।उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रशासन इस मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों को कानून के दायरे में लाएगा तथा पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर प्रभावी कदम उठाएगा।

## मोतिहारी में दर्दनाक हादसा पोखर में डूबने से मां समेत चार बच्चों की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**अरेराज(एनएसबी)।** पूर्वी चंपारण जिले के अरेराज अनुमंडल क्षेत्र से शुक्रवार को एक हृदयविदारक घटना सामने आई। बभनौली पंचायत के वार्ड संख्या-06 में पोखर में डूबने से एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक महिला और उसके चार मासूम बच्चे शामिल हैं। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।मृतकों की पहचान धर्मेंद्र महतो की पत्नी सुशीला देवी तथा उनकी चार संतानें अमृता कुमारी (10 वर्ष), अविनाश कुमार (7 वर्ष), रबिता कुमारी (5 वर्ष) और एक अन्य बच्चे के रूप में हुई है।घटना की सूचना मिलते ही अरेराज के अंचलाधिकारी विनोद कुमार पांडेय एवं गोविंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की सहायता से सभी शवों को पोखर से बाहर निकाला गया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।घटना के कारणों को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। कुछ ग्रामीणों का कहना है कि महिला बच्चों के साथ पशुओं के लिए चारा काटने गई थी, जहां यह हादसा हुआ। वहीं कुछ लोग पारिवारिक विवाद की भी आशंका जता रहे हैं। हालांकि, प्रशासन ने किसी भी कारण की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रवि कुमार ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विस्तृत जांच के बाद ही घटना के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।इस दर्दनाक घटना से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि ग्रामीणों की भारी भीड़ मृतकों के घर पर जुटी रही। प्रशासन ने निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया है।पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव को मृतक के परिजन को सौंप दिया।



मृतकों की फोटो।

## मोतिहारी पॉलिटेक्निक में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**मोतिहारी(एनएसबी)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पूर्वी चंपारण के तत्वावधान में शुक्रवार को राजकीय पलिटेक्कि, मोतिहारी में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नितिन त्रिपाठी ने मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव, मानव तस्करी, नालसा डन योजना, बाल विवाह मुक्त भारत अभियान, बाल श्रम उन्मूलन, एंटी रैगिंग कानून, कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (च्वैभ् ।बज) तथा निःशुल्क विधिक सहायता से संबंधित महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से संविधान के प्रति जागरूक रहने, अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों का पालन करने तथा समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए पैरा लीगल वालंटियर (च्स्ट) के रूप में जुड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में राजकीय पलिटेक्कि, मोतिहारी के प्राचार्य श्री सत्यदेव कुमार, शिक्षक एवं प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। उपस्थित शिक्षकों ने कार्यक्रम को विद्यार्थियों के लिए उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# कचहरी कोर्ट परिसर में अग्निशमन विभाग ने किया मॉक ड्रिल, आग से बचाव के बताए उपाय

**मोतिहारी(एनएसबी)।** अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को अनुमंडल अगिशमन कार्यालय, मोतिहारी के कर्मियों द्वारा कचहरी कोर्ट परिसर में मक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान आग लगने की काल्पनिक घटना का सफलतापूर्वक प्रदर्शन करते हुए अगिशमन दल ने त्वरित कार्रवाई, बचाव एवं राहत कार्यो का अभ्यास कराया।मक ड्रिल में उपस्थित लोगों को बताया गया कि आग लगने की स्थिति में घबराने के बजाय तत्काल अगिशमन विभाग को सूचना दें तथा सुरक्षित तरीके से भवन को खाली करें। अगिशमन कर्मियों ने विभिन्न प्रकार के अगिशामक यंत्रों के उपयोग का व्यावहारिक प्रदर्शन करते हुए बताया कि प्रारंभिक स्तर पर ही आग पर काबू पाने के लिए सही तकनीक अपनाना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही गैस सिलेंडर, विद्युत शर्ट सर्किट एवं अन्य कारणों से लगने वाली आग से बचाव के उपायों की भी जानकारी दी गई।कार्यक्रम के दौरान सहायक जिला अगिशमन पदाधिकारी सुरेंद्र सिंह एवं अनुमंडल अगिशमन पदाधिकारी सुश्री अंबिका कुमारी उपस्थित रहीं। दोनों अधिकारियों ने कहा कि समय-समय पर आयोजित होने वाले मक ड्रिल का उद्देश्य आम नागरिकों एवं विभिन्न संस्थानों के कर्मचारियों को आपातकालीन परिस्थितियों में सही एवं सुरक्षित प्रतिक्रिया देने के लिए प्रशिक्षित करना है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अगि सुरक्षा संबंधी नियमों का पालन करें तथा किसी भी आपात स्थिति में संयम बनाए रखते हुए अगिशमन विभाग का सहयोग करेंस मक ड्रिल के दौरान न्यायालय परिसर में मौजूद कर्मियों, अधिवक्ताओं एवं आम लोगों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और अगिशमन दल द्वारा बताए गए सुरक्षा उपायों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों ने कहा कि भविष्य में भी जिले के विभिन्न सरकारी एवं निजी संस्थानों में इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम एवं मक ड्रिल आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि आगजनी की घटनाओं में जन-धन की क्षति को न्यूनतम किया जा सकेस प्रधान अगिक पिंटू राय, विश्वजीत, आमोद, भीम, सूरज, पंकज एवं रविशंकर कुमार सहित अनेक कर्मी मौजूद थे।







मॉक ड्रिल में भाग लेते लोग।

## संक्षिप्त खबरें

### सीएचओ एवं रोगी हितधारक मंच के सदस्यों ने किया स्तनपान के बारे में महिलाओं को जागरूक

**मोतिहारी(एनएसबी)।** जिले में इन दिनों सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों के साथ साथ आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में सीएचओ एवं रोगी हितधारक मंच के सदस्यों के द्वारा समुदाय, आंगनवाड़ी केंद्र,में विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जा रहा है। इस दौरान धात्री एवं गर्भवती महिलाओं को सीएचओ, आशा, एएनएम महिलाओं को स्वच्छता के साथ-साथ स्तनपान करने का महत्व सीखा रहीं है। इस सम्बन्ध में जिले के डीसीएम नंदन झा ने कहा की शिशु एवं मातृ मृत्यु दर में कमी एवं बच्चों के उचित पोषण के लिए कम से कम दो वर्ष तक बच्चे का स्तनपान कराया जाना बेहद जरूरी है, इससे कई प्रकार की बीमारियों से माता एवं बच्चा सुरक्षित रहता है।उन्होंने बताया की जिले में सीएचओ के साथ ही रोगी हितधारक मंच के सदस्यों ने अनोखी पहल किया है वे अब कई फाइलेरिया, कालाजार, डेंगू, डायरिया के साथ ही ष्स्तनपानष के बारे में समाज की महिलाओं को जागरूक रहें है। लालबेगिया के सीएचओ रोहित राज, बंजरिया सीएचओ अमित कुमार, जितौरा सीएचओ जीतेन्द्र कुमार, वाटगंज सीएचओ अमर चौधरी ने बताया की हमलोग सभी मिलकर अपने अपने सेंटर पर (01 से 08 अगस्त तक स्तनपान सप्ताह मना रहें है वहीं इससे जुड़े मिथक, उत्तम आदतों और पोषण के अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा कर रहें है।ताकि समाज में स्तनपान को लेकर फैले भ्रम दूर हों और छह माह तक शिशु को केवल मां का दूध ही मिले। - माताओं के लिए भी पोषण है जरूरी रू सीएचओ रानी कुमारी चौरसिया ने बताया की मैं खुद एक औरत हुँ इसलिये उन्हें बताना चाहती हुँ की स्तनपान कराने वाली माताओं के दैनिक आहार में दाल और हरी सब्जियों का भरपूर सेवन आवश्यक है, जिससे उन्हें और उनके शिशु को पर्याप्त पोषक तत्व और लौह तत्व मिलेंगेस इस अवसर पर रोगी हितधारक मंच के सीएचओ,आशा आंगनबाड़ी, सेविका,सहायिका सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### गैर-वन क्षेत्रों में वन्यजीवों से जान-माल की क्षति पर मिलेगी सरकारी सहायता

**मोतिहारी(एनएसबी)।** अब जंगलों से बाहर आबादी वाले क्षेत्रों में बाघ, तेंदुआ, हाथी अथवा अन्य वन्यजीवों के हमले से किसी व्यक्ति की मृत्यु, घायल होने या पशुधन एवं संपत्ति की क्षति होने पर पीड़ित परिवारों को बिहार सरकार द्वारा निर्धारित प्रावधानों के तहत आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने गैर-वन क्षेत्रों में मानव-वन्यजीव संघर्ष से होने वाली क्षति के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं।जारी प्रावधानों के अनुसार वन्यजीवों के हमले में किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर आश्रितों को 10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायल होने पर 144 लाख रुपये तथा सामान्य रूप से घायल होने पर 24 हजार रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। वहीं दुधारू पशु, बैल, बकरी, भेड़ सहित अन्य पालतू पशुओं की मृत्यु, फसल, मकान एवं अन्य संपत्ति की क्षति होने पर भी विभागीय आकलन के आधार पर निर्धारित मुआवजा उपलब्ध कराया जाएगा।वन विभाग ने बताया कि मानव की मृत्यु या घायल होने की सूचना 24 घंटे के भीतर निकटतम वन प्रक्षेत्र, वन प्रमंडल कार्यालय तथा संबंधित थाना को देना अनिवार्य है। पालतू पशु के शिकार की स्थिति में थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने के साथ 24 घंटे के भीतर वन विभाग को सूचना देनी होगी। वहीं फसल या मकान की क्षति होने पर दो दिनों के भीतर वन प्रक्षेत्र कार्यालय या अंचल अधिकारी को सूचना देना तथा आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराना आवश्यक होगा।वन प्रमंडल पदाधिकारी, मोतिहारी अमीत कुमार ने बताया कि योजना का उद्देश्य मानव-वन्यजीव संघर्ष से प्रभावित परिवारों को समय पर राहत उपलब्ध कराना है। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि किसी गांव या आबादी वाले क्षेत्र में हाथी या अन्य वन्यजीव दिखाई दें तो उन्हें स्वयं भगाने या पकड़ने का प्रयास न करें, बल्कि तत्काल वन विभाग को सूचना दें, ताकि प्रशिक्षित टीम सुरक्षित तरीके से आवश्यक कार्रवाई कर सके।

### वंदे मातरम के 150 वर्ष की थीम पर हर घर तिरंगा अभियान

#### 12 अगस्त को जिला स्तर पर समाज के सभी वर्गो की सहभागिता से भव्य तिरंगा यात्रा का किया जाएगा आयोजन

**मोतिहारी(एनएसबी)।** संसति मंत्रालय, भारत सरकार एवं कला एवं संसति विभाग, बिहार सरकार से प्राप्त पत्र के आलोक में ष्हर-हर तिरंगा अभियान 2026ष्कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी श्री सौरभ सुमन यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पदाधिकारी,सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, जीविका के नोडल पदाधिकारी तथा स्काउट और गाइड के जिला आयुक्त के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई जिसमें जिलाधिकारी के द्वारा



बैठक में भाग लेते अधिकारी।

निर्देश दिया गया कि प्राप्त गाइडलाइन के अनुसार सभी पदाधिकारी अपने दायित्वों का सफल निर्वहन करें ताकि इस कार्यक्रम को भव्य रूप दिया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्र गीत श्वंदे मातरमश के 150 वर्ष की थीम पर आयोजित किया जा रहा है जिसका उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के घर, सरकारी कार्यालय, सार्वजनिक भवनध्स्थल पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर देशभक्ति एवं राष्ट्र गौरव की भावना को प्रबल बनाना है तथा व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित करना है।इस अभियान के अंतर्गत वंदे मातरम आधारित प्रदर्शनी, तिरंगा रैलीध यात्रा, सेल्फी विद तिरंगा, प्रकाश सज्जा, तिरंगा रंगोली, वंदे मातरम का सामूहिक गायन सहित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया आगामी 12 अगस्त, 2026 को जिला स्तर पर समाज के सभी वर्गो की सहभागिता से भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन करने की तैयारी प्रारंभ कर दी जाए। इसके लिए उप विकास आयुक्त पूर्वी चंपारण और नगर आयुक्त नगर निगम मोतिहारी को नोडल पदाधिकारी बनाया गया। 15 अगस्त को प्रेक्षा गृह में हर-हर तिरंगा थीम पर सांसतिक कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए कार्यक्रमों के आयोजन एवं समय निर्धारण करने हेतु एक समिति गठित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी के द्वारा समाहरणालय परिसर को वंदे मातरम थीम आधारित लाइटिंग की व्यवस्था शीघ्र करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने बताया कि तिरंगा अभियान अंतर्गत कार्यक्रमों का आयोजन आगामी 9 अगस्त से 17 अगस्त तक किया जाना है। इस आयोजन में कला संसति विभाग,शिक्षा विभाग,जीविका, पंचायती राज विभाग, सहकारिता विभाग, एनसीसी, एनएसएस एवं मेरा जुआ भारत, खेल क्लब,युवा संगठन, स्वयंसेवी संस्थाएं, नागरिक समाज, व्यापारिक संघ एवं उद्योग संगठन की महत्वपूर्ण भूमिका है। बैठक में उपस्थित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि प्रखंड स्तर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की समीक्षा एवं अनुश्रवण करेंगे एवं हर घर तक तिरंगा पहुंचे इसकी समुचित व्यवस्था करते हुए इसे सुनिश्चित करेंगे। बैठक में जिलाधिकारी के साथ नगर आयुक्त श्री आशीष कुमार,उप विकास ड प्रदीप कुमार, अपर समाहर्ता लोक शिकायत शैलेंद्र कुमार भारती, अपर समाहर्ता विभाग जांच मो सिबगतुल्लाह, सहायक समाहर्ता राज ष्ण झा सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### आरएम कॉलेज के अतिथि सहायक प्राध्यापकों नें प्राचार्य के एक वर्ष पुरा होने पर किया सम्मानित

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** राजेन्द्र मिश्र महाविद्यालय में प्रधानाचार्य डा. गुलरेज रौशन रहमान के अपने एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में अतिथि सहायक प्रोफेसरों ने उन्हें पाग, चादर और पुष्पगुच्छ से सम्मानित किया। प्राध्यापकों ने डॉ. गुलरेज के एक वर्ष के कार्यकाल को उत्कृष्ट और अतिथि सहायक प्रोफेसरों के लिए सहयोगात्मक बताया। डा. गुलरेज रौशन ने कहा कि अतिथि सहायक प्राध्यापकों में सभी योग्य, दक्ष, विद्वान और शिक्षा के प्रति समर्पित है। उनसे हमारे महाविद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता समृद्ध है और हमारा कॉलेज परीक्षाओं में अच्छे रिजल्ट प्राप्त करने के साथ अच्छे-अच्छे प्रशासनिक सेवा में भी जा रहे हैं। हम शुभकामना करते हैं कि आपका नियमितिकरण का काम शीघ्र पूरा हो। डा. अक्षय कुमार चैधरी ने कहा कि डा. गुलरेज अंग्रेजी के विशद विद्वान होने के साथ साथ एक कुशल प्रशासक भी हैं। उन्होंने महाविद्यालय के गरिमा और प्रतिष्ठा के अनुसार राजेन्द्र मिश्र महाविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक संस्कृति और परंपरा को आगे बढ़ाया है। डा. आलोक कुमार झा ने कहा कि नयी शिक्षा नीति के अनुसार महाविद्यालय ने जिस प्रशासनिक पारदर्शिता के साथ सेमेस्टर सिस्टम के साथ सत्र का अनुकुलता बनाया है वह अपने आप में विलक्षण है। डा. सुमन्त राव ने कहा है कि हमारे नये प्राचार्य के आने के बाद महाविद्यालय में परीक्षा प्रणाली में स्वच्छता, पारदर्शिता और समयबद्धता में काफी परिष्कार हुआ है। डा. सुप्रिया कश्यप ने कहा कि राजेन्द्र मिश्र महाविद्यालय में डा. गुलरेज का पदस्थापन उनकी प्रशासनिक दक्षता के अनुकूल है और उन्होंने बहुत जल्दी यहां काम करने का अच्छा परिवेश तैयार किये हैं। डा. बिलो राम ने कहा कि प्रो. रहमान एक अनुशासनप्रिय प्रशासक हैं और अतिथि सहायक प्राध्यापकों के प्रति आपका व्यवहार सदैव सद्भावनापूर्ण है। नवीउल इस्लाम ने कहा कि प्राचार्य डा. रहमान अपने सद्भावनापूर्व व्यवहार और समन्वय और साकारात्मक प्रवृत्ति के कारण बहुत ही जल्दी अतिथि सहायक प्राध्यापकों के बीच लोकप्रिय हुए हैं और उनसे हमें काफी अपेक्षा है। डा. सौरभ पाण्डेय ने कहा कि उनके नेतृत्व में राजेंद्र मिश्र महाविद्यालय में शोध और नवाचार को आगे बढ़ाने की काफी संभावनाएं हैं। इस अवसर पर डा. कमलाकांत झा, डा. डेजी कुमारी, डा. पंकज कुमार यादव, डा. अखिलेश कुमार मिश्रा, डा. प्रशांत कुमार मनोज, डा. निशित रंजन, डा. किरण कुमारी, डा. सुदीप कुमार झा, डा. पिंकी कुमारी, डा. प्रियदर्शनी, डॉ मनोज कुमार, डॉ आलोक कुमार मिश्रा, डा. कृष्ण कुमार यादव, डा. अनिल कुमार, डा. प्रीति कुमारी, डा. सुरेश प्रियदर्शी, डा. रूद्राकिंकर वर्मा, डा. हनी सिंह, डा. धनंजय कुमार सिंह, डा. संजय कुमार, डा. प्रीति कुमारी, डा. रूपक कुमारी, डा. विकास कुमार, डा. मनीष रंजन सैनी, डा. सुरुचि चंद्रा, डा. गौतम कुमार, डा. लक्ष्मण कुमार, डा. अब्दुल सत्तार, डा. सोनी कुमारी, डा. असरारुल हक, डा. कोमल गुप्ता, डा. बिट्टू कुमार मिश्रा, डा. आनंद कुमार मिश्रा, डा. रोशन कुमार यादव आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये।



### बनमा ईटहरी अंचल कार्यालय में तीन नए कर्मचारियों ने दिया योगदान

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** अंचल कार्यालय में कर्मचारियों के स्थानांतरण के बाद तीन नए कर्मचारियों ने योगदान देकर अपना कार्यभार संभाल लिया है। नए कर्मचारियों के आने से कार्यालय के प्रशासनिक कार्यों में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, अंचल कार्यालय से पूर्व में कार्यरत तीन कर्मचारियों का स्थानांतरण अन्य स्थानों पर हो गया था। उनके स्थान पर गया जिला से मुन्ना सिंह, सुपौल जिला से सुशील कुमार तथा मधेपुरा जिला से राजू कुमार की प्रतिनियुक्ति की गई है। तीनों कर्मचारियों ने बनमा ईटहरी अंचल कार्यालय पहुंचकर विधिवत योगदान दिया। अंचल कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मियों ने नए कर्मचारियों का स्वागत करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं। अधिकारियों ने विश्वास जताया कि तीनों कर्मचारी अपनी कार्यकुशलता और अनुभव से कार्यालय के दैनिक कार्यों के निष्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, जिससे आम लोगों को भी बेहतर और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। नए कर्मचारियों के योगदान से अंचल कार्यालय की कार्यप्रणाली को और अधिक सुचारु एवं प्रभावी बनाने की उम्मीद की जा रही है।



### कलयुगी बेटे ने माँ को पीटकर किया घायल, न्याय की गुहार लेकर थाने पहुंची पीड़िता

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के घोरदौड़ गांव के वार्ड संख्या-4 में परिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि एक बेटे ने अपनी ही माँ के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। घटना के बाद पीड़िता ने इलाज कराने के उपरांत बनमा ईटहरी थाना पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। घायल महिला की पहचान सुदामा देवी, पति सितंबर ठाकुर, निवासी घोरदौड़ वार्ड संख्या-4 के रूप में हुई है। पीड़िता ने बताया कि उनके दो पुत्र हैं, जिनमें बड़ा पुत्र मिक्की ठाकुर तथा छोटा पुत्र राजा ठाकुर है। सुदामा देवी के अनुसार, शुक्रवार को घर में उस समय विवाद शुरू हुआ जब उनके बड़े पुत्र मिक्की ठाकुर की पत्नी अपनी पुत्री को किसी बात पर डांटते हुए मार रही थी। बच्ची को बचाने के लिए जब उन्होंने हस्तक्षेप किया तो बहू से कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसी दौरान उनका बड़ा पुत्र मिक्की ठाकुर भी वहां पहुंच गया और गुस्से में अपनी ही माँ के साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गईं। घटना के बाद परिजनों की सहायता से उनका इलाज कराया गया। इसके बाद पीड़िता बनमा ईटहरी थाना पहुंची और अपने पुत्र के खिलाफ लिखित आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की। थानाध्यक्ष कुंदन कुमार सहनी ने बताया कि पीड़िता का आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।



### मंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट करते प्रदेश अध्यक्ष शिवेन्द्र कुमार जीशू

**सहरसा (एनएसबी)।** शक्रवार को पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश जी के मधेपुरा यात्रा के क्रम में सहरसा जिला अंतर्गत मनौरी चैक स्थित होटल शारदा में पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष शिवेन्द्र कुमार जीशू ने उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोक मोर्चा जिला के सम्मानित पदाधिकारी, नेता एवं कार्यकत्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। मंत्री जी को पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया तथा उनके सफल नेतृत्व एवं जनसेवा के प्रति अपनी शुभकामनाएँ व्यक्त कीं। उक्त अवसर पर रौशन राजा, चन्दन बागची, चूड़ामणि झा बौआ, बैजनाथ कुमार विमल, मजहरउद्दीन खान बबलू, सुबोध झा, मोहम्मद कमाल, संजीत पासवान, बालकृष्ण कुशवाहा, रणजीत कुशवाहा, शैलेश झा, नरेश यादव मुख्यरूप से उपस्थित थे।

### निगम पार्षद द्वारा सफाई मजदूर से दुर्व्यवहार करने व विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल करेगें सफाईकर्मी

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर संगठन नें अपने विभिन्न मांगों की पूर्ति हेतु आठ अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है।संघ के अध्यक्ष कुशाग्र कुमार गब्बर नें इस निर्णय से संबंधित शुक्रवार को इसकी सूचना नगर आयुक्त को दी है।उन्होने कहा कि नगर निगम में कार्यरत सभी सफाईकर्मी व चालक द्वारा विभिन्न माँगो को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया गया है।साथ साथ अन्य मांगों में लगभग 100 फर्जी सफाईकर्मियो को चिहित कर कार्य से हटाने, वर्ष 2018 से 2023 तक भी अन्तर शोध का भुगतान संचित रहने, सभी वार्डो में कम से कम दो दो सफाई कर्मियो की अतिरिक्त नियुक्ति करने,एसीपी,एएसीपी लंबित लाभ से वंचित रखने, सप्तम वेतन लागू नही किये जाने.एनजीओ के अन्तर्गत कार्यरत सफाईकर्मियों का ईपीएफ का भुगतान नही किये जाने तथा वार्ड पार्षद मुकेश यादव वार्ड सं0-40 के द्वारा सफाईकर्मियों से दुट्यवहार किये जाने के विरुद्ध नगर नगम के सभी सफाइकर्मियों द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे।

# शिक्षा विभाग के डीपीओ अजीत अमर के ठिकानों पर ईओयू की छापेमारी, कई बेनामी जमीन के दस्तावेज और नकदी बरामद

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने शुक्रवार को शिक्षा विभाग के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी डीपीओ अजीत अमर के सहरसा स्थित आवास और कार्यालय समेत चार ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में की गई। छापेमारी के दौरान कई जमीन के दस्तावेज और कुछ नकदी बरामद होने की बात सामने आई है। सहरसा के नया बाजार स्थित किराये के मकान में रह रहे अजीत अमर के घर पर सुबह आठ बजे से दोपहर एक बजे तक सात सदस्यीय टीम ने तलाशी अभियान चलाया। आर्थिक अपराध इकाई के वरिष्ठ डीएसपी संजय कुमार पांडे ने बताया कि अजीत अमर के खिलाफ आय से 72 गुना अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान कई जमीनों के दस्तावेज मिले हैं, जबकि कुछ नकदी भी बरामद हुई है। उन्होंने बताया कि अजीत अमर करीब 10 से 15 दिन पहले ही सहरसा के इस किराये के मकान में रहने आए थे। इसके अलावा उनके पैतृक गांव सीवान और पूर्व पदस्थापन स्थल छपरा में भी जांच की जा रही है। अधिकारियों ने उनसे आय से अधिक संपत्ति के मामले में पूछताछ भी की है। दूसरी ओर, ईओयू की पांच सदस्यीय टीम ने सहरसा स्थित शिक्षा विभाग के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के कार्यालय में सुबह नौ बजे से दोपहर साढ़े बारह बजे तक छानबीन की। टीम का नेतृत्व डीएसपी मिथिलेश जायसवाल कर रहे थे। डीएसपी मिथिलेश जायसवाल ने बताया कि सत्यापन के दौरान आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के प्राथमिक साक्ष्य मिलने के बाद मामला दर्ज किया गया था। हालांकि, कार्यालय से कोई विशेष दस्तावेज बरामद नहीं हो सका। ईओयू के अनुसार, गुप्त सूचनाओं के आधार पर की गई जांच में अजीत अमर के पास लगभग 62 लाख 20 हजार 550 रुपये की संपत्ति होने की जानकारी मिली है, जो उनकी ज्ञात आय से लगभग 72.35 प्रतिशत अधिक बताई जा रही है। सत्यापन के बाद आर्थिक अपराध इकाई थाने में छह अगस्त 2026 को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (संशोधित 2018) की धारा 13 (2) और धारा 13 (1) (बी) के तहत कांड संख्या 17/26 दर्ज किया गया। इसके बाद विशेष न्यायालय से तलाशी वारंट प्राप्त कर छापेमारी की कार्रवाई शुरू की गई। ईओयू की टीम ने जिन चार स्थानों पर छापेमारी की, उनमें सीवान जिले के दरौंधा थाना क्षेत्र के रैनी गांव स्थित पैतृक आवास, सहरसा के नया बाजार स्थित किराये का मकान, सहरसा स्थित सरकारी कार्यालय और छपरा की गंडक कॉलोनी स्थित सरकारी आवास शामिल हैं।


छापेमारी के दौरान डीएसपी व अन्य कर्मी

## पीएम सूर्य घर, मुफ्त बिजली योजना के तहत भव्य सोलर मेला आयोजित, बड़ी संख्या में लोगों ने लिया भाग


उद्घाटन दौरान डीएम, प्रतिनिधि व अन्य

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को जन-जन तक पहुँचाने एवं सौर ऊर्जा के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से विद्युत विभाग द्वारा शुक्रवार को विकास भवन में भव्य सोलर मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए बिजली उपभोक्ताओं, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकत्ताओं, उद्यमियों, विद्यार्थियों, स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों तथा इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट एवं सोशल मीडिया के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों में जिलाधिकारी दीपेश कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद विभागीय अधिकारियों ने उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि भारत सरकार की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य प्रत्येक पात्र परिवार को स्वच्छ, सस्ती एवं आत्मनिर्भर ऊर्जा उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि इस योजना के माध्यम से आम नागरिक अपने घरों की छत पर फटॉप सोलर प्लांट लगाकर बिजली उत्पादन कर सकते हैं, जिससे बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आएगी तथा अतिरिक्त बिजली ग्रिड में भेजकर आर्थिक लाभ भी प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त गौरव कुमार ने लोगों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में पीएम सूर्य घर, मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाकर अपने घरों में सोलर सिस्टम स्थापित करें और स्वच्छ ऊर्जा अभियान को सफल बनाएं। साथ ही अमित कुमार विद्युत कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल ने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। कई उपभोक्ताओं ने रूफटॉप सोलर लगाने से संबंधित तकनीकी एवं वित्तीय पहलुओं पर प्रश्न पूछे, जिनका विभागीय अधिकारियों एवं विशेषज्ञों ने सरल भाषा में उत्तर दिया। अनेक लोगों ने योजना में रुचि दिखाते हुए आवेदन प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की तथा शीघ्र ही सोलर पैनल स्थापित कराने की इच्छा व्यक्त की। उनके द्वारा बताया कि पीएम सूर्य घर योजना न केवल बिजली उपभोक्ताओं के आर्थिक बोझ को कम करेगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, कार्बन उत्सर्जन में कमी तथा स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को भी बढ़ावा देगी। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत 1 किलोवाट पर 30,000 रुपये, 2 किलोवाट पर 60,000 रुपये तथा 3 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता पर 78,000 रुपये तक की सब्सिडी प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त, सोलर संयंत्र स्थापना हेतु बैंकों के माध्यम से लगभग 7 प्रतिशत की रियायती ब्याज दर पर 2 लाख रुपये तक का ऋण भी उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही विद्युत कार्यपालक अभियंता एसटी एफ सहरसा प्रशांत कुमार ने बताया कि इस मेले का मुख्य उद्देश्य आम उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर प्रणाली के प्रति जागरूक करना एवं उन्हें योजना से जोड़ना था। उक्त कार्यक्रम में अपर समाहर्ता निशांत कुमार, सहायक विद्युत अभियंता शहरी सुशील कुमार सुधांशु, सहरसा ग्रामीण बिजेंद्र कुमार, सौरबाजार सुशील कुमार, प्रशासी पदाधिकारी राजेश झा, सहायक प्रबंधक प्रभाष देव आई टी मैनेजर एवं सभी कनीय विद्युत अभियंता और सभी विभाग के कर्मचारी और सभी मानव बल लोग उपस्थित रहे।

## कीचड़ जमा रहनें से आवागमन में परेशानी: ग्रामीण

**पतरघट (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के विशनपुर पंचायत अंतर्गत वार्ड 4 में सड़क पर पानी और कीचड़ जमा रहनें से आवागमन में परेशानी के कारण शुक्रवार को ग्रामीणों ने सड़क पर खड़ा होकर आक्रोश व्यक्त किया है। एवं प्रशासनिक व्यवस्था के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन कर शीघ्र समाधान की मांग किया। प्रदर्शन में शामिल ग्रामीणों का कहना था कि बारिश के बाद सड़क पूरी तरह जलमग्न हो जाती हैं. इससे पैदल चलना तो दूर, दोपहिया वाहन लेकर गुजरना भी जोखिम भरा हो गया हैं. ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सड़क के किनारों की भूमि पर स्थानीय निवासी बद्री यादव एवं सिकेंद्र यादव द्वारा अतिक्रमण कर मिट्टी भराई कर दी गई हैं. इसके कारण बारिश का पानी निकलने का रास्ता बंद हो गया हैं. और सड़क पर स्थायी रूप से जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई हैं. विरोध प्रदर्शन में शामिल उपेंद्र दास, देवन शर्मा, चंचल दास, बीरवल तांती, मनैन देवी, रीता देवी, अनीता देवी, रामवती देवी, रिंकू देवी, लक्ष्मी देवी, दाना देवी, सुशीला देवी, मंजूला देवी, सीता देवी, भुषणी देवी, शोभा देवी, फुलमनी देवी, रंजन देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कहा कि पानी निकासी के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने के कारण प्रत्येक वर्ष बारिश के मौसम में लोगों की परेशानी कई गुना बढ़ जाती हैं. जलजमाव और कीचड़ के कारण आम लोगों का दैनिक जीवन बुरी तरह से प्रभावित हो रहा हैं. ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की यह स्थिति हजारों लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई हैं. सबसे अधिक कठिनाई स्कूली बच्चों को हो रही हैं. छोटे-छोटे बच्चों को प्रतिदिन स्कूल आने-जाने के दौरान पानी और कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता हैं. कई बार बच्चें फिसलकर गिर जाते हैं. जिससे अभिभावकों की चिंता बढ़ गई हैं. ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते जल निकासी की व्यवस्था नहीं की गई तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती हैं. स्थानीय लोगों ने यह भी बताया कि जलजमाव के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं. बाइक सवार कीचड़ और पानी के कारण संतुलन खोकर गिर जाते हैं . इससे कई लोग चोटिल हो चुके हैं. ग्रामीणों के अनुसार, बारिश के दिनों में कोई ऐसा दिन नहीं गुजरता जब कोई न कोई व्यक्ति सड़क पर फिसलकर दुर्घटना का शिकार न होता हों. बावजूद इसके संबंधित विभाग और प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई।


प्रदर्शन में शामिल ग्रामीण

## सहरसा सोनवर्षा कचहरी मुख्य मार्ग में बिशनपुर के पास सड़क बना जानलेवा, पथ निर्माण विभाग की लापरवाही से दुर्घटना का शिकार हो रहे राहगीर

**कहरा (सहरसा) (एनएसबी)।** पथ निर्माण विभाग की सहरसा सोनबरसा कचहरी मुख्य मार्ग में बिशनपुर के पास सड़क पर गड्ढा और जलमाव से लोगों को चलना मुश्किल हो गया।जबकि इस सड़क की रोड एंबुलेंस से मरम्मति कराने का विभागीय निर्देश हैं।लेकिन वह भी सडक किनारे घास फूस काटकर कोरम पूरा कर इस समस्या से अनजान बनीं हुई हैं।विभागीय अधिकारियों और संवेदक सड़क से पानी बहाव व सड़क की जर्जता को मरम्मती करने में दिलचस्पी नहीं दिखा रही है।जबकि यह सड़क सोनवर्षा कचहरी और सिमरी बख्तियारपुर सहित अन्य मार्गों को जोड़ने वाली मुख्य सड़क है।फिर भी विभाग द्वारा सड़क की मरम्मती नहीं करने के कारण सडक पर कई जगह गढ्ढे व फ्लेग मे रेनकट हो गया है।जिससे राहगीरों में अक्सर दुघर्टना की आशंका बनी रहती हैं।स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क निमार्ण करने के बाद मरम्मती के नाम पर संवेदक कोरम पूरा कर रहे हैं।जबकि सड़क के निर्माण के बाद से ही विभिन्न जगहों पर टूटना शुरू हो गया था। वर्तमान में बिशनपुर गांव एवं अस्पताल समिप सड़क काफी जर्जर हो चुकी है।जिस कारण हमेशा सड़क जाम और लोग दुघर्टना का शिकार हो रहे हैं।ग्रामीण सोमू कुमार,शनिचर साह, भास्कर कुमार, राजनंदन कुमार, मिथलेश गुप्ता, राजेश झा, गोपाल झा, सुरेश साह आदि ने जिला प्रशासन से अतिसिघ्र सड़क की मरम्मती कराने का मांग किया। वहीं विभाग के कार्यपालक पदाधिकारी गणेश दास ने बताया कि सड़क मरम्मत की प्रक्रिया चल रही हैं। कल एसडीओ को जांच में भेज रहे हैं। बिशनपुर गांव और अस्पताल के पास सड़क पर बने गड्ढे को भरवा दिया जाएगा।




## मंत्री दीपक प्रकाश का पतरघट में हुआ नागरिक अभिनंदन

**पतरघट (सहरसा) (एनएसबी)।** पंचायती राज विभाग के मंत्री दीपक प्रकाश शुक्रवार को पतरघट के कहरा गांव पहुंचे। यहां पार्टी कार्यकत्ताओं और स्थानीय लोगों की ओर से आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में उनका पाग, चादर और बुके देकर स्वागत किया गया। इसके बाद पस्तपार जनार्दन मार्केट स्थित शांति कार्तिक ग्लोबल स्कूल पहुंचे, जहां स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर दीपांशु सिंह, मुखिया प्रतिनिधि मंटू यादव, समाजसेवी दीपक सिंह, चंदन सिंह, गौरव मेहता सहित अन्य कार्यकत्ताओं ने मंत्री का भव्य स्वागत किया गया। वही कहरा गाँव में नागरिक अभिनंदन समारोह में ग्रामीणों ने धबौली पश्चिमी पंचायत से कहरा गांव को अलग कर कहरा पंचायत बनाने की मांग मंत्री के समक्ष रखी। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में नल-जल योजना के तहत जलमीनार का निर्माण तो कर दिया गया, लेकिन आज तक इससे घरों तक पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हुई। ग्रामीणों ने योजना की स्थिति में सुधार कर पेयजल आपूर्ति शुरू कराने की मांग की। इसके अलावे पंचायत में लगी सोलर स्ट्रीट लाइट खराब होने को लेकर लोगों ने भी मंत्री को अवगत कराया। मंत्री के आगमन की सूचना पर पहुंचे स्वच्छता कर्मियों ने भी आठ माह से मानदेय नहीं मिलने समेत विभिन्न समस्याओं को लेकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। कर्मियों ने लंबित मानदेय का भुगतान कराने की मांग की।समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री दीपक प्रकाश ने कार्यकत्ताओं और ग्रामीणों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों द्वारा बताई गई समस्याओं का लिखित आवेदन उपलब्ध कराया जाए, ताकि संबंधित विभाग को कार्रवाई के लिए भेजा जा सके। कहरा को पंचायत बनाने की मांग पर उन्होंने कहा कि परिसीमन को लेकर निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन जारी होने के बाद ग्रामीण लिखित आवेदन दें। इसके बाद कहरा को अलग पंचायत बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। मंत्री ने युवाओं की रोजगार संबंधी समस्याओं का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में आने वाले पांच वर्षों में एक करोड़ रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार इस दिशा में काम करेगी।कहरा गांव में आयोजित समारोह की अध्यक्षता प्रदेश सचिव रौशन पाठक ने की, जबकि संचालन प्रखंड अध्यक्ष शैलेश झा ने किया।इस मौके पर प्रधान महासचिव हिमांशु पटेल, शिवेंद्र कुमार जिसू, विराट कुशवाहा, रौशन राजा, धबौली पश्चिमी के मुखिया अजय झा, पैक्स अध्यक्ष नवल किशोर चैधरी, जदयू नेता इंद्र कुमार झा, शिक्षाविद प्रभात मिश्र, सुभाष मिश्र, तरुण झा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण व कार्यकर्ता मौजूद थे।



मंत्री का अभिनंदन करते ग्रामीण

# बागमती नदी के कटाव से ग्रामीणों में दहशत त्वरित कटावरोधी कार्य कराने का किया आग्रह


सांसद राजेश वर्मा ।

**खगड़िया (एनएसबी)।** सांसद राजेश वर्मा ने अलौली प्रखंड अंतर्गत चेराखेरा पंचायत के उत्तरी बहोरवा एवं दक्षिणी बहोरवा गांव में बागमती नदी से हो रहे लगातार कटाव को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी, खगड़िया को पत्र लिखकर तत्काल आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। सांसद ने कहा है कि कटाव के कारण ग्रामीणों की सुरक्षा, खेती योग्य भूमि और आवासीय क्षेत्रों पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो स्थिति और भी भयावह हो सकती है। सांसद राजेश वर्मा ने जिलाधिकारी को भेजे अपने पत्र में उल्लेख किया है कि अलौली प्रखंड के चेराखेरा पंचायत स्थित उत्तरी बहोरवा एवं दक्षिणी बहोरवा गांव के स्थानीय लोगों द्वारा लगातार बागमती नदी के कटाव की शिकायत की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि नदी का कटाव दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है, जिससे गांव की बड़ी आबादी भय और असुरक्षा के माहौल में जीवन यापन करने को विवश है। उन्होंने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि बागमती नदी का कटाव केवल षि भूमि तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे गांव की आबादी, सड़क, आवागमन तथा भविष्य में जन-धन की सुरक्षा पर भी गंभीर संकट उत्पन्न होने की आशंका है। ऐसे में प्रशासन को इसे सामान्य समस्या न मानते हुए प्राथमिकता के आधार पर समाधान की दिशा में कार्य करना चाहिए। सांसद ने जिलाधिकारी से कहा है कि चेराखेरा पंचायत के उत्तरी बहोरवा एवं दक्षिणी बहोरवा गांव में बागमती नदी के किनारे शीघ्र कटावरोधी कार्य प्रारंभ कराया जाए। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों को निर्देशित कर आवश्यक तकनीकी सर्वेक्षण कराया जाए तथा स्थायी एवं प्रभावी कटावरोधी उपाय सुनिश्चित किए जाएं, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके और संभावित क्षति को रोका जा सके। पत्र में सांसद ने यह भी कहा है कि इस संबंध में प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई से उन्हें अवगत कराया जाए, जिससे समस्या के समाधान की प्रगति पर लगातार निगरानी रखी जा सके। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जिला प्रशासन जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शीघ्र आवश्यक कदम उठाएगा।वहीं स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि हर वर्ष बागमती नदी का कटाव उनके लिए चिंता का विषय बन जाता है। समय पर कटावरोधी कार्य होने से न केवल उनकी जमीन और घर सुरक्षित रहेंगे, बल्कि भविष्य में संभावित विस्थापन जैसी स्थिति से भी बचा जा सकेगा। सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि क्षेत्र के लोगों की सुरक्षा और विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा जनहित से जुड़े प्रत्येक मुद्दे को प्रशासन के समक्ष मजबूती से उठाकर उसके समाधान के लिए लगातार प्रयास किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### खगड़िया में अलग-अलग घटना में पांच घायल

**खगड़िया।** नगर थाना क्षेत्र के आरओबी सहित मोरकाही थाना क्षेत्र अंतर्गत चातर-अलौली में दो अलग-अलग मोटरसाइकिल दुर्घटना में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों द्वारा इलाज के लिए लाये गये गंभीर रूप से घायल सहरसा जिला के चिरैया थाना अंतर्गत अलानी निवासी बबलू कुमार ने बताया कि अपने रिश्तेदार सुनील निशाद के साथ मुख्यालय के बाजार से अपने काम को पूरा कर वापस अपनी मोटरसाइकिल से घर लौटने के क्रम में चातर के निकट सामने से आ रही एक तेज रफ्तार की स्कर्पियो ने जबरदस्त धक्का मारकर फरार हो गई। वहीं दूसरी घटना में आरओबी पर एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक की संतुलन बिगड़ने से मोटरसाइकिल पर सवार सत्यम कुमार , बबलू चौधरी और सुनील चौधरी गंभीर से घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है।

### लाखों का सोने का लकेट लेकर फरार, पीड़ित ने थाने में दी शिकायत

**गोगरी।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या-29 निवासी अमरेश कुमार ने गोगरी थाना में लिखित आवेदन देकर सोने का लकेट लेकर फरार होने का आरोप लगाया है।
दिए गए आवेदन के अनुसार, शुक्रवार सुबह पिंटू पासवान नामक व्यक्ति मेरे घर मे मेरे पिताजी को तेल मालिश करने आया। तेल मालिश करते हुए उसने मेरे पिताजी के गले मे पहना हुआ लकेट गले से काटकर ले लिया। पीड़ित ने बताया कि लकेट का वजन लगभग 7 ग्राम है, जिसकी वर्तमान कीमत करीब एक लाख रुपये है।काफी खोजबीन के बाद संदेह है की तेल मालिश करने आया व्यक्ति ही लकेट गायब किया है। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि आरोपी का नाम पिंटू पासवान बताया गया है। पीड़ित ने गोगरी थाना से मामले की जांच कर आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। फिलहाल पुलिस को लिखित आवेदन सौंप दिया गया है।इस मामले मे गोगरी थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार ने कहा की आवेदन आने के बाद मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### किसानों की समस्याओं का समाधान करने का निर्देश

**चौथम।** प्रखंड मुख्यालय स्थित षि कार्यालय के सभाकक्ष में शुक्रवार को प्रखंड षि पदाधिकारी महेश कुमार की अध्यक्षता में अधीनस्थ कर्मियों, समन्वयकों एवं षि सलाहकारों के साथ एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। बैठक में बीएओ ने सभी कर्मियों को समय पर कार्यालय आने तथा अपने-अपने कार्यक्षेत्र में नियमित रूप से उपस्थित रहकर किसानों की समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र किसानों तक समय पर पहुंचाना सभी कर्मियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की समीक्षा के दौरान बीएओ ने लाभार्थियों के जीवन प्रमाणीकरण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी समन्वयकों एवं षि सलाहकारों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्र के लाभार्थी किसानों से संपर्क कर जीवन प्रमाणीकरण सुनिश्चित कराएं तथा किसानों को इसके लिए जागरूक एवं प्रेरित करें। बैठक में बताया गया कि जिन किसानों ने फार्मर रजिस्ट्री करा ली है और जो प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की पात्रता पूरी करते हैं, वे योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए अनलाइन आवेदन कर सकते हैं। वर्तमान में आवेदन पोर्टल खुला हुआ है, इसलिए पात्र किसान समय रहते आवेदन करें।बीएओ ने यह भी जानकारी दी कि जिन किसानों को पूर्व में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिल चुका था, लेकिन किसी कारणवश वर्तमान में लाभ नहीं मिल रहा है, वे यदि सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं तो आवेदन पत्र षि कार्यालय में जमा करें। आवेदन की जांच के बाद उन्हें पुनः योजना का लाभ मिलने की संभावना रहेगी। बैठक में षि तकनीकी प्रबंधक राहुल कुमार, श्रेया कुमारी, पंकज मणि, प्रखंड समन्वयक रूपेश कुमार, संजय कुमार, षि सलाहकार अमरकांत कुमार, रितेश कुमार, राजकुमार, हरिनंदन कुमार सहित प्रखंड के सभी समन्वयक एवं षि सलाहकार उपस्थित थे।

## खेत में उतरे अधिकारी, रागी की रोपाई

**चौथम।** कृषि विभाग की ओर से पारंपरिक मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को चौथम प्रखंड में रागी (मडुआ) की रोपाई का प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी रणजीत कुमार सिंह सहित षि विभाग के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय किसानों ने भाग लेकर रागी की रोपाई की। षि विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को पारंपरिक एवं मोटे अनाजों की खेती के प्रति जागरूक करना तथा जैविक एवं टिकाऊषि पद्धति को बढ़ावा देना है। अधिकारियों ने स्वयं खेत में उतरकर रागी की रोपाई की, ताकि किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक तरीके से इसकी खेती के लिए प्रेरित किया जा सके। कार्यक्रम में बीडीओ रणजीत कुमार सिंह, प्रखंड षि पदाधिकारी महेश कुमार, प्रखंड उद्यान पदाधिकारी नितेश कुमार सिंह, षि समन्वयक राहुल कुमार, षि तकनीकी प्रबंधक श्रेया चौधरी, पिंकेश कुमार, किसान सलाहकार पंकज मणि, किसान अभय


रोपाई करते बीडीओ व अन्य।

कुमार सिंह, पूर्व प्रमुख सह सीपीआई नेता प्रभाकर प्रसाद सिंह, पंचायत समिति सदस्य अनिल कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय किसान एवं षि कर्मी मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रखंड षि पदाधिकारी महेश कुमार ने कहा कि षि विभाग द्वारा किए जा रहे इस प्रदर्शन का उद्देश्य किसानों को मोटे अनाज की खेती के प्रति प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि रागी (मडुआ), बाजरा, कोदो, चीना सहित अन्य मोटे अनाज पोषण की ष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इनकी खेती कम लागत, कम पानी और प्रतिकूल मौसम में भी सफलतापूर्वक की जा सकती है, जिससे किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार भी श्री अन्न को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। ऐसे में किसानों को पारंपरिक फसलों की ओर लौटने की आवश्यकता है। इससे जहां एक ओर जैविक एवं प्रातिक खेती को प्रोत्साहन मिलेगा, वहीं लोगों को पौष्टिक खाद्यान्न भी उपलब्ध होगा। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने किसानों से अधिक से अधिक क्षेत्र में रागी सहित अन्य मोटे अनाजों की खेती अपनाने की अपील की तथा षि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया।

## हेल्दी बेबी शो में बताया गया स्तनपान के संबंध में जानकारी

**गोगरी।** विश्व स्तनपान सप्ताह के समापन अवसर पर शुक्रवार को अनुमंडलीय अस्पताल गोगरी में 'हेल्दी बेबी शो' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं को स्तनपान के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा शिशुओं के बेहतर पोषण एवं स्वास्थ्य को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने बताया कि जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान शुरू करना तथा पहले छह माह तक शिशु को केवल माँ का दूध पिलाना उसके शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि माँ का दूध शिशु के लिए संपूर्ण आहार है, जो उसे संक्रमणों से बचाने और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम में उपस्थित माताओं को स्तनपान से जुड़े मिथकों और भ्रांतियों के बारे में जानकारी दी गई तथा उन्हें सही पोषण और शिशु देखभाल के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान स्वस्थ शिशुओं को प्रोत्साहित भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे अशोक पंत सहित अस्पताल के चिकित्सक, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, एएनएम, आशा कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में माताएं और उनके शिशु उपस्थित रहे। आयोजन के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि 'स्तनपान विकल्प नहीं, संकल्प है' तथा स्वस्थ समाज के निर्माण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है।



कार्यक्रम में अधिकारी व अन्य।

## मेरा उद्देश्य केवल समस्याओं को उठाना नहीं, बल्कि उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित कराना है : विधायक

**खगड़िया।** खगड़िया विधानसभा क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर विधायक बबलू कुमार मंडल ने एक बार फिर सक्रिय पहल करते हुए नगर विकास एवं आवास विभाग तथा ग्रामीण विकास विभाग की प्रस्तावित समीक्षा बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया है। इस संबंध में उन्होंने बिहार विधानसभा की पर्यटन एवं उद्योग समिति के सभापति को विस्तृत पत्र भेजकर खगड़िया विधानसभा क्षेत्र से जुड़े जनहित के मामलों पर विभागीय अधिकारियों से जवाब-तलब करने और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कराने का आग्रह किया है। विधायक ने कहा कि खगड़िया विधानसभा क्षेत्र में नगर विकास एवं आवास विभाग तथा ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित कई योजनाएं लंबे समय से प्रभावित हैं, जिससे आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समीक्षा बैठक में इन सभी विषयों पर विस्तार से चर्चा कर विभाग से स्पष्ट जवाब लिया जाएगा। नगर विकास एवं आवास विभाग से संबंधित मुद्दों में विधायक ने सबसे पहले खगड़िया नगर परिषद क्षेत्र की लगभग 433 करोड़ रुपये की प्रस्तावित ड्रेनेज सिस्टम परियोजना का मामला उठाया है। उन्होंने कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना को स्वीति मिलने के बावजूद अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। ऐसे में विभाग यह स्पष्ट करे कि परियोजना की वर्तमान प्रशासनिक एवं तकनीकी स्थिति क्या है, कार्य कब तक प्रारंभ होगा तथा यदि कोई बाधा है तो उसे दूर करने के लिए क्या कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की धीमी प्रगति पर भी चिंता व्यक्त की। विधायक ने कहा कि हजारों पात्र लाभार्थी आज भी योजना के लाभ से वंचित हैं। विभाग को लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने, विशेष अभियान चलाने तथा निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए आवश्यक प्रशासनिक निर्देश जारी करने चाहिए।


जदयू विधायक बबलू कुमार मंडल ।

विधायक ने कबीर अंत्येष्टि योजना की राशि समय पर उपलब्ध नहीं होने का गंभीर मामला भी उठाया है। उन्होंने कहा कि राशि के अभाव में गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में एक ऐसी घटना सामने आई, जिसमें योजना की राशि समय पर नहीं मिलने के कारण एक मृतक का अंतिम संस्कार लगभग तीन दिन बाद हो सका। उन्होंने इसे अत्यंत संवेदनशील विषय बताते हुए योजना के प्रभावी संचालन, समय पर भुगतान और सभी संबंधित निकायों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की। ग्रामीण विकास विभाग से जुड़े मामलों में विधायक ने मनरेगा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि खगड़िया जिले में मजदूरों को अपेक्षित मात्रा में रोजगार उपलब्ध नहीं हो रहा है। पंचायत समिति की बैठक में भी यह मुद्दा प्रमुखता से उठ चुका है। उन्होंने विभाग से पूछा है कि रोजगार सृजन, कार्यो की स्वीति और ग्रामीण मजदूरों को समय पर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए क्या ठोस कदम उठाए जा रहे हैं तथा भविष्य की कार्ययोजना क्या है। इसके साथ ही विधायक ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजनाओं के अंतर्गत जर्जर हो चुकी ग्रामीण सड़कों की शीघ्र मरम्मत की मांग की है। उन्होंने मेहसौरी-अगुवानी, सोनमनकी-माड़र, सोनमनकी-सिमराहा, बछौता-बिरनपुर, खगड़िया-बखरी मार्ग से दाढ़ी आस गांव, सोराय टोला से सोराय गांव, खगड़िया-अलौली मार्ग से भीरयाही पोखर होते हुए अलौली पथ तथा दुर्गापुर से मथार दियारा सहित कई महत्वपूर्ण सड़कों की मरम्मत कराने की आवश्यकता बताई है। साथ ही पूरे विधानसभा क्षेत्र की ग्रामीण सड़कों का सर्वेक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत एवं पुनर्निर्माण कराने की मांग की है। विधायक ने दो नई ग्रामीण सड़क परियोजनाओं की भी मांग की है। उन्होंने खगड़िया-अलौली पथ के भीरयाही पोखर से विष्णुपुर ढ़ाला तक नई सड़क तथा सोनमनकी से बलौर लोहा पुल तक नई सड़क के निर्माण का प्रस्ताव रखा है। उनका कहना है कि इन सड़कों के बनने से हजारों ग्रामीणों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी और क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को नई गति प्राप्त होगी। विधायक बबलू कुमार मंडल ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल समस्याओं को उठाना नहीं, बल्कि उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित कराना है। उन्होंने उम्मीद जताई कि समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारी सभी बिंदुओं पर स्पष्ट जवाब देंगे तथा जनहित से जुड़े इन महत्वपूर्ण मामलों में शीघ्र और प्रभावी कार्रवाई होगी।

## अधिकारियों की टीम ने किया मध्य विद्यालय का निरीक्षण

**चौथम् (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मध्य विद्यालय, तीला टोला, पिपरा का शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी रणजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रखंड षि पदाधिकारी महेश कुमार एवं प्रखंड कल्याण पदाधिकारी नीतीश कुमार भी मौजूद रहे। निरीक्षण के समय विद्यालय में छात्रों की उपस्थिति, पठन-पाठन, मध्या भोजन सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। अधिकारियों को विद्यालय में 256 नामांकित छात्रों के विरुद्ध 180 छात्र उपस्थित मिले। कक्षाओं में नियमित पठन-पाठन होता पाया गया तथा मध्या भोजन व्यवस्था भी संतोषजनक मिली। हालांकि निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पाया कि विद्यालय में छात्रों की संख्या की तुलना में शिक्षकों की कमी है। इस संबंध में शिक्षकों ने भी अधिकारियों का ध्यान आष्ट कराया। विद्यालय की शिक्षिका संगीता देवी सहित अन्य शिक्षकों ने अधिकारियों से विद्यालय की चहारदीवारी की उंचाई बढ़ाने की मांग की। शिक्षकों ने बताया कि बाउंड्री वल नीची होने के कारण ग्रामीण एवं अन्य लोग अनावश्यक रूप से विद्यालय परिसर में प्रवेश कर जाते हैं, जिससे पठन-पाठन का माहौल प्रभावित होता है और विद्यार्थियों को भी परेशानी होती है। निरीक्षण के बाद बीडीओ रणजीत कुमार सिंह ने बताया कि विद्यालय में पठन-पाठन एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर स्थानीय लोगों द्वारा शिकायत प्राप्त हुई थी। इसी के आलोक में विद्यालय का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान अधिकांश व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। वहीं, कुछ कमियों एवं आवश्यकताओं से संबंधित मामलों को उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया जाएगा, ताकि आवश्यक कार्रवाई कर विद्यालय की व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सके। अधिकारियों ने विद्यालय प्रबंधन को शैक्षणिक गुणवत्ता बनाए रखने तथा विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।



निरीक्षण करते बीडीओ व अन्य।

## संक्षिप्त खबरें

### उत्कृष्ट कार्य के लिए 'विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार' से सम्मानित किया गया

**सोनपुर (एनएसबी)** दिनांक 07.08.2026 को पाटलिपुत्रा रेल परिसर पटना के आम्रपाली रेल प्रेक्षागृह में आयोजित भव्य समारोह में पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह द्वारा उत्ष्ट कार्य निष्पादन करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 'विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार'-2026 से सम्मानित किया गया। यह आयोजन 71वें रेल सप्ताह समारोह के अंतर्गत गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह, पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती सुनीता सिंह एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक श्री अमरेन्द्र कुमार, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सहित मुख्यालय एवं पांचों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक उपस्थित रहे। इस अवसर पर सोनपुर मंडल ने उत्ष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न श्रेणियों में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल कीं। महाप्रबंधक द्वारा मंडल को निम्नलिखित शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया1. जनशक्ति नियोजन एवं कर्मचारी शिकायत निवारण शील्ड, 2. सर्वश्रेष्ठ ऊर्जा दक्षता शील्ड, 3. पुल प्रबंधन शील्ड, 4. समपार फाटक एवं आरओबीध्आरयूबी सुरक्षा कार्य शील्ड, 5. पर्यावरण संरक्षण हेतु सर्वश्रेष्ठ मंडल शील्ड, 6. जन शिकायत निवारण (रेल मदद) शील्ड, 7. महाप्रबंधक दक्षता उपविजेता कप व्यक्तिगत उत्ष्ट कार्य हेतु मंडल के कई रेलकर्मी को भी महाप्रबंधक द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कुलदीप कुमार (ट्रैकमैन), अजय पासवान ( चीफ कमर्शियल कम टिकट), अमित कुमार रंजन (पइंट मैन),रामबाबू पासवान(जुनियर इंजिनियर) शामिल हैं। इस अवसर पर महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह ने सभी पुरस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा कहे कि इस प्रकार के सम्मान कर्मचारियों को और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं। समारोह के दौरान सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन एवं संबंधित विभागों के शाखा अधिकारी भी उपस्थित रहे और इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की।


समारोह में उपस्थित लोग

### सावन की दुसरी शुक्रवार को पहलेजा में शिव भक्तों का जनसैलाब

**सोनपुर (एनएसबी)** अनुमंडल का गंगा और गंडक नदी का मिलन संगम स्थलीय की चर्चा विश्व में फैली है। सोनपुर शहर के गंडक के समीप बाबा हरिहर नाथ मंदिर और पहलेजा घाम का गंगा नदी में देश-विदेश से श्रद्धालूओं लाखों की संख्या आने का सिलसिला लगा रहता है। ान कर बाबा हरिहर नाथ मंदिर बड़ी उत्साह और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना कर गंतव्य के लिए प्रस्थान किया करते हैं। सोनपुर शहर साल के दो महीना गुलजार रहती है। पहला सावन का महिना तथा दूसरा कार्तिक का महीना। यह दो महीना जिला प्रशासन की निगरानी में मेले की स्वरुप में रहती है। जिला प्रशासन द्वारा विधि-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करते रह है। सावन मास में शिव भक्तों के आने-जाने वाली सड़क मार्ग सोनपुर स्टेशन से गोविन्द चक, पहलेजा घाम तथा बाबा हरिहर नाथ मंदिर तक परिक्रमा कर बाबा हरिहर नाथ का जलाभिषेक करते हैं। वहीं सड़क की दौनों ओर रंग-बिरंगी दूकानों में विभिन्न तरह समानों सजी है। जगह-जगह कांवारियों विश्राम पंडाल बनी है।


पहलेजा घाट द्वार लगी शिव भक्तों भीड़'।

### शांतिपूर्ण संपन्न हुई बीडीसी की बैठक

**फतुहा।** प्रखंड सभागार में शुक्रवार को बीडीसी की सामान्य बैठक शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख श्रुति श्री ने की। बैठक में शिक्षा, मनरेगा, स्वास्थ्य, पंचायती राज एवं योजनाओं पर चर्चा हुई। प्रमुख ने बताया कि बैठक में प्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी समस्याएं बताईं हैं जल्द ही उन समस्याओं के निदान की रणनीति बनाई जाएगी। वहीं बीडीओ गौतम कुमार सिन्हा ने बताया कि बैठक में उपस्थित सदस्यों ने विभिन्न विकास योजनाओं पर अपने विचार रखे और योजनाओं को समय पर पूरा करने पर जोर दिया है। जनप्रतिनिधियों की समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर उपप्रमुख, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य तथा कई विभाग के अधिकारी, प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### पानी भरे गड्ढे में डूबने से किशोर की मौत

**फतुहा।** थाना क्षेत्र के पीताम्बरपुर गांव के खंदे में शुक्रवार को पानी भरे गड्ढे में डूबने से 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। किशोर की पहचान पीताम्बरपुर निवासी मेवा पासवान के पुत्र अजय कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अजय पानी भरे गड्ढे में नहाते हुए अठखेलियां कर रहा था तभी गहरे पानी में चला गया और डूब गया। उसके डूबने की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पुलिस को देते हुए ग्रामीणों ने लाश को गड्ढे से बरामद कर लिया। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### प्रमुख ने किया पीसीसी सड़क का उद्घाटन

**फतुहा।** प्रखंड प्रमुख श्रुति श्री ने शुक्रवार को मौजीपुर में 12 लाख 81 हजार की लागत से निर्मित पीसीसी सड़क का उद्घाटन किया। यह सड़क वार्ड- 4 में नरेश राय के घर से सूपन महतो के घर तक गई है। इस सड़क के बन जाने से स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। लोगों ने बताया कि पहले हमलोग कच्ची सड़क से आते-जाते थे लेकिन अब इस ढलाई सड़क के बन जाने से हमलोगों की परेशानी दूर हो गई है। मौके पर उपप्रमुख रवींद्र सिंह, बीडीओ गौतम कुमार सिन्हा, आनंद मधुकर यादव, जगेश्वर यादव के अलावा कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### महिला उचक्कों ने की बीस हजार की छिनतई

**फतुहा।** मछली बाजार के पास शुक्रवार को उचक्कों ने एक महिला से बीस हजार रुपए की छिनतई कर ली। पीड़िता जग्गूबीघा निवासी कंचन कुमारी ने थाने में लिखित शिकायत की है। शुक्रवार को पीड़िता स्टेशनरोड स्थित बैंक अफ बड़ौदा में बीस हजार रुपए जमा करने गई थी। बैंक के अंदर ही दो उचक्कों ने उसे झांसे में लेते हुए बोला कि आपके आदमी का चौराहे पर एक्सीडेंट हो गया है। पीड़िता के अनुसार दोनों उसे भ्रमित कर फतुहा चौराहा की ओर ले गए। इसके मछली बाजार के पास मौका पाकर उसके रुपए झपटकर फरार हो गये। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### स्मैक के साथ दो गिरफ्तार, बाइक जब्त

**फतुहा।** नदी थाने की पुलिस ने शुक्रवार को जेठुली घाट के पास से दो युवक दीदारगंज के हनुमानचक निवासी कुंदन कुमार एवं राहुल कुमार को को 23.58 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने बताया कि दोनों के पास से साढ़े पांच हजार नकद बरामद करते हुए एक बाइक भी जब्त की गई है। इस मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# समझौते से पहले ईडी की दस्तक, जॉलीवुड फर्जीवाड़ा मामले की जांच ने पकड़ी रफ्तार

## करोड़ों के कथित गबन प्रकरण में छह घंटे चली छापेमारी, दस्तावेज व डिजिटल साक्ष्य जब्त

**जमालपुर(मुंगेर) (एनएसबी)।** करीब एक अरब रुपये के कथित गबन एवं निवेश फर्जीवाड़ा मामले में प्रवर्तन निदेशालय ईडी की छापेमारी को जांच का अहम मोड़ माना जा रहा है। दो वर्षो से जेल में बंद जलीवुड इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के सीएमडी जितेंद्र कुमार राजीव समेत उनके सहयोगियों के ठिकानों पर हुई कार्रवाई के बाद मामले की जांच और तेज हो गई है।सूत्रों के अनुसार जिस समय ईडी ने कार्रवाई की उसी दौरान मामले से जुड़े एक अन्य मुकदमे में न्यायालय के माध्यम से समझौते की प्रक्रिया भी चल रही थी। जांच एजेंसियों का मानना है कि यदि कार्रवाई में और विलंब होता तो कई महत्वपूर्ण दस्तावेज एवं डिजिटल साक्ष्य हाथ से निकल सकते थे। इसी आशंका के मद्देनजर ईडी की टीम ने फूलका, नयागांव सिकंदरपुर और सारोंबाग स्थित संबंधित आरोपितों के आवासों पर करीब छह घंटे तक गहन तलाशी अभियान चलाया।छापेमारी के दौरान सफ्टवेयर इंजीनियर धीरज कुमार और सहायक निदेशक संतोष कुमार के परिसरों की भी विस्तृत जांच की गई। टीम कई दस्तावेज, इलेक्ट्रनिक उपकरण और अन्य महत्वपूर्ण सामग्री जब्त कर अपने साथ ले गई है। इनकी जांच के आधार पर धन के लेन-देन और कथित फर्जीवाड़े की परतें खंगाली जाएंगी।उधर इस मामले में पहले 83 लोगों के हस्ताक्षरयुक्त आवेदन के आधार पर दर्ज मुकदमे के बाद जमाकर्ताओं के बीच यह उम्मीद जगी थी कि यदि समझौता हो जाता है तो उनकी डूबी हुई रकम वापस मिलने की संभावना बन सकती है। लेकिन ईडी की कार्रवाई के बाद मामला एक बार फिर पूरी तरह जांच एजेंसियों के दायरे में आ गया है। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि जब्त दस्तावेजों और डिजिटल साक्ष्यों से जांच में कौन-कौन से नए तथ्य सामने आते हैं। हालांकि ईडी की ओर से छापेमारी को लेकर आधिकारिक रूप से विस्तृत जानकारी अभी सार्वजनिक नहीं की गई है।


आरोपित के घर में छापेमारी करते ईडी।

# विद्या मंदिर में गणित-विज्ञान मेले का आयोजन

## विद्यार्थियों ने प्रदर्शित किए नवाचार

**जमालपुर (मुंगेर)।** सरस्वती विद्या मंदिर, दौलतपुर जमालपुर में शुक्रवार को विद्यालय स्तरीय गणित-विज्ञान मेले का भव्य आयोजन किया गया। मेले में विद्यार्थियों ने विज्ञान, गणित, प्रौद्योगिकी और संगणक आधारित आकर्षक मडल एवं वैज्ञानिक प्रयोग प्रस्तुत कर अपनी रचनात्मकता,वैज्ञानिक सोच और नवाचार क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया। छात्रों के मडलों ने उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों और शिक्षकों का ध्यान आकर्षित किया।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधकारिणी के सचिव चंद्रशेखर खेतान, प्रधानाचार्य छठु साह, उपप्रधानाचार्य संतोष कुमार, प्रो विजय कुमार,सह सचिव शैल कुमारी एवं सदस्य उदय दास ने संयुक्त रूप से किया।प्रधानाचार्य छठु साह ने कहा कि विज्ञान मेला विद्यार्थियों में वैज्ञानिक ष्टिकोण, तार्किक चिंतन और नवाचार की भावना विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। इससे छात्रों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त होता है। वहीं उपप्रधानाचार्य संतोष कुमार ने कहा कि विज्ञान केवल एक विषय नहीं, बल्कि जीवन को बेहतर बनाने की सोच है। उन्होंने विद्यार्थियों को जिज्ञासु बने रहने और विज्ञान के माध्यम से समाज की समस्याओं के समाधान खोजने के लिए प्रेरित किया।मेले में पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा एवं जल संरक्षण, स्वच्छता, षि, रोबोटिक्स, सेंसर तकनीक, प्राथमिक उपचार, पदार्थ की अवस्थाएं और सरल मशीनों सहित विभिन्न विषयों पर मडल प्रदर्शित किए गए। सिद्धांत, हर्षित, ओजस, शौर्य, हर्ष, अर्णव, अभिषेक, बद्री, आर्यन, अनुष्का, साक्षी, सोनाक्षी, अंकिता, आराध्या, श्रुति, क्रिस्टल, पीहू, आरती, श्वेता, वैष्णवी, अर्पिता और आहाना समेत अनेक विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का उत्ष्ट प्रदर्शन किया।कार्यक्रम प्रमुख लक्ष्मी कुमारी ने सभी प्रतिभागियों, शिक्षकों एवं सहयोगियों को बधाई देते हुए बताया कि मेले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को विभाग स्तरीय विज्ञान मेले में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।


गणित-विज्ञान मेले को देखते प्रधानाचार्य सहित अन्य।

# आपदा से निपटने को लेकर स्टेशन पर आरपीएफ का मॉक ड्रिल

## आपदा के समय यात्रियों की सुरक्षा का दिया प्रशिक्षण

**जमालपुर(मुंगेर)।** रेल दुर्घटना अथवा किसी भी आकस्मिक आपदा की स्थिति में यात्रियों को सुरक्षित निकालने और राहत कार्य को प्रभावी ढंग से संचालित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को जमालपुर रेलवे स्टेशन परिसर में आरपीएफ ने माक ड्रिल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व आरपीएफ इंस्पेक्टर सुजीत कुमार यादव ने किया। माक ड्रिल के दौरान आरपीएफ अधिकारियों एवं जवानों को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई, यात्रियों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने तथा दुर्घटनास्थल पर बचाव कार्य को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने का प्रशिक्षण दिया गया। इंस्पेक्टर सुजीत कुमार यादव ने कहा कि किसी भी आपदा की स्थिति में आरपीएफ की पहली जिम्मेदारी यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इसके साथ ही स्टेशन परिसर में भगदड़ और अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए सूझबूझ और समन्वय के साथ कार्य करना आवश्यक है। माक ड्रिल के दौरान यात्रियों को भी आपातकालीन स्थिति में अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि दुर्घटना के समय घबराने के बजाय रेलवे कर्मियों और सुरक्षा बलों के निर्देशों का पालन करें, ताकि राहत एवं बचाव कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।कार्यक्रम को सफल बनाने में स्टेशन पर मौजूद यात्रियों ने भी आरपीएफ का सहयोग किया और सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन किया। इस अवसर पर सब इंस्पेक्टर भावेश कुमार, विकास कुमार सिंह, सहायक सब इंस्पेक्टर मोतीलाल, समीर दास, कांस्टेबल राजा कुमार, रजनीश कुमार, चंदन कुमार, मुकेश कुमार, गीता जाट सहित आरपीएफ के कई अधिकारी एवं जवान मौजूद रहे। माक ड्रिल के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुढ़ बनाने का संदेश दिया गया।


मॉक ड्रिल करते आरपीएफ।

# सीओ के जनसुनवाई कार्यक्रम में 10 मामले का निष्पादन

**जमालपुर (मुंगेर)।** अंचल कार्यालय में शुक्रवार को अंचलाधिकारी प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में भूमि विवाद, जमाबंदी, परिमार्जन, नाम सुधार एवं जमीन मापी से संबंधित करीब 30 मामले पहुंचे।अंचलाधिकारी ने एक-एक फरियादी की शिकायत सुनते हुए संबंधित राजस्व कर्मचारियों एवं अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।जनसुनवाई के दौरान फरियादी सुखदेव यादव ने जमीन की नापी कराने की मांग रखी। वहीं कैलाश पासवान ने आपत्ति से जुड़े मामले में आवेदन दिया। सुरेश कुमार ने जमाबंदी में सुधार कराने, सुरेंद्र यादव ने परिमार्जन, महेंद्र प्रसाद यादव ने अभिलेख में नाम सुधार तथा परशुराम कुमार ने भूमि मापी से संबंधित शिकायत अंचलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की।अंचलाधिकारी ने सभी मामलों की गंभीरता से सुनवाई करते हुए संबंधित कर्मियों को समयबद्ध जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राजस्व से जुड़े मामलों का त्वरित एवं पारदर्शी निष्पादन प्रशासन की प्राथमिकता है और किसी भी पात्र व्यक्ति को अनावश्यक रूप से कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़े, इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। जनसुनवाई में प्राप्त लगभग 30 मामलों में से 10 मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया, जबकि शेष मामलों को जांच एवं आवश्यक प्रक्रिया के लिए संबंधित कर्मचारियों को सौंपा गया। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में फरियादी मौजूद रहे और अपनी समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया।


जनसुनवाई करते सीओ।

# वित्तरहित शिक्षकों के मुद्दे पर सरकार को राजद नेता ने घेरा

**जमालपुर (मुंगेर)।** राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता राजेश रमण उर्फ राजू यादव ने वित्तरहित शिक्षकों के मुद्दे पर बिहार सरकार को निशाने पर लेते हुए समान कार्य के लिए समान वेतनमान की नीति जल्द लागू करने की मांग की। शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि बिहार के वित्तरहित डिग्री कलेज, इंटर महाविद्यालय एवं माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत हजारों शिक्षक और कर्मचारी वर्षो से समान कार्य करने के बावजूद उचित वेतन से वंचित हैं और बदहाली का जीवन जीने को मजबूर हैं।राजेश रमण ने आरोप लगाया कि सरकार एक ओर वित्तरहित शिक्षकों को आश्वासन देती है, जबकि दूसरी ओर न्यायालय के आदेशों का पालन करने के बजाय उनके खिलाफ पुनर्विचार याचिका दायर कर अपनी मंशा स्पष्ट कर रही है। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने सरकार के रुख पर कड़ी टिप्पणी करते हुए पुनर्याचिका को खारिज कर दिया, जिससे सरकार की नीति पर सवाल खड़े हो गए हैं।राजद नेता ने कहा पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के कार्यकाल में कई वित्तरहित विद्यालयों का अधिग्रहण कर उनका सरकारीकरण किया गया था, लेकिन वर्तमान एनडीए सरकार ने अब तक एक भी वित्तरहित विद्यालय का अधिग्रहण नहीं किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि डबल इंजन की सरकार शुरू से ही शिक्षक विरोधी नीतियों पर काम कर रही है।राजेश रमण ने राज्य सरकार से मांग की कि उच्चतम न्यायालय की भावना का सम्मान करते हुए वित्तरहित शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए समान कार्य के बदले समान वेतनमान की नीति तत्काल लागू की जाए, ताकि वर्षो से न्याय की उम्मीद लगाए बैठे हजारों शिक्षकों को उनका अधिकार मिल सके।


राजद नेता राजू यादव।

# जमालपुर-मुंगेर के हर घर तक पहुंचेगा शुद्ध पेयजल

## अमृत-2 योजना में 280 करोड़ रुपये से अधिक की मिली मंजूरी

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** नगर परिषद जमालपुर और मुंगेर नगर निगम क्षेत्र के उन परिवारों का वर्षो का इंतजार अब जल्द खत्म होने वाला है, जो अब तक शुद्ध पेयजल आपूर्ति योजना से वंचित हैं। अमृत-2 योजना के तहत बिहार सरकार ने नए डीपीआर के आधार पर जमालपुर के लिए 102 करोड़ रुपये तथा मुंगेर नगर निगम के लिए करीब 178 करोड़ रुपये की राशि स्वीत कर दी है। दोनों योजनाओं पर कुल 280 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जाएंगे।बताया गया कि मुंगेर के सांसद सह केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने दिशा की बैठक में पेयजल व्यवस्था की गहन समीक्षा करते हुए पीएचईडी एवं बुडको की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई थी। उन्होंने बुडको के कार्यो पर असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित कार्यपालक अभियंता के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा जमालपुर एवं मुंगेर में पेयजल आपूर्ति से वंचित परिवारों का पुनः सर्वे कर नया डीपीआर तैयार करने का निर्देश दिया था।इसके बाद तैयार नए डीपीआर को अमृत-2 योजना के तहत स्वीति मिली और अब बिहार सरकार ने दोनों परियोजनाओं के लिए राशि भी आवंटित कर दी है। योजना के धरातल पर उतरने के बाद दोनों शहरों के शेष घरों तक भी शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। इससे हजारों परिवारों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा और वर्षो पुरानी समस्या का समाधान होने की उम्मीद है। जमालपुर विधायक नचिकेता मंडल ने इस निर्णय पर सांसद सह केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह तथा बिहार सरकार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार जनता की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए गंभीर है। पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा हर घर तक पहुंचाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे जमालपुर और मुंगेर के लोगों को बड़ा लाभ मिलेगा।


जमालपुर विधायक नचिकेता मंडल।

## संक्षिप्त खबरें

### करंट ने छीनी दुकानदार की जान

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** मोकामा नगर के चिंतामणिचक टीओपी के समीप शुक्रवार को करंट लगने से एक दुकानदार की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग घटनास्थल पर जुट गए। परिजनों और स्थानीय नागरिकों ने बिजली विभाग की लापरवाही को हादसे के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए जमकर विरोध-प्रदर्शन किया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुकानदार अपनी दुकान पर कार्य कर रहा था। इसी दौरान वह अचानक विद्युत करंट की चपेट में आ गया। गंभीर रूप से झुलसने के बाद स्थानीय लोगों ने उसे तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा मामले की जांच शुरू कर दी है।हादसे के बाद मृतक के परिजनों और स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। उनका आरोप है कि क्षेत्र में लंबे समय से बिजली व्यवस्था की बदहाली और विभागीय लापरवाही की शिकायत की जा रही थी, लेकिन समय पर सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए। लोगों ने मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को रोजगार तथा दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने बताया कि घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। वहीं, बिजली विभाग की ओर से भी मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की बात कही गई है। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक का माहौल है।

### भवन तोड़ा, नया निर्माण अब तक शुरू नहींय एक कमरे में चल रही पढ़ाई और मध्याह्न भोजन

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** मोकामा प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय औंटा में भवन निर्माण के लिए पुराने स्कूल भवन को तोड़ दिए जाने के छह महीने से अधिक समय बीत जाने के बावजूद नए भवन का निर्माण कार्य शुरू नहीं होने से शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है। वर्तमान में विद्यालय का संचालन केवल एक कमरे में किया जा रहा है, जहां कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों की पढ़ाई भी होती है और प्रधानमंत्री पोषण (मध्या भोजन) योजना के तहत भोजन भी कराया जाता है।विद्यालय में सीमित संसाधनों के कारण सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों को एक ही कमरे में बैठाकर पढ़ाने की व्यवस्था की गई है। भोजन वितरण के समय भी उसी कमरे का उपयोग होने से पढ़ाई का नियमित संचालन प्रभावित होने की बात सामने आ रही है। बरसात के मौसम में यह स्थिति बच्चों और शिक्षकों के लिए अतिरिक्तकठिनाई पैदा कर रही है।स्थानीय अभिभावकों और ग्रामीणों का कहना है कि नए भवन के शीघ्र निर्माण की उम्मीद में पुराने भवन को हटाया गया था, लेकिन निर्माण कार्य समय पर शुरू नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उनका कहना है कि विद्यालय में पर्याप्त कक्ष उपलब्ध नहीं होने के कारण गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था बनाए रखना चुनौतीपूर्ण हो गया है।वहीं, शिक्षा से जुड़े लोगों का मानना है कि विद्यालयों में आधारभूत संरचना का समय पर निर्माण बच्चों के बेहतर शैक्षणिक वातावरण के लिए आवश्यक है। यदि निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ हो जाता है तो विद्यार्थियों को पर्याप्त कक्ष, सुरक्षित वातावरण और बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।इस संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों का पक्ष प्राप्त नहीं हो सका। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन एवं भवन निर्माण से जुड़े विभाग से निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने की मांग की है, ताकि विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था सामान्य हो सके और बच्चों को बेहतर वातावरण में शिक्षा उपलब्ध हो सके।

### उमानाथ घाट पर गंगा में डूबने से युवक की मौत

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ के उमानाथ घाट पर शुक्रवार को गंगा नदी में ान के दौरान एक युवक की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान नगर परिषद बाढ़ के अंबेडकर नगर निवासी नीतीश कुमार (25 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना के बाद घाट पर अफरा-तफरी मच गई, जबकि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार, नीतीश कुमार उमानाथ घाट पर एक अंतिम संस्कार में शामिल होने आए थे। दाह संस्कार की प्रक्रिया पूरी होने के बाद वह गंगा नदी में ान करने उतरे। इसी दौरान वह कथित रूप से नदी की तेज धारा की चपेट में आ गए और गहरे पानी में चले गए। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी।घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घाट पर पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं होने का मुद्दा उठाया। उनका कहना है कि उमानाथ घाट पर हर वर्ष ान के दौरान कई लोगों की जान चली जाती है, लेकिन इसके बावजूद प्रभावी बैरिकेडिंग, चेतावनी संकेतक और सुरक्षा निगरानी की समुचित व्यवस्था नहीं हो सकी है।

## संक्षिप्त खबरें

### विश्व स्तनपान दिवस पर पीएचसी में जागरूकता कार्यक्रम

#### जन्म से छह माह तक केवल मां का दूध ही शिशु के लिए अमृत समान : डा. अशोक

**जमालपुर (मुंगेर)।** विश्व स्तनपान दिवस के अवसर पर शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जमालपुर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को स्तनपान के महत्व, नवजात शिशुओं के समुचित पोषण तथा मातृ स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि जन्म के तुरंत बाद शिशु को मां का पहला दूध अवश्य पिलाना चाहिए, क्योंकि यही उसकी पहली प्रातिक सुरक्षा कवच होता है। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ड़ अशोक कुमार पासवान ने कहा कि जन्म से छह माह तक शिशु को केवल मां का दूध ही दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मां का दूध संपूर्ण एवं प्रातिक आहार है, जिसमें शिशु के विकास के लिए आवश्यक सभी पोषक तत्व मौजूद रहते हैं। इससे बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है तथा वह कई संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित रहता है। उन्होंने बताया कि छह माह तक बच्चे को पानी, शहद, घुट्टी अथवा अन्य किसी प्रकार का आहार देने की आवश्यकता नहीं होती। इधर, स्वास्थ्यकर्मियों ने माताओं को सही तरीके से स्तनपान कराने की विधि, प्रसव के एक घंटे के भीतर स्तनपान शुरू करने के लाभ तथा छह माह के बाद पूरक आहार के साथ दो वर्ष या उससे अधिक समय तक स्तनपान जारी रखने की सलाह दी। साथ ही माताओं को संतुलित भोजन, नियमित स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण एवं नवजात शिशु की समुचित देखभाल के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। मौके पर गीता देवी, ममता दीदी, एएनएम विजय कुमार, जुली कुमारी सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मियों ने उपस्थित माताओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया और उन्हें कुपोषण से बचाव तथा स्वस्थ मातृत्व के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में शामिल महिलाओं ने भी स्वास्थ्य विशेषज्ञों से विभिन्न विषयों पर सवाल पूछे और उपयोगी सुझाव प्राप्त किए। वहीं सभी माताओं से अपील की कि स्वस्थ एवं कुपोषण मुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रत्येक नवजात को जन्म से छह माह तक केवल मां का दूध अवश्य पिलाएं तथा नियमित टीकाकरण और स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करें।


माताओं को जानकारी देते स्वास्थ्यकर्मी।

### मारपीट के बाद युवक ने लगाया गोली मारने का आरोप, गंभीर हालत में पटना रेफर

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बखिृयारपुर थाना क्षेत्र के टेका बीघा के समीप हुई मारपीट की एक घटना ने उस समय सनसनी फैला दी, जब घायल युवक ने आरोप लगाया कि उसके साथ मारपीट करने के बाद गोली भी मारी गई है। गंभीर रूप से घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है, जबकि पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुट गई है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टेका बीघा के निकट किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल ने उपचार के दौरान आरोप लगाया कि हमलावरों ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की और बाद में गोली भी चलाई। हालांकि गोली लगने की पुष्टि चिकित्सकीय जांच और पुलिस अनुसंधान के बाद ही हो सकेगी।घटना की सूचना मिलते ही बखिृयारपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है तथा घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। मामले में गोली चलने के दावे की भी गंभीरता से जांच की जा रही है।इधर, घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद पटना रेफर कर दिया। अस्पताल में उसका इलाज जारी है।पुलिस का कहना है कि घटना के सभी पहलुओं की वैज्ञानिक एवं तकनीकी आधार पर जांच की जा रही है। चिकित्सकीय रिपोर्ट, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने कहा कि जांच पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि घायल के आरोप कितने सही हैं और घटना की वास्तविक वजह क्या थी।

### प्रस्तावित विश्वविद्यालय अधिनियम के विरोध में कॉलेज कर्मियों ने बांधी काली पट्टी

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** प्रस्तावित विश्वविद्यालय अधिनियम के विरोध में शुक्रवार को अनुग्रह नारायण सिंह कलेज, बाढ़ के शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों ने काली पट्टी बांधकर कार्य किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान कर्मियों ने सरकार से प्रस्तावित अधिनियम पर पुनर्विचार करने तथा विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता एवं कर्मचारियों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई।कलेज परिसर में निर्धारित समय पर सभी कर्मी अपने-अपने कार्यस्थलों पर पहुंचे और काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण ढंग से अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि प्रस्तावित विश्वविद्यालय अधिनियम के कई प्रावधान उच्च शिक्षा व्यवस्था, विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता तथा शिक्षकों एवं कर्मचारियों के अधिकारों को प्रभावित कर सकते हैं। उन्होंने सरकार से अधिनियम के विवादित प्रावधानों को वापस लेने अथवा सभी पक्षों से व्यापक विचार-विमर्श के बाद ही आगे बढ़ने की मांग की।विरोध के बावजूद कलेज में शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्य सामान्य रूप से संचालित होते रहे। छात्र-छात्राओं की कक्षाएं और कार्यालय का कामकाज प्रभावित नहीं हुआ। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि उनका उद्देश्य शिक्षण कार्य बाधित करना नहीं, बल्कि अपनी लोकतांत्रिक मांगों को शांतिपूर्ण तरीके से सरकार तक पहुंचाना है।कलेज कर्मियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं हुई तो राज्यस्तरीय संगठनों के आह्वान पर आगे की रणनीति तय की जाएगी। फिलहाल विरोध के पहले चरण के तहत काली पट्टी बांधकर कार्य करते हुए सरकार का ध्यान अपनी मांगों की ओर आकर्षित करने का प्रयास किया गया।

### सड़क पर रोपनी कर फूटा लोगों का गुस्सा, बोले विकास ऐसा कि अब सड़क पर हो रही खेती

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।**मोकामा नगर परिषद के गुरुदेव टोला स्थित वार्ड संख्या 1 एवं 2 में वर्षो से बनी जलजमाव की समस्या के खिलाफ शुक्रवार को स्थानीय लोगों का आक्रोश अनोखे अंदाज में फूट पड़ा। ग्रामीणों ने सड़क पर भरे पानी में धान की रोपनी कर प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि विकास के बड़े-बड़े दावों के बीच उनकी सड़कें खेत में तब्दील हो चुकी हैं और अब सड़क पर ही खेती करने की नौबत आ गई है।स्थानीय लोगों ने बताया कि हल्की बारिश होते ही मुख्य सड़क जलमग हो जाती है। जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से महीनों तक पानी जमा रहता है, जिससे आवागमन पूरी तरह प्रभावित होता है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों, बुजुर्गो, महिलाओं और मरीजों को उठानी पड़ रही है। कई बार लोग फिसलकर घायल भी हो चुके हैं।प्रदर्शन के दौरान लोगों ने कहा कि वर्षो से नगर परिषद और संबंधित अधिकारियों से जलनिकासी की मांग की जा रही है, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। चुनाव के समय विकास के वादे किए जाते हैं, जबकि जमीनी हकीकत यह है कि सड़कें तालाब का रूप ले चुकी हैं। इसी लापरवाही के विरोध में लोगों ने सड़क पर धान की रोपनी कर अपना आक्रोश जताया।ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र स्थायी जलनिकासी व्यवस्था नहीं की गई और सड़क की मरम्मत नहीं हुई तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने जिला प्रशासन से अविलंब हस्तक्षेप कर समस्या के समाधान की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह केवल एक सड़क की समस्या नहीं, बल्कि नगर परिषद की कार्यशैली पर गंभीर सवाल है। उनका आरोप है कि विकास योजनाओं पर लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद बुनियादी सुविधाएं आज भी लोगों की पहुंच से दूर हैं। सड़क पर धान की रोपनी की यह तस्वीर अब पूरे इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है और लोगों के आक्रोश का प्रतीक बन गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### विभिन्न स्थलों पर चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी, तनय सुल्तानिया द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में गड़हनी एवं आरा सदर अंचल अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान संबंधित अंचलाधिकारी की उपस्थिति में सरकारी भूमि, सार्वजनिक मार्गों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अवैध अतिक्रमण को नियमानुसार हटाया गया तथा संबंधित स्थलों को अतिक्रमणमुक्त कराया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा अतिक्रमणमुक्त कराए गए स्थलों पर पुनः अतिक्रमण न हो, इसके लिए नियमित निगरानी सुनिश्चित करने तथा सरकारी एवं सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण के मामलों में नियमानुसार कार्रवाई जारी रखने का निर्देश दिया गया है।

### सड़क दुर्घटना में शिक्षक ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** कुल्हड़िया टोल प्लाजा के समीप सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल शिक्षक सागर कुमार की इलाज के दौरान गुरुवार-शुक्रवार की देर रात पटना के एक अस्पताल में मौत हो गई। उनकी मौत की खबर मिलते ही कुल्हड़िया गांव समेत पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, सागर कुमार टीएमबीएस उच्च विद्यालय, कोईलवर में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। विद्यालय से बाइक से अपने घर लौटने के दौरान कुल्हड़िया टोल प्लाजा के समीप एक तेज रतार टेलर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। सदर अस्पताल से बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान देर रात उन्होंने अंतिम सांस ली। मृतक सागर (उम्र-लगभग 40 वर्ष) कुमार कोईलवर थाना क्षेत्र के कुल्हड़िया गांव निवासी सूर्यनाथ महतो के पुत्र थे।

### लूटपाट मामले में एक और आरोपित गिरफ्तार

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** कोईलवर थाना क्षेत्र के शहीद कपिलदेव चौक स्थित अतिथि होटल के संचालक से फायरिंग कर लूटपाट करने के मामले में पुलिस ने एक और आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान डोरीगंज थाना क्षेत्र के चकिया गांव निवासी अंकित कुमार के रूप में हुई है।

### बस स्टैंड से 14 वर्षीय छात्र लापता, पिता ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** बक्सर जिले के ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के देवकुली गांव निवासी सूरज कुमार यादव ने अपने 14 वर्षीय पुत्र सुजीत कुमार यादव के लापता होने को लेकर शाहपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार सुजीत कुमार यादव पांच अगस्त की शाम करीब चार बजे शाहपुर बस स्टैंड पर उतरा था। वहां से उसे कोचिंग के लिए जाना था। लेकिन वह कोचिंग नहीं पहुंचा। इसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल सका। स्थानीय पुलिस द्वारा बताया गया कि लापता छात्र शाहपुर के मैथेमेटिक्स कोचिंग सेंटर में पढ़ने के लिए आता था। पिता ने बताया कि शाम सात बजे तक परिजनों और रिश्तेदारों के यहां काफी खोजबीन की गई।

### आर्म्स एक्ट में फरार आरोपित गिरफ्तार

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** उदवंतनगर थाना पुलिस द्वारा आर्म्स एक्ट मामले में फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार किया गया। उसकी गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के देवरिया गांव से गुरुवार को हुई। गिरफ्तार आरोपित उदवंतनगर थाना क्षेत्र के देवरिया गांव का निवासी अंकित कुमार है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक राज ने प्रेस नोट जारी कर दी। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व सोशल मीडिया पर अंकित कुमार का हथियार लहराते हुए वीडियो वायरल हुआ था। पुलिस को वायरल वीडियो पाचं अगस्त को मिला। वायरल वीडियो के सत्यापन के उपरांत उदवंतनगर थाने में अंकित कुमार के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

### महाराष्ट्र निवासी प्रेमिका पहुंच गई प्रेमी के घर

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** महाराष्ट्र से 12 दिन पूर्व लापता हुई प्रेमिका आरा निवासी प्रेमी के घर से बरामद हुई। महाराष्ट्र के भिवंडी थाने की पुलिस ने आरा के नवादा थाना पुलिस के सहयोग से नवादा थाना क्षेत्र के मिल रोड स्थित आरोपी प्रेमी के घर से शुक्रवार को लड़की को बरामद किया। जानकारी के अनुसार अपहृता महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी थाना क्षेत्र के भिवंडी की निवासी निवासी है। भिवंडी ठाणे के एसआई सचिन ने बताया कि दोनों के बीच कुछ माह पहले इंस्टाग्राम से संपर्क हुआ था। इसके बाद बातचीत होने लगी। इसी दौरान दोनों की आंखें चार हो गई। 27 जुलाई को युवती घर में बिना किसी को कुछ बताए ट्रेन द्वारा प्रेमी के घर नवादा थाना क्षेत्र के मील रोड आ पहुंची थी। युवती के लापता होने के बाद परिजन द्वारा भिवंडी थाने में अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। पुलिसिया जांच और अनुसंधान में युति का लोकेशन आरा में मिला इसके बाद महाराष्ट्र पुलिस की टीम आर पहुंची और उसे प्रेमी के घर से बरामद कर लिया। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। पूछताछ के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

# कारा अधीक्षक जेल में रच रहे विधायक की हत्या की साजिश

**भागलपुर केंद्रीय कारा के अधीक्षक समेत चार पर एफआईआर**

दैनिक नवसंदेश

**शाहपुर।** स्थानीय विधायक राकेश रंजन उर्फ राकेश रंजन ओझा की हत्या की कथित साजिश से जुड़ा मामला सामने आया है। इससे जुड़ा गुमनाम पत्र मिलने और पुलिस जांच के बाद करनामेपुर थाने में भागलपुर केंद्रीय कारा के अधीक्षक समेत चार लोगों के विरुद्ध आपराधिक षड्यंत्र रचने के आरोप में नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है।

विधायक राकेश रंजन ओझा ने बताया कि कुछ दिन पूर्व उन्हें एक गुमनाम पत्र प्राप्त हुआ था। पत्र में आरोप लगाया गया था कि भागलपुर केंद्रीय कारा के जेल अधीक्षक राजीव कुमार झा जेल में बंद आरा व्यवहार न्यायालय बम ब्लास्ट कांड के आरोपित लंबू शर्मा, बक्सर जिले के ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के जोगिया गांव निवासी कुबेर मिश्रा तथा सोनबरसा गांव निवासी हरीश मिश्रा के साथ मिलकर उनकी हत्या की साजिश रच रहे हैं। पत्र में यह भी दावा किया गया था कि जेल

**गुमनाम पत्र मिलने के बाद हरकत में आई पुलिस, जांच के बाद दर्ज की गयी प्राथमिकी**

अधीक्षक हरेश मिश्रा व कुबेर मिश्रा दोनों बंदियों को सेल से बाहर निकालकर अलग से घंटों बातचीत करते हैं तथा विधायक की हत्या के लिए हैंड ग्रेनेड बम तक की व्यवस्था कर ली गई है। साथ ही लंबू शर्मा के शूटर के माध्यम से आपकी हत्या का फुलप्रूफ प्रबंध कर लिया गया है। विधायक ने बताया कि पत्र मिलने के बाद उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दी और गुमनाम पत्र जांच के लिए सौंप दिया। पुलिस ने मामले की प्रारंभिक जांच की। जांच के बाद करनामेपुर थाने में भागलपुर केंद्रीय कारा के अधीक्षक राजीव कुमार झा, लंबू शर्मा, कुबेर मिश्रा एवं हरीश मिश्रा के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में आपराधिक षड्यंत्र रचने के आरोप में नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है। प्राथमिकी में लगाए गए आरोपों की सत्यता का अंतिम निर्धारण किया जाएगा।

# सर्वर फेल होने से दो दिन से ठप हैं पीडीएस, भटक रहे लाभुक

**शाहपुर (दैनीक नवसंदेश)।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत राशन वितरण व्यवस्था पिछले दो दिनों से पूरी तरह चरमरा गई है। ई-पस मशीनों का मुख्य सर्वर लगातार डाउन रहने और नेटवर्क में तकनीकी खराबी के कारण लाभुकों का बायोमैट्रिक सत्यापन नहीं हो पा रहा है। इससे राशन वितरण पूरी तरह ठप हो गया है और हजारों कार्डधारकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

खेती-किसानी और मजदूरी का काम छोड़कर सुबह से जन वितरण प्रणाली की दुकानों पर पहुंच रहे लाभुक घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद भी राशन नहीं ले पा रहे हैं। मशीनों में बार-बार 'लिंक फेल' और 'टाइम आउट' का संदेश आने से उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। इधर राशन कार्डधारकों की अनिवार्य ई-केवाईसी और आधार लिंकिंग की प्रक्रिया भी प्रभावित हो गई है। सर्वर फेल रहने के कारण यह कार्य भी

**उपभोक्ताओं का गुस्सा झेलने को मजबूर हैं राशन डीलर**

पिछले दो दिनों से ठप पड़ा है। जिससे लाभुकों की चिंता बढ़ गई है। स्थानीय पीडीएस डीलरों का कहना है कि तकनीकी खराबी विभाग के मुख्य सर्वर में है। जिस पर उनका कोई नियंत्रण नहीं है। बावजूद इसके लगातार दो दिनों से चक्कर काट रहे नाराज उपभोक्ताओं का गुस्सा और तीखी बहस उन्हें झेलनी पड़ रही है। कई दुकानों पर भीड़ बढ़ने से हंगामे जैसी स्थिति भी बन रही है। प्रखंड डीलर फेयर प्राइस एसोसिएशन के अध्यक्ष गुलाब सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष पवन सिंह तथा पैक्स अध्यक्ष ृष्ण कुमार यादव ने खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के उच्च अधिकारियों से सर्वर की तकनीकी समस्या का तत्काल समाधान कराने और राशन वितरण व्यवस्था को शीघ्र सामान्य करने की मांग की है।

# डीपीओ, डीपीएम और लिपिक पर लाठी-डंडे से जानलेवा हमला

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** आरा मुफसिल थाना क्षेत्र में गुरुवार को जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (प्रा.शि. एवं समग्र शिक्षा अभियान) राहुल रंजन व दो अन्य कर्मियों पर जानलेवा हमला किया गया। हॉकी एवं लाठी डंडे से किये गए हमले में डीपीओ समेत तीनों को गंभीर चोटें आई हैं। डीपीओ के साथ अन्य दो कर्मी शाम को कार्यालय कार्य के उपरांत पटना को लौट रहे थे तभी सनदिया के पास नकाबपोश हमलावर अचानक हमला कर दिये जिसमें डीपीओ के साथ अन्य दो कर्मियों को भी गंभीर चोटें आई हैं। जिनका सदर अस्पताल आरा में इलाज चल रहा है। इसी क्रम में घटना को अंजाम देकर भाग रहे नकाबपोशों में से एक पकड़ा गया है।

बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ (गोपगुट) एवं राष्ट्रीय महिला शिक्षक मोर्चा

**शाम में दफ्तर से पटना लौटने के दौरान हुई वारदात**

**बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ (गोपगुट) व राष्ट्रीय महिला शिक्षक मोर्चा ने की निंदा**

(एनएफडब्ल्यूटी) भोजपुर संयुक्त रूप से इस तरह की घटना की पूरजोर निंदा करता है। संघ के जिलाध्यक्ष, कृष्ण सिंह विमल, जिला सचिव, धर्म कुमार राम, राजाराम सिंह प्रियदर्शी, मनोज कुमार किरण, केदारनाथ सिंह, सत्येन्द्र कुमार सिंह, मनोज कुमार गुप्ता, देव कुमार सिंह ने जिला कमिटी एवं राष्ट्रीय महिला शिक्षक मोर्चा बिहार की महासचिव कुमारी अल्का ने निंदा प्रस्ताव पेश कर इस घटना को निंदनीय बताया।

# कोषागार कार्यालय का डीएम ने किया निरीक्षण

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया ने कोषागार कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कोषागार कार्यालय की कार्यप्रणाली, विभिन्न संचिकाओं एवं अभिलेखों का अवलोकन किया। साथ ही, उपस्थिति पंजी सहित अन्य संबंधित पंजियों का निरीक्षण कर कार्यालय में संधारित अभिलेखों एवं अभिलेखीय व्यवस्थाओं की स्थिति की जानकारी ली। जिला पदाधिकारी ने कार्यालय में उपलब्ध विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए उनके सुचारू संचालन एवं बेहतर संधारण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने विभिन्न आयोजनों एवं परीक्षाओं के अवसर पर आवश्यकतानुसार निर्मित किए जाने वाले वज्रगृह का निर्माण निर्धारित मानकों एवं मानक आकार के अनुरूप सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही, वज्रगृह की सुरक्षा,



संरचनात्मक व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं को निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। जिला पदाधिकारी ने कोषागार में स्थित वर्तमान वज्रगृह के अतिरिक्त कोषागार भवन के समीप उपलब्ध रिक्तभूखंड पर वज्रगृह के निर्माण हेतु आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर भेजने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर वरीय कोषागार पदाधिकारी, निदेशक, डीआरडीए, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सहायक जिला लेखा पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# रसायन के दुरुपयोग से प्रभावित होता है पर्यावरण




**नेशनल केमिस्ट्री डे के उपलक्ष में सेमिनार का आयोजन**

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** महंत महादेवानंद महिला महाविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग ने नेशनल केमिस्ट्री डे के उपलक्ष्य में सेमिनार का आयोजन किया। सेमिनार का विषय था 'ग्रीन केमिस्ट्री : आज ग्रीन, कल जिंदा। अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. प्रियंका पांडेय ने की। मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य प्रो. नरेंद्र प्रताप पालित ने कहा कि रसायन हमारे कृषि, उद्योग, स्वास्थ्य आदि सबसे जुड़ा हुआ है। इसकी उपयोगिता हमारे जीवन में काफी अधिक है, लेकिन हम अनजाने में इसका दुरुपयोग करते हैं जो पर्यावरण को प्रभावित करता है। हम रसायनों के उपयोग के प्रति जागरूक हो कर मिट्टी, जल, वायु को दूषित होने से बचा सकते हैं। इसके प्रति जागरूकता हमारे जीवन को सुखमय बनाएगा। इस विषय पर डॉ. पूनम शुक्ला, डॉ. ट्विंकल केशरी सीनियर असिस्टेंट प्रोफेसर स्नातकोत्तर रसायन विज्ञान, वीर कुंवर सिंह विवि तथा डॉ. अंकिता ओझा महाराजा कॉलेज आरा ने इस अवसर पर व्याख्यान प्रस्तुत किया, साथ ही साथ अपने दैनिक जीवन के उपयोग में आने वाले भोज्य पदार्थो एवं सौंदर्य प्रसाधनों पर विस्तृत चर्चा की। पारंपरिक रासायनिक खाद की अपेक्षा ग्रीन सिंथेसिस की महत्ता को समझाया। छात्राओं द्वारा अत्यंत रूचिपूर्ण व्याख्यान एवं मडल प्रस्तुत किया गया, तथा उनको प्राचार्य के द्वारा प्रमाणपत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक प्रो. राजीव, डॉ. सादिया हबीब, डॉ. शिल्पा, डॉ. अनामिका, डॉ. कुमारी आशा सिन्हा, डॉ. शीला, निवेदिता कुमारी, डॉ. मीरा रानी, डॉ. विजयश्री, डॉ. शिखा अवस्थी, ड विभा, ड अमरेश व अन्य उपस्थित रहीं। डॉ. विजय बहादुर यादव ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# डीएम के जनता दरबार में 55 मामलों की सुनवाई

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया ने ईज अफ लिविंग के अंतर्गत जिला जनता दरबार का आयोजन किया। इस अवसर पर कुल 55 मामलों में आवेदकों ने अपनी समस्याएं प्रस्तुत की, जिनकी जिला पदाधिकारी ने गंभीरतापूर्वक सुनवाई की। सुनवाई के उपरांत जिला पदाधिकारी ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों पर नियमानुसार त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आवेदन का समयबद्ध एवं प्रभावी निष्पादन सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, ताकि आमजन को शीघ्र न्यायोचित राहत एवं आवश्यक सेवाओं का लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि जनता दरबार में प्राप्त प्रत्येक आवेदनों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं परिणामोन्मुख निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा लंबित मामलों की नियमित समीक्षा कर उनका शीघ्र निस्तारण किया जाए।

इधर, कोईलवर परिसर में अंचल अधिकारी उदय प्रताप सिंह ने आम लोगों की समस्याएं सुनकर संबंधित मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया गया है कि प्रत्येक आवेदन का समयबद्ध निष्पादन करें और आमजन को बेहतर प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराएं। जनसुनवाई के दौरान अंचल कार्यालय के संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विश्वविद्यालय का कार्य शिक्षण के साथ शोध और गुणवत्तापूर्ण प्रकाशन भी

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में समारोह का आयोजन कर प्रतिष्ठित पीयर रिव्यूड शोध पत्रिका रिव्यू अफ पॉलिटिक्स का विमोचन किया गया। कुलपति प्रो. शैलेन्द्र कुमार चतुर्वेदी ने पत्रिका का लोकार्पण करते हुए इसे विश्वविद्यालय में शोध एवं अकादमिक उत्कृष्टता की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। कुलपति ने कहा कि किसी भी विश्वविद्यालय की पहचान केवल शिक्षण से नहीं, बल्कि उसके शोध कार्यों और गुणवत्तापूर्ण प्रकाशनों से होती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पत्रिका राजनीति विज्ञान के क्षेत्र में नवीन शोध, समसामयिक विमर्श और

**राजनीति विज्ञान विभाग की पीयर रिव्यूड पत्रिका का विमोचन**

अकादमिक गुणवत्ता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। साथ ही उन्होंने विभाग के सभी शिक्षकों और शोधार्थियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। अध्यक्षता करते हुए स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. कुंदन कुमार सिंह ने कहा कि 'रिव्यू ऑफ पलिटिक्स' का प्रकाशन विभाग के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में यह पत्रिका नए शोधार्थियों और अकादमिक जगत में प्रवेश करने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

### नाबार्ड के सहयोग से जीआई टैग प्राप्त करने वाला सर्जना ट्रस्ट सम्मानित

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** भोजपुर की समृद्ध लोक कला भोजपुर पिड़िया पेंटिंग को भौगोलिक संकेतक (जी आइ टैग) दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सर्जना ट्रस्ट, आरा को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं नाबार्ड के अध्यक्ष शाजी केवी द्वारा सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि नाबार्ड के अध्यक्ष शाजी केवी ने नाबार्ड, बिहार क्षेत्रीय कार्यालय, पटना का दौरा किया था। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक गौतम कुमार सिंह सहित नाबार्ड के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। भोजपुर पिड़िया पेंटिंग को जीआई टैग दिलाने में नाबार्ड की महत्वपूर्ण भूमिका एवं सर्जना ट्रस्ट के योगदान की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री द्वारा संस्था को सम्मानित किया गया।

# संत रविदास कलश यात्रा भाजपा जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में मुख्यालय पहुंची

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** संत शिरोमणि रविदास महाराज की 650वीं जयंती को समरसता संकल्प अभियान के तहत मनाया जा रहा है। इस अभियान के तहत प्रदेश भाजपा की ओर से पटना में ज्ञान भवन से मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं एनडीए नेताओं ने संत रविदास की जन्मस्थली वाराणसी से निकली कलश यात्रा को बिहार के सभी अड़तीस जिला जिलाध्यक्षों को सौंपते हुए रवाना किया। भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज के नेतृत्व में कलश यात्रा भाजपा जिला कार्यालय पहुंची। जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष सहित जिला कला संस्कृति पदाधिकारी, लोजपा जिलाध्यक्ष राजेश्वर पासवान, ई. धीरेन्द्र सिंह, सूर्यकांत पांडेय, ज्योति प्रकाश कुशवाहा, संतोष चंद्रवंशी, संजय कुमार सिंह, अमरेन्द्र चौबे, ममता सिंह, शैलेन्द्र राम, मनीष रौशन, विरेन्द्र कुमार, पोखराज पासवान, सुनील कुमार श्रीवास्तव, संजय सिंह, रामबोध राम सहित कार्यकताओं ने पुष्प चढ़ा कर पूजन किए एवं दर्शन किए। संत रविदास कलश यात्रा भाजपा जिला कार्यालय में दर्शानार्थ के बाद छोटी सासाराम स्थित रविदास मंदिर में विधिवत रखी गयी। जिला कलश यात्रा के प्रभारी अमरेन्द्र चौबे थे। जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने बताया कि समरसता संकल्प अभियान के रूप मे संत शिरोमणि रविदास की 650वीं जयंती मनायी जा रही है। कलश यात्रा 18 अगस्त को सभी चालीस मंडलों में जाएगा। सभी मंडलों में कलश यात्रा के तहत संत रविदास के कलश का दर्शन आम जनता एवं कार्यकर्ता करेंगे।

# लोकतंत्र की पहली पाठशाला में तैयार होते हैं भविष्य के नागरिक : नूपुर

**आरा (दैनीक नवसंदेश)।** बीएस डीएवी पब्लिक स्कूल, मील रोड में नये शैक्षणिक सत्र-2026-27 के लिए 'स्टूडेंट्स काउंसिल' का चुनाव सम्पन्न हुआ। चुनाव में प्रमुख रूप से कक्षा-पाँचवीं से आठवीं तक के लगभग पंद्रह सौ विद्यार्थियों ने जोर-शोर से हिस्सा लिया। हेड बय-हेड गर्ल, डिप्टी हेड बय-डिप्टी हेड गर्ल, हाउस कैप्टेन-वायस हाउस कैप्टेन आदि के पदों के लिए मतदाता विद्यार्थियों और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपने-अपने मतों का प्रयोग किया। चुनाव की यह प्रक्रिया लगभग एक सप्ताह पहले नमिनेशन के साथ शुरु हुई और आज इलेक्ट्रनिक माध्यमों के सहारे शांतिपूर्ण माहौल में कुशलता पूर्वक संपन्न हुई। चुनाव में श्रीमन नारायण, युगराज सिंह, विष्णु विश्वास, अथर्व राज, जुनैरा आमिर, कंचन कुमारी, सुरभि आनंद, शायका अशरफ, अनन्या झा, आश्वि दुबे, तथा अदिती सिंह आदि सभी कक्षा-8वीं के विद्यार्थियों ने क्रमशः हेड बय-हेड गर्ल जैसे प्रशासकीय पदों के लिए पर्चे भरे थे। इसके अलावे 'डिप्टी हेड बय-डिप्टी हेड गर्ल' के लिए कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों ने पर्ची दाखिल की और हाउस कैप्टन-वायस हाउस कैप्टन बय-गर्ल के पदों के लिए कक्षा-छठी के विद्यार्थियों ने नामांकन किये थे। शिक्षा, अनुशासन, खेल-कूद व कला-संस्ति प्रकोष्ठ आदि जैसे महत्वपूर्ण पदों के लिए शिक्षकों द्वारा प्रतिभागी विद्यार्थियों को सीधे मनोनीत करने की प्रक्रिया




**बीएस डीएवी पब्लिक स्कूल में स्टूडेंट्स काउंसिल चुनाव संपन्न**

भी अपनाई गई। प्रधानाचार्या श्रीमती नूपुर ठाकुर ने कहा कि स्टूडेंट्स काउंसिल का चुनाव 'लोकतंत्र की पहली पाठशाला' का अहम हिस्सा है। आज के चुनाव परिणाम व प्रत्याशियों की किस्मत अब इलेक्ट्रनिक टूल्स में कैद हो चुके हैं। परिणामों की घोषणा आगामी सोमवार को विधिवत की जाएगी। प्रधानाचार्या ने समय पर और शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराने के लिए चुनाव प्रक्रिया में लगे सभी बच्चों व शिक्षक-शिक्षिकाओं को धन्यवाद व्यक्त किया।

# विजेता टीमों और स्वर्ण पदक विजेताओं को किया गया पुरस्कृत



**एसबी कॉलेज के खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित**

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** एसबी कॉलेज में शुक्रवार को आयोजित खिलाड़ी सम्मान समारोह में अंतर महाविद्यालय, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दो दर्जन से अधिक खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। अध्यक्षता प्राचार्या प्रो मीना कुमारी ने की। इस अवसर पर वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में वॉलीबॉल, बास्केटबॉल और महिला कबड्डी की विजेता टीमों के खिलाड़ियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं एथलेटिक्स प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले तीन खिलाड़ियों को भी विशेष सम्मान प्रदान किया गया। प्राचार्या प्रो. मीना कुमारी ने कहा कि कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने शिक्षा के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर महाविद्यालय और विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि खेल से अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास होता है।

समारोह में महाविद्यालय के शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक (पीटीआई) अनिल कुमार राय को खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण देकर सफलता दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि प्रशिक्षकों के समर्पण और खिलाड़ियों की मेहनत के कारण ही एसबी कलेज लगातार विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार राम ने किया। इस मौके पर डॉ. राधिका रमण सिंह, डॉ. मिथिलेश कुमार गिरि डॉ. बिंकटेश्वर चौधरी, डॉ. आदित्य कुमार आनंद, डॉ. धनंजय प्रसाद राय, डॉ. अशोक कुमार तिवारी, डॉ. राकेश कुमार, रमेश कुमार राय, सुमिर शर्मा, अमित मिश्रा सहित महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### खेत में खाद छिड़कने के दौरान करंट लगने से किसान की मौत

**कुर्था (एनएसबी)।** स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के मेदनीपुर बड़हिया गांव में गुरुवार को विद्युत स्पशार्घात की चपेट में आने से 60 वर्षीय अम्बिका प्रसाद की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार घटना उस समय घटित हुई जब वे अपने धान के खेत में खाद का छिड़काव कर रहे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार खेत में कार्य करने के दौरान किसी प्रकार से विद्युत प्रवाहित तार अथवा करंट की चपेट में आने से उन्हें जोरदार झटका लगा। जिससे आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें तत्काल बचाने का प्रयास किया लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने तथा घटना की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

### मानिकपुर पंचायत भवन में आज होगा लोक संवाद गोष्ठी का आयोजन

**कुर्था (एनएसबी)।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के मानिकपुर पंचायत भवन में आज शाम चार बजे लोक संवाद गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें थाना क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों, जनप्रतिनिधियों व वरिष्ठ नागरिको शामिल होंगे। मानिकपुर थानाध्यक्ष स्मिता उपाध्याय ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुलिस एवं आम जनता के बीच आपसी सहयोग, विश्वास और मधुर संबंधों को और अधिक सशक्त बनाना है। गोष्ठी के दौरान क्षेत्र की कानून- व्यवस्था, जनसुरक्षा, सामाजिक समरसता तथा आम लोगों की समस्याओं एवं सुझावों पर खुलकर चर्चा की जाएगी। वही थानाध्यक्ष ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों व वरिष्ठ नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने के लिए अपील करते हुए कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय से अपराध नियंत्रण एवं सामाजिक शांति बनाए रखने में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा।


### कुर्था सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अभिलेख कक्ष का ग्रिल तोड़कर चोरी, कई महत्वपूर्ण दस्तावेज गायब

**कुर्था (एनएसबी)।** कुर्था स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पुराने अभिलेख कक्ष का ग्रिल तोड़कर चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार द्वारा कुर्था थाना प्रभारी को दिए गए आवेदन में बताया गया है कि दिनांक 5 अगस्त 2026 को अपराह्न लगभग 5 बजे ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा गार्डों ने निरीक्षण के दौरान पुराने अभिलेख कक्ष का ग्रिल टूटा हुआ पाया। इसके बाद जब कमरे की जांच की गई तो कई महत्वपूर्ण दस्तावेज गायब मिले। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने कुर्था थाना में आवेदन देकर मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। पुलिस से चोरी की घटना की जांच कर दोषियों की पहचान कर कार्रवाई करने की मांग की गई है। स्वास्थ्य केन्द्र के अभिलेख कक्ष से महत्वपूर्ण दस्तावेजों के गायब होने की घटना को गंभीर माना जा रहा है। इस बावत पूछे जाने पर कुर्था थानाध्यक्ष चंदन कुमार झा ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुर्था में दस्तावेज चोरी का आवेदन आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं जांचोपरांत कारवाई की जाएगी।

### जदयू प्रदेश अध्यक्ष से जदयू नेता ने की शिष्टाचार मुलाकात

**कुर्था (एनएसबी)।** जनता दल (यू) के युवा नेता सोनू रजक ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कुर्था विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं से प्रदेश अध्यक्ष को अवगत कराया तथा उनके शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक पहल करने का अनुरोध किया। मुलाकात के दौरान सोनू रजक ने क्षेत्र में सड़क, सिंचाई, बिजली, स्वास्थ्य एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि कुर्था विधानसभा क्षेत्र के लोगों को कई मूलभूत समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिनका समयबद्ध समाधान आवश्यक है। प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया कि क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों एवं सरकार के स्तर पर आवश्यक पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान पार्टी की प्राथमिकता है और विकास कार्यों को गति देने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने संगठन की मजबूती, कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर भी विचार-विमर्श किया।

### टीबी मुक्त जहानाबाद की ओर तेज कदम, डीएम ने स्क्रीनिंग और डिजिटल रिपोर्टिंग में शत-प्रतिशत लक्ष्य का दिया निर्देश



**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिविल सर्जन, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी तथा अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ अभियान की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने टीबी स्क्रीनिंग, टीपीटी, एनएएटी जांच तथा एक्स-रे रिपोर्टिंग को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी स्वास्थ्य संस्थानों को 7 अगस्त की संध्या तक शत-प्रतिशत ऑनलाइन एक्स-रे रिपोर्ट अपलोड करने का आदेश देते हुए कहा कि डिजिटल रिपोर्टिंग से मरीजों की शीघ्र पहचान, उपचार और नियमित अनुश्रवण सुनिश्चित होगा। बैठक में पात्र लाभार्थियों को समय पर जांच एवं उपचार उपलब्ध कराने, अभियान की सतत निगरानी करने तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि टीबी पूरी तरह से इलाज योग्य बीमारी है, इसलिए समय पर जांच, दवा का नियमित सेवन और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों का पालन कर इसे पूरी तरह हराया जा सकता है। उन्होंने सभी स्वास्थ्यकर्मियों से पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने तथा आम नागरिकों से टीबी मुक्त भारत अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की, ताकि जहानाबाद को टीबी मुक्त जिले के रूप में स्थापित किया जा सके।

### हर घर तिरंगा, हर दिल हिंदुस्तानः जहानाबाद में राष्ट्रभक्ति का जनआंदोलन बनेगा अभियान

**जहानाबाद।** स्वतंत्रता दिवस के अमृत पर्व को जन-जन का उत्सव बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने "हर घर तिरंगा" अभियान को व्यापक जनभागीदारी के साथ सफल बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसी क्रम में समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया एवं पुलिस अधीक्षक कोटा किरण कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में नागरिक समाज, मीडिया प्रतिनिधियों,




शिक्षाविदों, सामाजिक संगठनों तथा प्रबुद्ध नागरिकों के साथ संवादात्मक बैठक आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी ने कहा कि "हर घर तिरंगा" केवल राष्ट्रीय ध्वज फहराने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता और नागरिक कर्तव्य की भावना को जन-जन तक पहुँचाने का जनआंदोलन है। उन्होंने सभी से अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को प्रेरित करने का आह्वान किया, ताकि प्रत्येक घर, विद्यालय, संस्थान और प्रतिष्ठान तिरंगे की शान से आलोकित हो सके। उन्होंने बताया कि 9 से 17 अगस्त तक जिले में तिरंगा यात्रा, बाइक एवं साइकिल रैली, रंगोली, प्रदर्शनी, सेल्फी विद तिरंगा, त्रिवर्णीय रोशनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष आयोजन किए जाएंगे। अभियान का शुभारंभ ऐतिहासिक बराबर गुफाओं से कर पूरे जिले में राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया जा चुका है।

# जल संरक्षण और रोजगार सृजन पर डीएम का जोर वीबी-ग्राम-जी योजनाओं की हुई व्यापक समीक्षा

## 10 अगस्त से मानव दिवस सृजन में तेजी लाने, हर प्रखंड में जल संरक्षण योजनाएं लागू करने के निर्देश



**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में वीबी-ग्राम-जी योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ योजनाओं की प्रगति, मानव दिवस सृजन तथा जल संरक्षण कार्यों की समीक्षा की गई।

जिला पदाधिकारी ने बताया कि 09 अगस्त, 2026 तक वीबी-ग्राम-जी का लीन पीरियड प्रभावी है। उन्होंने निर्देश दिया कि 10 अगस्त से मानव दिवस सृजन में तेजी लाई जाए और विभागीय लक्ष्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए। बैठक में प्रत्येक प्रखंड में जल संरक्षण एवं जल संसाधन विभाग से संबंधित कम-से-कम दो योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वित करने का निर्देश दिया गया। गिरते भू-जल स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए डीएम ने सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों को प्रखंडवार कार्ययोजना तथा सभी विभागों के समन्वय से जिला स्तरीय समेकित एक्शन प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही 8 अगस्त को मुखिया, पंचायत समिति सदस्य एवं जिला परिषद सदस्यों के लिए वीबी-ग्राम-जी योजनाओं पर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित करने का निर्णय लिया गया, ताकि जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो सके। जिला पदाधिकारी ने कहा कि जल संरक्षण, रोजगार सृजन और अंतर्विभागीय समन्वय पर आधारित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन ही जिले के सतत विकास की आधारशिला है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## डीएम ने जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम में आए मामलों का किया निष्पादन

**अरवल (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी ने आयोजित किया जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम, विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों का किया गया त्वरित निष्पादन जिला पदाधिकारी अमृषा बैस द्वारा कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनता से साक्षात्कार में लगभग 14 नागरिकों के द्वारा अपनी समस्याओं से जिला पदाधिकारी को अवगत कराया गया। प्राप्त शिकायतें मुख्य रूप से भूमि विवाद, वेतन, भूमि सुधार उप समाहर्ता कार्यालय, अनुमंडल कार्यालय, अपर समाहर्ता कार्यालय, अंचलाधिकारी कार्यालय, पंचायत शाखा कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं अन्य विभाग से संबंधित थे। जनता से साक्षात्कार में विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिया गया कि जनता की समस्याओं का समाधान शेष मागलों का त्वरित और पारदर्शी तरीके से करें। करपी प्रखण्ड स्थित ग्राम डोरा निवासी आभा कुमारी द्वारा बताया गया कि आपसी सहमति से बँटबारा के बाद भी जमीन को बेच दी जा रही है, उचित कार्रवाई करने की कृपा प्रदान की जाए। इस




लोगों की समस्याएं सुनते डीएम।

पर जिला पदाधिकारी द्वारा भूमि सुधार उप समाहर्ता अरवल को नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। कलेर प्रखण्ड स्थित ग्राम कामता निवासी ब्रजेश कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि भूमि विवाद से संबधित है, इस पर उचित कार्रवाई करने की कृपा प्रदान की जाए। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी अस्वल एवं भूमि सुधार उप समाहर्ता अरवल को जाँच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया।

## 36 घंटे से बिजली गुल, बलिदाद पंचायत के वार्ड आठ के लोग अंधेरे में रहने को मजबूर

**मेहंदिया (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के बलिदाद पंचायत के वार्ड संख्या आठ में पिछले 36 घंटे से बिजली आपूर्ति ठप है। ट्रांसफार्मर में आई खराबी के कारण पूरे वार्ड के ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। बिजली नहीं रहने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों के अनुसार वार्ड संख्या आठ में बिजली की समस्या कोई नई बात नहीं है। पिछले कई महीनों से ट्रांसफार्मर में बार-बार खराबी आने की समस्या बनी हुई थी। खराबी के बाद मिस्त्री आकर किसी तरह आपूर्ति बहाल कर देते थे, लेकिन कुछ ही दिनों बाद फिर समस्या उत्पन्न हो जाती थी। अब स्थिति यह हो गई है कि ट्रांसफार्मर पूरी तरह खराब हो जाने से पिछले 36 घंटे से बिजली सप्लाई बंद है। बिजली नहीं रहने से सबसे अधिक परेशानी घरों में रहने वाले लोगों, छोटे व्यवसायियों और विद्यार्थियों को हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि रात में अंधेरे के कारण दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं, वहीं बच्चों की पढ़ाई भी बाधित हो रही है। गर्मी और उमस के बीच बिजली नहीं रहने से लोगों की परेशानी और बढ़ गई है।ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से जल्द से जल्द नया ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। उनका कहना है कि लंबे समय से चली आ रही इस समस्या का स्थायी समाधान जरूरी है, ताकि बार-बार बिजली संकट का सामना नहीं करना पड़े। इस संबंध में विद्युत प्रशाखा कलेर के कनीय अभियंता पंकज प्रसूनन ने बताया कि ट्रांसफार्मर में खराबी के कारण वार्ड 8 में बिजली आपूर्ति बाधित हुई है। उन्होंने कहा कि जल्द ही नया ट्रांसफार्मर लगाने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है और शीघ्र ही बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

**खराब ट्रांसफार्मर के कारण आपूर्ति बाधित, छात्र, व्यवसायी और ग्रामीण परेशान**

## युवाओं की आवाज अब सीधे प्रशासन तक

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिला प्रशासन ने युवाओं को शासन-प्रशासन की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक अभिनव पहल करते हुए "मिलेनियल पदाधिकारी के साथ जेन जी का संवाद" कार्यक्रम की शुरूआत की। एस.एन. सिन्हा कॉलेज, जहानाबाद में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया ने छात्र-छात्राओं से खुलकर संवाद किया और उनकी आकांक्षाओं, चुनौतियों तथा सुझावों को गंभीरता से सुना। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि भारत विश्व का सबसे युवा देश बनने की ओर अग्रसर है। आज की जेन जी तकनीक, नवाचार और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में पली-बढ़ी पीढ़ी है, जिसकी सोच और अपेक्षाओं को समझना तथा उन्हें विकास यात्रा का सहभागी बनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

**अगर एक दिन के लिए डीएम बन जाएँ तो क्या करेंगे :** संवाद को रोचक बनाते हुए जिला पदाधिकारी ने विद्यार्थियों से प्रश्न किया कि यदि उन्हें एक दिन या एक माह के लिए जिला पदाधिकारी बनने का अवसर मिले तो वे जिले में कौन-कौन से बदलाव करेंगे।



इस पर छात्रों ने शिक्षा, रोजगार, स्टार्टअप, महिला सुरक्षा, डिजिटल सेवाओं, खेल, पुस्तकालय, कौशल विकास और प्रशासनिक सुधार से जुड़े अनेक व्यावहारिक एवं रचनात्मक सुझाव प्रस्तुत किए।

**कॉलेजों में आएंगे सफल स्टार्टअप उद्यमी :** छात्रों ने महाविद्यालयों में सफल उद्यमियों और उद्योग विशेषज्ञों के प्रेरक व्याख्यान आयोजित कराने की मांग रखी। इस पर जिला पदाधिकारी ने जिला उद्योग केंद्र के सहयोग से ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित कराने का आश्वासन दिया, ताकि युवा केवल नौकरी तलाशने वाले नहीं, बल्कि रोजगार सृजित करने वाले उद्यमी भी बन सकें।

**नशामुक्ति और महिला सुरक्षा पर विशेष जोर :** संवाद के दौरान एक छात्र ने शराबबंदी के बावजूद नशीले

## मासिक अपराध गोष्ठी में विधि व्यवस्था, कांडों का निष्पादन और अपराध नियंत्रण की हुई समीक्षा

**अरवल (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में जिले के सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षकगण, थानाध्यक्ष, शाखा प्रभारी एवं अन्य संबंधित पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिले की विधि-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, कांडों के निष्पादन, अनुसंधान की प्रगति एवं पुलिसिंग व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई।

पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थानाध्यक्षों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में सक्रिय एवं जनोन्मुखी पुलिसिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि आमजन में सुरक्षा की भावना बनाए रखने तथा अपराधियों में पुलिस का भय स्थापित करने हेतु नियमित गश्ती, वाहन जांच एवं संवेदनशील एवं अपराध प्रभावित क्षेत्रों में विशेष निगरानी सुनिश्चित की जाए। प्रातःकालीन, मध्याह्न, संध्याकालीन एवं रात्रिकालीन गश्ती को और अधिक प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाने पर विशेष बल दिया गया।

बैठक में लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी अनुसंधानकताओं को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध अनुसंधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। गंभीर एवं सनसनीखेज कांडों के त्वरित उद्भेदन, लंबित कांडों के निष्पादन, आरोप पत्र समर्पण एवं स्पीडी ट्रायल से संबंधित मामलों की भी समीक्षा की गई। साथ ही न्यायालय से निर्गत लंबित वारंट, इश्तहार एवं कुर्की के निष्पादन में तेजी लाने तथा फरार एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा जेल से छूटे अपराधियों, सक्रिय अपराधियों, शराब




बैठक करते एसपी।

तस्करों, भू-माफियाओं, एनडीपीएस एक्ट के आरोपितों, लूट, डकैती, चोरी एवं अन्य संगठित अपराधों में संलिप्त अपराधियों पर सतत निगरानी रखने तथा उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। साथ ही अपराधियों द्वारा अर्जित अवैध संपत्तियों को चिन्हित कर संबंधित विधिक प्रावधानों के तहत जब्तीकरण एवं कुर्की की कार्रवाई में तेजी लाने पर बल दिया गया।

गोष्ठी में साइबर अपराधों की रोकथाम एवं साइबर ठगी के मामलों के त्वरित निष्पादन की समीक्षा की गई। आमजन को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने तथा साइबर अपराध में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त मद्यनिषेध अभियान के तहत शराब निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं बिक्री में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध लगातार छापामारी अभियान चलाने एवं कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान डायल-112 सेवा, सीसीटीएनएस प्रणाली, तकनीकी अनुसंधान, अपराध एवं अपराधियों के डिजिटल डाटा संधारण तथा अन्य तकनीकी परियोजनाओं की भी समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी पदाधिकारियों को तकनीकी संसाधनों का अधिकतम उपयोग कर अनुसंधान एवं अपराध नियंत्रण को और अधिक प्रभावी बनाने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने भूमि विवाद से संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन, जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण समाधान, साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने, यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं आमजन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार की शिथिलता, लापरवाही अथवा अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा दोषी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक, ने सभी पुलिस पदाधिकारियों को कानून-व्यवस्था के प्रभावी संधारण, अपराध नियंत्रण एवं जनविश्वास को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु पूरी प्रतिबद्धता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का निर्देश दिया।

## जाम नाले ने बढ़ाई मुसीबत जलनिकासी ठप सैकड़ों एकड़ धान की फसल संकट में


**मेहंदिया (एनएसबी)।** लगातार हो रही बारिश के बीच प्रखंड के वलिदाद स्थित परासी रोड पर जलनिकासी व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार कुछ समय पूर्व सड़क पर वर्षा जल की निकासी के लिए एक पुलिया का निर्माण कराया गया था, जिसमें दो निकासी नाले बनाए गए थे। लेकिन दुकानदारों द्वारा लंबे समय से कूड़ा-कचरा और प्लास्टिक फेंके जाने के कारण एक नाला पूरी तरह जाम हो गया है। नतीजतन वर्षा का पानी आगे नहीं निकल पा रहा है और आसपास के इलाके जलमग्न होने लगे हैं।ग्रामीणों का कहना है कि जाम नाले के कारण पानी का बहाव पूरी तरह बाधित हो गया है। लगातार बारिश से तालाब भी उफान पर है। तालाब और आसपास के क्षेत्रों का पानी बाहर नहीं निकल पाने से अब



जलमग्न हुआ फसल।

इसका सीधा असर कृषि भूमि पर भी दिखाई देने लगा है। बड़ी मात्रा में वर्षा का पानी खेतों में जमा हो गया है, जिससे सैकड़ों एकड़ में लगी धान की फसल जलमग्न हो गई है। किसानों को आशंका है कि यदि अगले कुछ दिनों में पानी की निकासी नहीं हुई और बारिश जारी रही तो धान की फसल गलने लगेगी, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।किसानों ने बताया कि इस वर्ष अच्छी बारिश के कारण धान की फसल बेहतर होने की उम्मीद थी, लेकिन जलनिकासी बाधित होने से खेत तालाब में तब्दील हो रहे हैं। कई जगहों पर धान के पौधे पूरी तरह पानी में डूब चुके हैं। लंबे समय तक पानी भरे रहने से फसल के सड़ने और उत्पादन प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है।दूसरी ओर तालाब का बढ़ता जलस्तर स्थानीय लोगों की चिंता और बढ़ा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं की गई तो वालिदाद सब्जी मंडी, वलिदाद सकरी रोड तथा आसपास के कई निचले इलाकों में भी जलजमाव की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इससे आवागमन बाधित होगा और व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित होंगी।

## हर छत पर सौर ऊर्जा, हर घर में बचत का उजियारा



**जहानाबाद (एनएसबी)।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को जिले में गति देने के उद्देश्य से उप विकास आयुक्त आदित्य कुमार पीयूष की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी के निर्देश पर हुई बैठक में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, व्यापक जन-जागरूकता तथा शत-प्रतिशत ऑनलाइन आवेदन सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। उप विकास आयुक्त ने सभी प्रखंड कम्युनिटी मोबिलाइजरों को निर्देश दिया कि ब्लॉक कम्युनिटी मैनेजर स्वयं अपने घरों पर रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित कर लोगों के लिए प्रेरणास्रोत बनें। उन्होंने सभी एएनएम एवं आशा कार्यकताओं को भी योजना से जोड़ते हुए उनके माध्यम से गाँव-गाँव में जागरूकता अभियान चलाने तथा पात्र परिवारों के अधिक से अधिक ऑनलाइन आवेदन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक एवं संबंधित अधिकारियों को लाभुकों के ऋण आवेदनों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने तथा बैंकों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने को कहा। साथ ही सभी प्रखंड कम्युनिटी मोबिलाइजरों को प्रतिदिन सूर्यघर पोर्टल पर आवेदन अपलोड करने, गूगल शीट अद्यतन करने एवं दैनिक प्रगति प्रतिवेदन जिला विकास शाखा को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। डीडीसी ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना स्वच्छ ऊर्जा, ऊर्जा आत्मनिर्भरता और बिजली खर्च में कमी लाने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है। इसके सफल क्रियान्वयन के लिए सभी विभागों को समन्वित प्रयास करते हुए अधिक से अधिक पात्र परिवारों तक योजना का लाभ पहुँचाना होगा।

# बिहार संग्रहालय के 11वें स्थापना दिवस पर समारोह का शुभारंभ, तीन ऐतिहासिक प्रदर्शनियों की हुई शुरुआत

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार संग्रहालय के 11वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह का उद्घाटन मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के कर कमलों से हुआ। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजेन्दर प्रसाद यादव, बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह, कला एवं संस्कृति विभाग के सचिव प्रणव कुमार एवं नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट के महानिदेशक डा. संजीव किशोर गौतम एवं प्रत्यय अमृत, मुख्य सचिव, बिहार भी मंच पर उपस्थित थे।

उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता कला एवं संस्कृति विभाग के मंत्री डा. प्रमोद कुमार ने की। इसके साथ ही मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के कर कमलों से तीन महत्वपूर्ण प्रदर्शनियों कागज की कश्ती, मिथिला की कालजयी चित्रकला एवं भारत के कालजयी कलाकार का उद्घाटन भी हुआ।

उद्घाटन समारोह में कुल 8 पद्मश्री उपस्थित थे । पद्मश्री श्रीमती बौआ देवी, श्रीमती दुलारी देवी, श्रीमती निर्मला देवी, श्रीमती शांति देवी, शिवन पासवान, प्रो श्याम शर्मा, भीम सिंह भवेश एवं अशोक कुमार विश्वास।

उद्घाटन समारोह की शुरुआत राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् एवं राष्ट्रगान जन-गण-मन की प्रस्तुति से हुई। तत्पश्चात मुख्यमंत्री एवं अन्य मंचासीन अतिथियों का बिहार की लोककलाओं


बिहार संग्रहालय के 11वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह का उद्घाटन मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किया।

(मंजूषा, मिथिला एवं टिकुली कला) से निर्मित विशेष प्रकार के अंगवस्त्र से बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह ने स्वागत किया। मुख्यमंत्री समेत अन्य मंचासीन अतिथियों को टेराकोटा से निर्मित लाफिंग बुद्धा एवं स्माइलिंग गर्ल की प्रतिकृति भी भेंट की गई। फिर दीप प्रज्ज्वलन हुआ।

मुख्यमंत्री द्वारा बिहार संग्रहालय द्वारा प्रकाशित दो पुस्तकों का लोकार्पण किया गया। पटना संग्रहालय में प्रदर्शित मिथिला की कालजयी चित्रकला नामक प्रदर्शनी का ऑनलाइन उद्घाटन भी मुख्यमंत्री द्वारा किया गया।

बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह ने अपने स्वागत भाषण में मुख्यमंत्री समेत सभी मंचासीन अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि बिहार संग्रहालय आज केवल एक संग्रहालय नहीं, बल्कि भारत की सांस्तिक पहचान और वैश्विक संवाद का प्रमुख केंद्र बन चुका है। उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर आज से शुरू हो रही तीनों प्रदर्शनियां भारतीय कला की विविधता, परंपरा और समकालीन दृष्टि को एक साथ प्रस्तुत करती हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये प्रदर्शनियां विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं, कलाकारों और आम नागरिकों को भारतीय कला एवं संस्कृति को नए दृष्टिकोण से समझने का अवसर देंगी।

कला एवं संस्कृति विभाग के मंत्री डा. प्रमोद कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार संग्रहालय आज केवल इतिहास और पुरातत्व का केंद्र नहीं, बल्कि राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, कला और सृजनशीलता का जीवंत प्रतीक बन चुका है। उन्होंने कहा कि उद्घाटित हुई भारत के कालजयी कलाकार, कागज की कश्ती तथा मिथिला की कालजयी चित्रकला प्रदर्शनियां भारतीय कला की विविधता तथा बिहार की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करेंगी।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत विश्व में अद्वितीय है तथा बिहार संग्रहालय इस विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बन रहा है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के योगदान का उल्लेख किया तथा कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बिहार संग्रहालय का भ्रमण कर इसकी सराहना की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी बिहार स्थापना दिवस को और अधिक भव्य एवं अंतरराष्ट्रीय स्वरूप दिया जाएगा।

## खबरें : एक नजर में

### साइबर अपराध और डिजिटल अरेस्ट पर समीक्षा बैठक

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत एवं पुलिस महानिदेशक विनय कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में राज्य के सभी जिलों के जिलाधिकारियों, वरीय पुलिस अधीक्षकों और पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक हाल ही में आयोजित 52वीं प्रगति समीक्षा बैठक में साइबर अपराध तथा डिजिटल अरेस्ट को लेकर दिए गए निर्देशों के अनुपालन और राज्य की तैयारियों की समीक्षा हेतु बुलाई गई थी।

मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने साइबर अपराध से आम जनता की सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि 1930 राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर है, जिस पर किसी भी प्रकार की वित्तीय साइबर धोखाधड़ी होने पर तुरंत शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। उन्होंने निर्देश दिया कि इस नंबर का प्रचार-प्रसार आम जन-जीवन से जुड़ी हर वस्तु और स्थान पर किया जाए ताकि हर नागरिक को इसकी जानकारी हो।

' बिजली बिल और मोबाइल ऐप : बिजली बिलों पर 1930 नंबर को स्पष्ट रूप से छापा जाए और बिजली बिल रिचार्ज के लिए इस्तेमाल होने वाले मोबाइल ऐप्स पर भी इसका बैनर मैसेज प्रदर्शित किया जाए।

' सुधा डेयरी उत्पाद एवं बूथ : बिहार के घर-घर तक पहुँचने वाले सुधा दूध और अन्य उत्पादों की पैकेजिंग पर तथा सुधा पार्लर बूथों पर 1930 हेल्पलाइन नंबर का प्रमुखता से प्रदर्शन किया जाए।

' नगर निगम के डिजिटल डिस्प्ले : शहरों में नगर निगम के डिजिटल होर्डिंग्स, एलइडी स्क्रीन और अत्यधिक भीड़-भाड़


बिहार के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक ने जिलाधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ की उच्च स्तरीय बैठक।

वाले सार्वजनिक स्थलों पर साइबर जागरूकता संदेश और 1930 नंबर प्रदर्शित किया जाए।

' साप्ताहिक जागरूकता अभियान : स्कूलों, कलेजों और शैक्षणिक संस्थानों में साइबर मंगलवार जैसे जागरूकता कार्यक्रमों को लगातार जारी रखा जाए।

बैठक के दौरान राज्य में साइबर अपराध नियंत्रण की स्थिति, तकनीकी पोर्टल्स के उपयोग और ग्राउंड एक्शन की विस्तृत जानकारी एक प्रस्तुतिकरण के माध्यम से सभी जिलाधिकारियों, वरीय पुलिस अधीक्षकों और पुलिस अधीक्षकों को दी गई ।

ऑपरेशन साइबर प्रहार : राज्य में संगठित साइबर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 6,251 म्यूल बैंक खातों का सत्यापन किया गया, 702 लोगों पर कानूनी कार्रवाई की गई और 507 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

राष्ट्रीय साइबर हॉटस्पाट : देश के शीर्ष साइबर हॉटस्पाट जिलों में बिहार के नवादा (रैंक 2), नालंदा (रैंक 4), पटना (रैंक 7) और शेखपुरा (रैंक 15) शामिल हैं। इसके अलावा पटना एटीएम और चेक से पैसे निकासी के मामले में देश के शीर्ष स्थानों में है। पुलिस अधिकारियों को इन हॉटस्पॉट क्षेत्रों में कड़ी निगरानी और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

धन वापसी एवं शिकायत निवारण : बिहार में साइबर पीड़ितों को पैसे वापस दिलाने के लिए 16,593 मामले तैयार हैं, जिनमें से 5,642 मामलों पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई कर 224.53 लाख रुपये की बहाली के आदेश जारी किए जा चुके हैं।

बैंकों द्वारा अनुचित फ्रीजिंग से जुड़ी शिकायतों में बिहार ने 98 प्रतिशत से अधिक का निष्पादन कर बेहतर प्रदर्शन किया है।

समन्वय पोर्टल एवं सहयोग पोर्टल : ' समन्वय :अन्य राज्यों से प्राप्त अंतर-राज्यीय जांच अनुरोधों का बिहार पुलिस ने 90.22 प्रतिशत मामलों में सफलतापूर्वक निष्पादन किया है।

सहयोग : गैर-कानूनी और भ्रामक साइबर कंटेंट को हटाने के लिए सहयोग पोर्टल के माध्यम से बिहार से भेजे गए अनुरोधों पर 75. 65 प्रतिशत को सफलतापूर्वक हटवाया गया है।

बिहार पुलिस के 4,221 से अधिक पुलिस अधिकारियों को साइबर अपराध अनुसंधान और साइबर सुरक्षा का विशेष प्रशिक्षण दिया जा चुका है। मुख्य सचिव द्वारा जारी महत्वपूर्ण निर्देश- साइबर अपराध (विशेषकर 1 लाख रुपये से अधिक की धोखाधड़ी) के मामलों में दर्ज करने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए और इसे नियमित थ्प् में तुरंत परिवर्तित किया जाए।

जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे जिला स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठकों के माध्यम से म्यूल खातों को फ्रीज करने और धोखाधड़ी की राशि पीड़ितों को लौटाने की प्रक्रिया में तेजी लाएं।

राज्य में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर सिम बेचने वाले एजेंटों और गैंग्स के खिलाफ विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया।

# संत रविदास की वाणी सामाजिक समरसता, समानता और मानवता का अमर संदेश देता है : डा. प्रेम कुमार

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार ने संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती के अवसर पर बिहारवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।

उन्होंने कहा कि संत रविदास जी भारतीय संत परंपरा के ऐसे महान प्रकाश-पुंज हैं, जिन्होंने अपनी वाणी और आचरण से समाज को समानता, सामाजिक न्याय, प्रेम, करुणा, श्रम की गरिमा और मानव-मानव की एकता का संदेश दिया। संत रविदास जी का जीवन इस बात का प्रमाण है कि महानता जन्म या सामाजिक स्थिति से नहीं, बल्कि विचारों की पवित्रता, कर्म की श्रेष्ठता और मानवता की सेवा से प्राप्त होती है। उन्होंने अपनी सरल और सहज संतवाणी के माध्यम से समाज में व्याप्त भेदभाव और ऊँच-नीच की भावना को दूर करने का आह्वान किया। संत रविदास जी की प्रसिद्ध वाणी मन चंगा तो कठौती में गंगा।

आंतरिक शुचिता और निर्मल मन के महत्व को रेखांकित करती है। उन्होंने संत रविदास जी के प्रसिद्ध पद-


बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार ने संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती के अवसर पर बिहारवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।

ऐसा चाहूँ राज मैं, जहाँ मिलै सबन को अन्न।
छोट-बड़ो सब सम बसै, रविदास रहै प्रसन्न

का उल्लेख करते हुए कहा कि संत रविदास जी का आदर्श समाज वह है, जहाँ किसी के साथ भेदभाव न हो, प्रत्येक व्यक्ति को सम्मान मिले और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुख, सम्मान एवं अवसर पहुँचे। उनका यह विचार आज भी समतामूलक और न्यायपूर्ण समाज के निर्माण की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी की भक्ति में लोकमंगल की भावना थी। उनकी वाणी में आध्यात्मिक चेतना के साथ-साथ सामाजिक परिवर्तन की शक्ति भी थी। उन्होंने लोगों को यह समझाया कि ईश्वर की भक्ति का वास्तविक अर्थ मानवता से प्रेम करना और अपने कर्म को ईमानदारी से करना है।

डा. प्रेम कुमार ने कहा कि संत रविदास जी का प्रसिद्ध आदर्श-

बेगमपुरा शहर को नाऊँ
दूख अन्दोह नहीं तिहि ठाऊँ

एक ऐसे समाज की कल्पना प्रस्तुत करता है, जहाँ भय, दुःख, अन्याय और भेदभाव का स्थान न हो। यह कल्पना आज भी सामाजिक न्याय, समान अवसर और गरिमापूर्ण जीवन के लिए हमारा मार्गदर्शन करती है।

उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता के मूल आदर्शों को मजबूत करने में संत परंपरा के विचारों की महत्वपूर्ण भूमिका है। संत रविदास जी ने सदियों पहले जिस समानता और मानवीय गरिमा की बात कही, वह आज भी हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए प्रेरणास्रोत है।

# सभी वार्डों में डोर-टू-डोर सेवा बहाल, शुक्रवार तक लगभग 9800 टन कचरे का हुआ उठाव

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पटना नगर निगम में सफाई कर्मियों की हड़ताल के दौरान एकत्रित कचरे के त्वरित निष्पादन, सभी गली-मोहल्लों में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण सेवा की बहाली तथा शहर की सफाई व्यवस्था को शीघ्र सामान्य करने के उद्देश्य से विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

नगर निगम के सभी वार्डों में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण सेवा पुनः प्रारंभ कर दी गई है। कचरा संग्रहण वाहनों द्वारा सामान्य दिनों की तुलना में अधिक ट्रिप लगाकर तेजी से कचरा उठाव किया जा रहा है, ताकि सभी क्षेत्रों में जल्द से जल्द नियमित सफाई व्यवस्था बहाल हो सके।

पटना नगर निगम क्षेत्र से लगभग 9800 टन कचरे का उठाव किया जा चुका है। कचरा उठाव के साथ-साथ सभी कूड़ा प्वाइंट्स पर एंटी-लार्वा दवा का छिड़काव किया जा रहा है तथा सफाई के उपरांत चूना एवं ब्लीचिंग पाउडर का भी छिड़काव कराया जा रहा है।

नूतन राजधानी अंचल में बंदर बगीचा, चिरैयाटांड़ पुल के नीचे तथा डाकबंग्ला क्षेत्र में एकत्रित कचरे का उठाव कराया गया। अभियान के दौरान लगभग 3600 टन कचरे का निष्पादन किया गया।

पाटलिपुत्र अंचल में अशोक राजपथ, गांधी मैदान एवं कुर्जी क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाकर लगभग 1800 टन कचरे का उठाव किया गया।

अजीमाबाद अंचल में अशोक राजपथ, निशका कलोनी, नूरानी बाग पार्क रोड, चांद कलोनी, शेरशाह पथ, भद्र घाट रोड, दुर्गा चरण लेन, बड़ी पटन देवी रोड, पंचवटी कलोनी, बेलवरगंज, नवाब बहादुर रोड, कागजी बेगम कलोनी, गुलजारबाग स्टेशन रोड तथा बिजली कार्यालय के समीप विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान लगभग 1100 टन कचरे का उठाव किया गया।

कंकड़बाग अंचल में ओल्ड बाइपास रोड, शालीमार स्वीट्स, मेदांता, बस स्टैंड रोड, 90 फीट रोड, हनुमान नगर, काली मंदिर रोड, विजय नगर, कांटी फैक्ट्री रोड, भूतनाथ रोड एवं गांधी नगर रोड पर विशेष सफाई अभियान चलाकर लगभग 3000 टन कचरे का उठाव किया गया।

बांकीपुर अंचल में अशोक राजपथ, बारी पथ, ठाकुरबाड़ी रोड, चूड़ी मार्केट, नाला रोड, महुआ टोली रोड, गोविंद मित्रा रोड, लोहानीपुर मेन रोड, मैला टंकी रोड, आर्य कुमार रोड, खजांची रोड एवं बाजार समिति रोड से कचरा हटाया गया। घरों, प्रतिष्ठानों एवं सड़क किनारे से लगभग 332 टन कचरे का उठाव किया गया।

पटना सिटी अंचल में अशोक राजपथ, बटाऊंकुआं, चौक शिकारपुर, आरा मिल, गुरु गोविंद सिंह लिंक पथ, पटना साहिब स्टेशन एवं मोर्चा रोड सहित विभिन्न स्थानों पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान लगभग 50 टन कचरे का उठाव किया गया।

पटना नगर निगम आम नागरिकों से अपील करता है कि शहर की स्वच्छता बनाए रखने में अपना सहयोग दें। पया कचरा सड़क, खुले प्लट, नालों अथवा सार्वजनिक स्थलों पर न फेंके तथा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहनों को ही अपना कचरा उपलब्ध कराएं। नागरिकों के सहयोग से ही शहर की सफाई व्यवस्था को शीघ्र पूर्णतः सामान्य बनाया जा सकेगा।

### उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने निवेशकों को दिया बिहार में निवेश का आमंत्रण, उद्योग सचिव कुंदन कुमार ने गिनाई नीतियां और औद्योगिक सुविधाएं

**नई दिल्ली/ पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राजधानी के भारत मंडपम में आयोजित 10वें इंडिया इंटरनेशनल फुटवियर फेयर 2026 में बिहार ने खुद को देश के उभरते हुए फुटवियर विनिर्माण केंद्र के रूप में मजबूती से प्रस्तुत किया। राज्य सत्र के दौरान बिहार की औद्योगिक नीतियों, निवेश-अनुकूल वातावरण, भूमि उपलब्धता, बेहतर कनेक्टिविटी, लजिस्टिक्स और तेजी से विकसित हो रहे औद्योगिक बुनियादी ढांचे को देश-विदेश के निवेशकों के सामने रखा गया। कार्यक्रम के दौरान बिहार सरकार और दो प्रमुख निवेशकों के बीच कुल 125 करोड़ के निवेश प्रस्तावों के लिए समझौता ज्ञापन भी हुए। इन परियोजनाओं से लगभग 1,800 प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। कार्यक्रम की शुरुआत बिहार राज्य मंडप के उद्घाटन और प्रदर्शनी भ्रमण से हुई। बिहार सरकार की उद्योग एवं खेल मंत्री सुश्री श्रेयसी सिंह ने निवेशकों को बिहार में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि राज्य सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत सुधारों के साथ बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि बिहार में श्रमशक्ति, संसाधन, बेहतर कनेक्टिविटी और निवेश के अनुकूल वातावरण उपलब्ध है, जो फुटवियर एवं लेदर उद्योग के लिए राज्य को एक मजबूत विकल्प बनाता है। उन्होंने निवेशकों से बिहार की औद्योगिक विकास यात्रा का हिस्सा बनने का आह्वान किया।

# बिहार टॉक अंतरराष्ट्रीय युवा सम्मान समारोह में 25 से अधिक हस्तियां सम्मानित

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** इवेंटजिक मीडिया ग्रुप की ओर से होटल मौर्य में बिहार टॉक सीजन-6 अंतरराष्ट्रीय युवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 25 से अधिक लोगों को सम्मानित किया गया।

समारोह का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलन द्वारा कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव, मुख्य अतिथि के रूप में पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री संजय कुमार सिंह, अति विशिष्ट के रूप में बिहार के पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, जनता दल (यू) के राष्ट्रीय महासचिव मनीष वर्मा, परबत्ता के विधायक बाबूलाल शौर्य, बिहार विधानसभा के मुख्य सचेतक संजीव चौरसिया, इवेंटजिक मीडिया ग्रुप के प्रबंध निदेशक चंदन राज, जदयू के महासचिव रंजीत झा, समाजसेवी किशोर तथा डा. कुमार राजेश रंजन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि बिहार की धरती महापुरुषों की भूमि रही है और यहां के युवा बेहद प्रतिभाशाली हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से बिहार की प्रतिभाओं को उचित मंच और सम्मान मिलता है।

पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि बिहार सरकार रोजगार सृजन और पर्यटन विकास के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार के बढ़ते अवसरों से युवाओं को नई दिशा मिल रही है।


इवेंटजिक मीडिया ग्रुप की ओर से होटल मौर्य में बिहार टॉक सीजन-6 अंतरराष्ट्रीय युवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री संजय कुमार सिंह ने बिहार टॉक को युवाओं की प्रतिभा को सम्मानित करने और उन्हें प्रेरित करने का सशक्त मंच बताते हुए सम्मानित सभी प्रतिभाओं को शुभकामनाएं दीं। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने युवाओं से मेहनत, ईमानदारी और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा अपनी शिक्षा पूरी कर समाज, राज्य और देश की सेवा करें।

जदयू के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व आईएएस अधिकारी मनीष वर्मा ने अपने प्रशासनिक अनुभव साझा करते हुए कहा कि देश के युवाओं में अपार रचनात्मक क्षमता है, जिसे सही दिशा देने की आवश्यकता है। मुख्य सचेतक संजीव चौरसिया और विधायक बाबूलाल शौर्य ने भी युवाओं को समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के आयोजक एवं इवेंटजिक मीडिया ग्रुप के प्रबंध निदेशक चंदन राज ने कहा कि समारोह का उद्देश्य बिहार और राज्य से बाहर रहकर विभिन्न क्षेत्रों में उत्प्ट कार्य करने वाले बिहार के लोगों को सम्मानित करना है।

इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए डा. कुमार राजेश रंजन (स्पीकर), डा. अमृता सिन्हा (बेस्ट मेडिकल एडमिनिस्ट्रेटर), डा. विनीत कुमार (बेस्ट कार्डियक सर्जन), डा. मंजरी (बेस्ट गायनेकोलजिस्ट), स्मृति रावत (बेस्ट एकेडमी डायरेक्टर), डा. रमाकांत (बेस्ट अर्थोपेडिक सर्जन), दीपक कुमार शर्मा (बेस्ट पैकर्स एंड मूवर्स ब्रांड), हरिभाई (बेस्ट तिलकुट ब्रांड), अंकित राज (बेस्ट फर्नीचर ब्रांड), अभिनव दास (बेस्ट टेक एंटरप्रेन्योर), मनोज कुमार (बेस्ट फोटो जर्नलिस्ट), डा. वंदना मिश्रा (बेस्ट आईवीएफ डाक्टर), मोहम्मद मुस्तकुईन एवं आर्किटेक्ट तनवीर (बेस्ट आर्किटेक्ट), शंभू घोष (बेस्ट कैटरर), विशाल जायसवाल (बेस्ट एंटरप्रेन्योर), ड़ लवकेश किशोर (बेस्ट होम्योपैथिक डक्टर), निकिता सिंह, अभिनव भगत, अश्विनी चौबे, विजय कुमार, ऋषि खंडेलवाल, राकेश झा, प्रेम कुमार (बेस्ट पत्रकार, पटना), राकेश शांडिल, राहुल चंद्रवंशी, अनुराग चौबे, विनय कुमार, शिवम कुमार और विकास कुमार सहित अनेक प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

## खबरें खास-खास

### सांसद वीणा देवी ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से की मुलाकात , पटना -बेतिया राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को कराया अवगत

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार के वैशाली सांसद वीणा देवी ने भारत सरकार के केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की एवं भव्य स्वागत करने के उपरांत एक ज्ञापन सौंपी। वैशाली सांसद वीणा देवी ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से पटना-बेतिया राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित महत्वपूर्ण जनहित के विषयों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की साथ ही वैशाली लोकसभा संसदीय क्षेत्र की सड़क एवं परिवहन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत रूप से सार्थक चर्चा की एवं जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को अवगत कराया। वही, वैशाली सांसद वीणा देवी ने बताया कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सौंपे गए लिखित ज्ञापन में उल्लेखित वर्णित बातों पर जल्द-जल्द से निराकरण करवाने की बात कहे है। वैशाली सांसद वीणा देवी ने बताया कि वैशाली लोकसभा संसदीय क्षेत्र की जनता की जटिलताएं वाले जनसमस्याओं व जनउपयोगी मामलों की निराकरण करवाने हेतु सम्बंधित विभागों के केंद्रीय मंत्रियों व विभागीय अधिकारियों को अवगत लगातार


वैशाली सांसद वीणा देवी ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से की मुलाकात।

कराती रहती हैं जिससे वैशाली संसदीय क्षेत्र के जनता के समस्याओं की त्वरित निराकरण हो सके। इधर, वैशाली सांसद वीणा देवी के इस कार्य की बेहद सराहना मुजफ्फरपुर के विधान पार्षद दिनेश प्रसाद सिंह, गायघाट विधायक कोमल सिंह, मुजफ्फरपुर के युवा उधोगपति शुभम सिंह, वैशाली सांसद वीणा देवी के पीए भूषण सिंह ने किया है।

### पटना स्थित पर्यटन विभाग में सिमरिया घाट से पहुँचे विख्यात पूज्य श्री जगत नारायण दास बाबा ने पर्यटन मंत्री केदार गुप्ता को दिया आशीर्वाद

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पटना स्थित पर्यटन विभाग में सिमरिया घाट से पहुँचे पगला बाबा के नाम से विख्यात पूज्य श्री जगत नारायण दास बाबा ने कुढ़नी विधायक सह राज्य के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता को ेहिल आशीर्वाद दिया। इस पावन अवसर पर पूज्य श्री जगत नारायण दास बाबा ने पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता को अंगवस्त्र ओढ़ाकर तथा नेपाल स्थित श्री


पटना स्थित पर्यटन विभाग में सिमरिया घाट से पहुँचे विख्यात पूज्य श्री जगत नारायण दास बाबा ने पर्यटन मंत्री केदार गुप्ता को दिया आशीर्वाद।

पशुपतिनाथ धाम से लाए गए पवित्र रुद्राक्ष की माला पहनाकर अपना आशीर्वाद प्रदान किया। मंत्री श्री गुप्ता ने कहा कि पूज्य बाबा जी के सान्निध्य और आशीर्वचनों से मन आध्यात्मिक ऊर्जा, आत्मिक शांति एवं नई प्रेरणा से भर गया। उन्होंने कहा कि भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना है कि बाबा जी का स्नेह एवं आशीर्वाद सदैव हम सभी पर बना रहे तथा हमें समाज सेवा और जनकल्याण के पथ पर निरंतर अग्रसर होने की शक्ति प्रदान करें।

### मुकेश श्रीवास्तव हत्याकांड के विरोध में चित्रांश समाज का कैंडल मार्च, शीघ्र गिरफ्तारी की उठी मांग



सिवान जिले के आंदर थाना क्षेत्र के खड़िया गांव निवासी मुकेश श्रीवास्तव की हत्या के विरोध में चित्रांश समाज के युवाओं ने शनिवार को गांधी मैदान स्थित कारगिल चौक पर कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की।

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** सिवान जिले के आंदर थाना क्षेत्र के खड़िया गांव निवासी मुकेश श्रीवास्तव की हत्या के विरोध में चित्रांश समाज के युवाओं ने शनिवार को गांधी मैदान स्थित कारगिल चौक पर कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की। कैंडल मार्च का नेतृत्व चित्रांश समाज के नेता सीतेश रमण ने किया। सीतेश रमण ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से समाज को उम्मीद है कि जल्दी ही आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई होगी। इस दौरान उपस्थित लोगों ने हत्या की घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि यदि मुख्य आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो समाज का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिलकर ज्ञापन सौंपेगा।

सीतेश रमण ने कहा कि मुकेश श्रीवास्तव की निर्मम हत्या से हर तबके के लोग दुखी हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस ने छापेमारी के दौरान आरोपितों के घर से सात लाख रुपये नकद, दो नोट गिनने वाली मशीन, शराब एवं गांजा बरामद किया, लेकिन मुख्य अभियुक्त अब भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। उन्होंने कहा कि इससे पुलिस की कार्रवाई पर सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने कहा कि इस घटना से चित्रांश (कायस्थ) समाज में भारी आक्रोश है और युवाओं में न्याय की मांग को लेकर रोष व्याप्त है। सरकार और पुलिस प्रशासन का दायित्व है कि दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए। सीतेश रमण ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मामले का संज्ञान लेने, पीड़ित परिवार को समुचित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने तथा मृतक की पत्नी और बच्चे के भरण-पोषण एवं भविष्य की सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्था करने की मांग की। कैंडल मार्च में बड़ी संख्या में चित्रांश समाज के युवा एवं गणमान्य लोग शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में मुकेश श्रीवास्तव को न्याय दिलाने और अपराधियों के विरुद्ध त्वरित एवं कठोर कार्रवाई की मांग की।

### भारत छोड़ो आंदोलन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का एक निर्णायक अध्याय था : डा. प्रेम कुमार

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार ने भारत छोड़ो आंदोलन के शहीदों को नमन करते हुए कहा कि यह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का एक निर्णायक अध्याय था, जिसकी शुरुआत 8 अगस्त 1942 को महात्मा गांधी ने करो या मरो के नारे के साथ मुंबई के ग्वालिया टैंक मैदान में की थी। इसे अगस्त क्रांति भी कहा जाता है। इस दौरान पूरे देश में अंग्रेजों के खिलाफ अभूतपूर्व प्रदर्शन हुए थे और सही मायनों में स्वतंत्रता की निर्णायक नींव रखी गयी। इस जन-आंदोलन ने औपनिवेशिक शासन की वैधता को गंभीर रूप से चुनौती दी और यह स्पष्ट हो गया कि अब भारत पर अंग्रेजों का शासन स्थायी नहीं रह सकता। ध्यातव्य है कि महात्मा गांधी और जवाहरलाल नेहरू के जेल में होने की अवधि में अरुणा आसफ अली, राम मनोहर लोहिया, जयप्रकाश नारायण जैसे नेताओं ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई और भारत में वैकल्पिक नेतृत्व का अविस्मरणीय अध्याय जुड़ा।


डा. प्रेम कुमार ।